e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 101
शनिवार
13.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
डर दो पल का होता है, निडरता आपके साथ जीवन भर रहती है।

## पांचवा स्वरूप- स्कंदमाता



माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय जी को स्कंद के नाम से भी जाना जाता है। इस कारण मां पार्वती को स्कंद माता भी कहते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे चुनाव : पीएम मोदी

## * जम्मू-कश्मीर को मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

एजेंसी

**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रैली को संबोधित करते हुए दो बड़े ऐलान किए हैं. पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा और जल्द ही यहां विधानसभा चुनाव होंगे. प्रधानमंत्री का यह ऐलान इसलिए भी बेहद अहम है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी सहित तमाम राजनीतिक पार्टियां आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने की मांग कर रही हैं.पीएम मोदी ने आगे कहा,कांग्रेस और इंडी गठबंधन को देश के ज्यादातर लोगों की कोई परवाह नहीं है. इन्हें लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने में मजा आता है. ये लोग सावन में एक सजायाफ्ता मुजरिम के घर जाकर मटन बना रहे हैं. इतना ही नहीं उसका वीडियो बनाकर देश के लोगों को चिढ़ाने का काम करते हैं. कानून किसी को भी कुछ भी खाने से नहीं रोकता है. सभी को स्वतंत्रता है कि वो वेज खाए या नॉन वेज खाए. लेकिन इन लोगों की मंशा दूसरी होती है. ये लोग सावन के महीने में वीडियो दिखाकर, मुगल मानसिकता के द्वारा लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं और अपना वोटबैंक पक्का करना चाहते हैं.पीएम ने कहा, यह पहला चुनाव है, जब सीमा पार से आतंक, पत्थरबाजी, हमले चुनावी मुद्दे नहीं हैं. यह चुनाव सिर्फ सांसदों को चुनने के लिए नहीं है. यह चुनाव केंद्र में एक मजबूत सरकार बनाने के लिए है. प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को आयुष्मान चिकित्सा बीमा कवर मिल रहा है. दूर-दराज के इलाकों में सड़कें बनी हैं. दूर-दराज के इलाकों तक मोबाइल कनेक्टिविटी पहुंचाई गई है. मोदी की गारंटी का मतलब है पूरी करने की गारंटी.



### भारत को शक्तिहीन करना चाहता है इंडिया गठबंधन

राजस्थान के बाड़मेर में जन सभा के दौरान पीएम मोदी ने दावा किया कि भारत जैसा देश जिसके दोनों ओर पड़ोसियों के पास परमाणु हथियार हों, क्या उस देश में परमाणु हथियार समाप्त करना सही है? इंडी अलायंस इसे समाप्त करना चाहता है. स्पीच के दौरान उन्होंने रैली में आए लोगों से भी यह भी पूछा, क्या परमाणु हथियार खत्म होने चाहिए? मझे जवाब चाहिए. नरेंद्र मोदी के यह कहते ही लोगों ने नहीं में जवाब दिया. पीएम ने आगे कहा,मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आपके साथी किसके इशारे पर काम कर रहे हैं? यह कैसा गठबंधन है, जो भारत को शक्तिहीन करना चाहता है?

### पीएम मोदी 16 को पूर्णिया में करेंगे चुनावी सभा

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को बिहार आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दरभंगा विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की चुनावी रैली पूर्णिया में अभूतपूर्व होगी और इस रैली में दो लाख से ज्यादा लोग मौजूद होंगे। राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में पूर्णिया आए थे और एक बार फिर प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को पूर्णिया आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगा जबकि पूर्णिया लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार 4 लाख पार करेगा।

### झारखंड पार्टी ने तीन लोस सीट पर उम्मीदवारों का किया ऐलान

**रांची :** झारखंड पार्टी (एनोस एक्का गुट) प्रदेश में छह लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी, जिसमें से तीन लोकसभा सीट के लिए पार्टी ने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। चाईबासा से चित्रसेन सिंकू, चतरा से दर्शन गंजू और हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा पार्टी के उम्मीदवार होंगे। यह घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद शुक्रवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में दी।अशोक कुमार भगत ने कहा कि पार्टी खूंटी, लोहरदगा और राजमहल से चुनाव लड़ेगी। खूंटी लोकसभा के लिए सभी संभावित उम्मीदवारों पर मंथन चल रहा है। लोहरदगा और राजमहल से पार्टी अभी इंतजार करेगी। राजमहल से पार्टी लोबिन हेम्ब्रम और लोहरदगा से चमरा लिंडा को समर्थन दे सकती है, यदि ये दोनों चुनाव लड़ते हैं तब, क्योंकि इन दोनों नेताओं की विचारधारा और लड़ाई झारखंड पार्टी से मेल खाती है।भगत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जुमलेबाजी में माहिर है। इन लोगों ने देश को बर्बाद करके रख दिया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। साथ ही प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार ने झारखंड को चार साल में सिर्फ लूटने का काम किया है।सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार चित्रसेन सिंकू ने कहा कि वह पहले भी सिंहभूम के सांसद रह चुके हैं. इसलिए उन्हें उम्मीद है कि इस बार सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें अपना महत्वपूर्ण मत देकर जीत दिलाएगी.

# रूठे नेताओं को मनाने के लिए कांग्रेस ने बनाया प्लान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेसी नेताओं के पार्टी छोड़ने के सिलसिले को देखते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस अब अहम कदम उठाने जा रही है। पार्टी ने नाराज नेताओं को मनाने के लिए संवाद और संपर्क समिति का गठन किया है। यह समिति प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर रूठे नेताओं को मनाएगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इनके घर पहुंचकर इनसे चर्चा भी करेंगे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट भी दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। पायलट भी समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनसे फीडबैक ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। अब डैमेज कंट्रोल के लिए चार दिन पहले आठ अप्रैल को समिति का गठन किया गया है, ताकि नेताओं से बातचीत कर उन्हें पार्टी में रोककर रखा जा सके। समिति में दो पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, छह पूर्व मंत्री, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष समेत पार्टी के सीनियर नेताओं को शामिल किया गया है। पार्टी ने समिति के सदस्यों को लोकसभा वार जिम्मेदारी सौंपी है। सभी जिम्मेदार नेताओं को अपने क्षेत्र में तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं।समिति में शामिल एक सदस्य ने बताया कि कमेटी के गठन होने के दूसरे दिन ही सभी नेताओं की एक बैठक हुई। इसमें आगामी रणनीति तैयार की गई। समिति प्रदेश भर में संवाद और संपर्क का काम करेगी। इस समिति के माध्यम से पार्टी के नाराज नेताओं से संपर्क कर पार्टी और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाने का काम करेगी।

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। अब डैमेज कंट्रोल के लिए चार दिन पहले आठ अप्रैल को समिति का गठन किया गया है, ताकि नेताओं से बातचीत कर उन्हें पार्टी में रोककर रखा जा सके।**

## क्विक न्यूज

### गुमला में टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार, 4 बंदूक बरामद

**गुमला :** गुमला पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गुरदरी थाना के चोरकाखांड़ निवासी केश्वर लोहरा (36 ), गुमला थाना के सुगीटोली निवासी हीरा उरांव (36 ), घाघरा थाना के डुको निवासी नैका उरांव उर्फ छोटू (24) और लखीराम उरांव (35 ) शामिल है। इन उग्रवादियों के पास से पुलिस ने से 315 बोर की चार राइफल, आठ एमएम का 86 गोली, दो मैगजीन, दो पिट्ठू और तीन मोबाइल बरामद की है।

### कार दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौके पर मौत

**कुल्लू :** कुल्लू के पुलिस थाना आनी के अंतर्गत राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला में एक मारुति आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक (40) पुत्र धर्मचन्द और सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम निवासी बिशल डाकघर डिगेढ, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम और संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल, निवासी खनेरी डाकघर डिगेढ के रूप में हुई है। वहीं सूचना मिलते ही आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है और मौके की ओर रवाना हो गए हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

### बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए को मिली सफलता, दोनों मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरुः** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसी एनआईए को बड़ी सफलता मिली है। एनआईए सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ब्लास्ट केस के दो आरोपियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया गया है। एनआईए ने इन दोनों आरोपियों पर 10-10 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। एनआईए ने इस मामले में भगोड़े अदबुल मथीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजेब को कोलकाता के पास से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने खुफिया जानकारी के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के मुताबिक मुसाविर हुसैन शाजिब वह शख्स है जिसने कैफे में आईईडी रखा था। अब्दुल मथीन ताहा विस्फोट की योजना बनाने, उसे अंजाम देने और उसके बाद कानून के चंगुल से भागने का मास्टरमाइंड है।बताया जाता है कि दोनों आरोपी अपनी झूठी पहचान के आधार पर कोलकाता के पास छिपे हुए हुए थे। एनआईए ने खुफिया जानकारी के आधार पर दोनों के ठिकानों का पता लगाया और पकड़ लिया।

### ईरान और इजराइल की यात्रा न करें भारतीय, विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्लीः** भारत सरकार ने ईरान और इजराइल को लेकर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करें. इसके साथ-साथ जो लोग इजराइल या ईरान में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन कराएं. अपनी सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सावधानी बरतें और कोशिश करें अपनी गतिविधियों को सीमित रखें. दरअसल, दशकों से एक दूसरे के धूर विरोधी रहे ईरान और इजराइल आमने-सामने हैं. दूतावास पर हमले के बाद ईरान पूरी तरह से जंग के लिए तैयार है. ईरान इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार मान रहा है, जबकि इजराइल इससे इनकार कर रहा है.

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# मार्च में महंगाई 10 महीने में सबसे कम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत मिली है. साथ ही सरकार की कोशिशें भी रंग लाई हैं. मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने में सबसे कम रही है. खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट दर्ज की गई है. दरअसल, नेशनल स्टैटिकल ऑफिस की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 4.85 फीसदी पर आ गई. इससे पहले फरवरी में खुदरा महंगाई दर 5.09 फीसदी थी.

मार्च में खाद्य महंगाई दर 8.66 फीसदी से घटकर 8.52 फीसदी पर पहुंच गई है. इसके अलावा सब्जी और दाल के दामों में भी गिरावट आई है. पिछले महीने जूते-चप्पलों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई. ताजा आंकड़ों के अनुसार मार्च में शहरी महंगाई दर 4.78 फीसदी से घटकर 4.14 फीसदी रह गई. हालांकि, इस दौरान ग्रामीण महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. ग्रामीण महंगाई फरवरी के 5.34 फीसदी बढ़कर मार्च में 5.45 फीसदी हो गई. मार्च के महीने में सब्जी की महंगाई दर 28.34 फीसदी हो गई है, जो फरवरी के महीने में 30.25 फीसदी थी. इसके अलावा दाल की महंगाई दर 18.90 फीसदी से घटकर 17.1 फीसदी हो गई. बता दें,कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित महंगाई को काबू में करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं. फिलहाल खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टारगेट के दायरे में है. भारतीय रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई दर को 4 फीसदी पर रखने के लिए निर्धारित किया है. इसमें 2 फीसदी ऊपर-नीचे का दायरा भी रखा है. यानी खुदरा महंगाई दर को 2 से 6 फीसदी के बीच रखने की कोशिश रहेगी.

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी भू-माफिया केस के ट्रायल की स्थिति

**मामले में चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से भू-माफिया पर की जा रही कार्रवाई के संबंध में पूछा।**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ गैंग रेप एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से भू-माफिया पर की जा रही कार्रवाई के संबंध में पूछा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने कोर्ट को बताया कि राजधानी रांची में वर्ष 2021 से 2023 तक के बीच 273 भूमाफिया को चिह्नित किया गया है। इनमें से 214 भूमाफिया के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी गई है। 50 भू-माफिया को पुलिस ने 41ए का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा कि वैसे भूमाफिया, जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस है, उनमें से कितने को अदालत से जमानत मिली है और कितने को मिली जमानत को अदालतों में चुनौती दी गई है। चार्जशीटेड 214 भू-माफिया के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने यह भी सरकार से पूछा कि वर्ष 2023 में भूमाफिया के केस की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई एसआईटी ने अब तक क्या-क्या एक्शन लिया है? इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि एसआईटी ने 59 भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर सीसीए लगाया है और 27 को सर्विलांस में डाला गया है।

# लोकसभा चुनाव : बिहार में महागठबंधन की सोशल इंजीनियरिंग से ब्राह्मण आउट, कुशवाहा पर फोकस



एजेंसी

**पटना :** लोकसभा चुनाव-2024 में महागठबंधन के दलों ने बिहार में ब्राह्मणों को टिकट नहीं दिया है। वहीं बाबू साहेब की भी सीटों की संख्या चार से एक कर दी है। राजद ने सबसे ज्यादा फोकस कुशवाहा पर किया है। बिहार के 40 सीटों में से महागठबंधन ने छह कुशवाहा उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि अपने आधार वोट बैंक (यादव) समाज से आठ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।राजद और महागठबंधन ने इस चुनाव में सबसे बड़ा झटका राजपूत जाति के उम्मीदवारों को भी दिया है। महागठबंधन ने सिर्फ एक राजपूत उम्मीदवार को खड़ा किया है। बक्सर सीट से राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे सुधाकर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा राजपूत जाति का अन्य कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है। वैसे कांग्रेस के छह उम्मीदवारों के नाम अभी सामने नहीं आये हैं लेकिन उनमें किसी राजपूत उम्मीदवार को जगह मिलने की संभावना नहीं के बराबर है। महागठबंधन ने सवर्ण जाति में सबसे ज्यादा अहमियत भूमिहारों को दी गई है। जहां वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भूमिहारों को एक सीट दी गई थी, वहीं 2024 में वैशाली से मुन्ना शुक्ला (राजद) और भागलपुर से अजीत शर्मा (कांग्रेस) के उम्मीदवार बनाया गए हैं। जबकि महाराजगंज लोकसभा सीट से भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश सिंह वहां से चुनाव लड़ सकते हैं।वर्ष 2019 से 2024 के लोकसभा चुनाव की तुलना करने पर आंकड़ा ये बताता है कि महागठबंधन में राजपूतों को क्वार्टर कर दिया गया है।

# लोस चुनाव : 21 राज्यों में 127 सामान्य पर्यवेक्षक तैनात



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होने वाला है। 21 राज्यों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। इसके लिए 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। सभी नामांकन के आखिरी दिन यानी की 26 मार्च को अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रिपोर्ट कर चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह सांधु ने सभी पर्यवेक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए गर्मी से निपटने के लिए सभी प्रकार की योजनाओं की व्यवस्था हो। मतदान के दौरान बलों का कम प्रयोग हो और कानून व्यवस्था का पालन किया जाए। लोकसभा चुनाव 2024 में कश्मीरी प्रवासियों को मतदान की सुविधा प्रदान करते हुए चुनाव आयोग ने जम्मू और उधमपुर में रहने वाले घाट के विस्थापिट लोगों के लिए फॉर्म-एम भरने की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा, जम्मू और उधमपुर के बाहर रहने वाले प्रवासियों (जो फॉर्म एम जमा करना जारी रखेंगे) के लिए, चुनाव आयोग ने फॉर्म-एम के साथ शामिल करने वाले प्रमाणपत्र के स्व-सत्यापन को मान्यता दे दी है। इस कदम से इस प्रमाणपत्र को राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराने की परेशानी दूर हो गई है।

# डीआईजी ने झारखंड-यूपी बॉर्डर पर बनाये गए चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को झारखंड-यूपी बॉर्डर पर यहां बिलासपुर में बनाये गये चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी से वाहन जांच को लेकर जानकारी ली तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डीआईजी वाईएस रमेश ने पलामू में योगदान देने के बाद सीमावर्ती चेकपोस्ट का जायजा लेने के लिये बॉर्डर पर पहुंचे थे। उन्होंने एसपी दीपक कुमार पांडेय से भी चेक पोस्ट की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि उतर प्रदेश जाने वाले मार्ग पर दो चेक पोस्ट बनाये गये हैं। एक चेक पोस्ट बिलासपुर तथा दूसरा चेक पोस्ट खरौंधी में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों चेक पोस्ट पर सीसीटीवी से निगरानी भी किया जा रहा है। चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी ने बताया की दूसरे राज्य में प्रवेश करने और आने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है तथा जांच के दौरान वाहन का नंबर रजिस्टर्ड किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद डीआईजी ने पत्रकारों को बताया की आसन लोकसभा चुनाव को लेकर जिला के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी का जायजा लिया गया।इसके बाद बनाये गये चेक पोस्ट की भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा की गढ़वा एवं पलामू जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराना मकसद है, इसको लेकर तैयारी की जा रही है। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

**डीआईजी नें श्री बंशीधर मन्दिर में किया पूजा अर्चना**

पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने बुधवार को श्री बंशीधर मन्दिर में विधिवत पूजा अर्चना की तथा मत्था टेका। उन्होंने पूजा अर्चना के दौरान पलामू में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये श्री बंशीधर जी से प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव व बल्व विकाश पांडे ने डीआईजी एवं एसपी को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर व मंदिर के इतिहास से संबंधित पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

## रंका व चिनियां प्रखंड के 200 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के रंका व चिनियां प्रखंड के 200 से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शुक्रवार को सभी लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने जाति, धर्म एवं हिन्दू, मुसलमान के नाम पर नहीं बल्कि विकास एवं अपने हक, अधिकार के नाम पर वोट करने का संकल्प लिया। साथ ही कहा कि जो हमें आपस में बांटने एवं लड़ने का काम कर रहे हैं वैसी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देंगे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग स्वतः स्फूर्त पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का वचन ले रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, पप्पू यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, परेश तिवारी, राजा सिंह, कुमार गुलाब सिंह, राजाराम सिंह सहित काफी संख्या में खरवार समाज के लोग एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वीडी राम के नामांकन में शामिल होने के लिए किया गया आग्रह



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर चैनपुर के विभिन्न पंचायत में मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय व सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी के तीसरी बार प्रत्याशी बने वीडी राम के प्रति समर्थन मांगा एवं 24 तारीख के नॉमिनेशन में शामिल होने के लिए आग्रह किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास के तहत देश के नारी शक्ति को उत्थान के लिए उनको आगे बढ़ाने के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजना चलाकर सैकड़ो माता एवं बहनों को तथा देश की जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य किए है। उसी प्रकार पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने क्षेत्र की जनता के लिए उनकी समस्याओं के लिए लोकसभा में बोल्डली आवाज को उठाकर समस्याओं का दूर करने का प्रयास किए हैं तथा आजादी के बाद यह पहले सांसद है जो देश एवं विदेशों में भी पलामू एवं गढ़वा का नाम रोशन किए हैं।मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि सांसद बीडी राम ने सदा अपने कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता के लिए निरंतर सक्रिय रहकर कार्य किए हैं। कहा कि आने वालें 13 तारीख को भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को रिकॉर्ड मतों से जीता कर लोकसभा में भेजने का कार्य करेंगे तथा नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता मंडल महिला अध्यक्ष वर्षा चंद्रवंशी महिला मीडिया प्रभारी तनुश्री आनंद राधिका चौधरी मीरा देवी गीत देवी राजन राम रीता देवी सनी कुमार मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल गीता अग्रवाल सोनू चंद्रवंशी पूजा देवी सुमन देवी रवीन्द्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से कार हुआ क्षतिग्रस्त चालक बाल बाल बचा

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की देर शाम मालगाड़ी की चपेट में आने से एक स्विफ्ट डिजायर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वही घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा रोड से आरपीएफ की एक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार लालगढ़ गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार से एक युवक रेलवे ट्रैक पार कर डंडा गढ़वा की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक मालगाड़ी उसी ट्रैक पर से गुजरने लगी। जिसके चपेट मे कार आ गया। हालांकि मालगाड़ी को देखकर चालक युवक कार से नीचे कूद गया। जिससे उसकी जान बच गई। रेल पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को ट्रैक से दूर करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया है। आरपीएफ के एसआई मुन्ना कुमार ने बताया कि कार के मालिक और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उसपर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

## छिपकली के काटने से बुजुर्ग की हालत गंभीर

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत पांडेपुर गांव निवासी इस्लाम अंसारी (60) को छिपकिली ने काट लिया। जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शुक्रवार अहले सुबह की बताई जा रही है.मिली जानकारी के अनुसार इस्लाम अंसारी गाय को खिलाने हेतु अपने घर में रखा भूषा निकल रहे थे। इसी दौरान उन्हें छोकिली ने काट लिया। जिससे वे बेहोश हो कर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हे आनन फानन में विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉ. धीरज कुमार, डॉ मनोज थॉमस, ड्रेसर गौतम कुमार व आदित्य कुमार द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

## केतार प्रखंड में हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ ईद का त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ आपसी भाईचारगी कायम रखते हुए एक दूसरे को गले लगा कर मनाया। इस दौरान हिंदू समुदाय के लोगों ने भी बेलाबार मस्जिद के समीप एकत्रित होकर लोगों को गले लगाया एवं हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद पेश कीया। इससे पुर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक माह तक रोजा रखने के पश्चात ईद की नमाज बेलाबार,नावाडीह व केतार के मस्जिद में अदा कर अपने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की कामना करते हुए दुआंये मांगी। वहीं लोगों ने एक साथ बैठकर शीरनी के रूप में सेवइयां का खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह, मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार लोक हित अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद की खुशी के मौके पर सेवई, लच्छा और स्वादिष्ट व्यंजन खिलाकर लोगो ने खुशी का इजहार किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसआई कन्हैया बैठा, मजिस्ट्रेट कनिय अभियंता राजीव कुमार सहित पुलिस बल तैनात थे। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम जसमुदिन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, समीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, ऐनुल हक कादरी, साबित अंसारी, असलम अंसारी, अयुब अंसारी, रहमान अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, साकिर अंसारी, सलीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रकृति पूजा का प्रतीक है सरहुल : मंत्री मिथिलेश

# मांदर बजाकर थिरके मंत्री, दी सरहुल की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा में सरहुल पर्व विभिन्न क्षेत्रों में काफी धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा के तत्वावधान में नकदरवा, फरठिया आदि गावों में आयोजित सरहुल पर्व महोत्सव में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर मांदर बजाकर आदिवासी समुदाय के साथ खूब थिरके। उन्होंने लोगों को सरहुल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर आदिवासी समुदाय ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक पर्व है। यह पर्व चैत्र महीने की शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है। सरहुल की पूजा आदिवासी समुदाय के धर्मगुरु पाहन करवाते हैं। पाहन विधिपूर्वक आदिदेव सींग बोंगा की पूजा करते है। पूजा के दौरान सुख और समृधि की कामना की जाती है। सरहुल वसंत ऋतु के आगमन का उत्सव भी है। इस पर्व में साल अर्थात सखुआ वृक्ष का खास महत्व होता है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद नई फसल की कटाई शुरू हो जाती है। यह नए साल की शुरुआत की निशानी है। इसमें पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों की पूजा शामिल होती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, फुजैल अहमद, आदिवासी सरना विकास परिषद के महेंद्र उरांव, मुखलाल उरांव, प्रदीप उरांव, कैलाश उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नौड़ीहा बाजार में अद्धी कुडूस सरना समाज ने निकाला भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत करकट्टा के देवानर मे प्रकृति पर्व सरहुल की धूम रही, सखुआ व महुआ की फूल महक उठी और मांदर की थाप पर झूम उठे। कुछ ऐसा ही नजरा नौड़ीहा बाजार की देवनार मे देखने को मिला। वही पर कुडूस सरना समिति नौड़ीहा बाजार के द्वारा सरईडीह बाजार होते हुए नामुदाग, तेलीयाडीह, रबदा, डुमरी होते हुए छतरपुर अनुमंडल पहुंचक 'केंद्रीय सरना समिति मेदिनीनगर सरहुल पर्व मे शामिल होकर सभा तब्दील हो गई। मौक़े पर पूर्व जीप सदस्य प्रत्याशी उपकार रवि, बसपा युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार रंजन, समाज सेवी अजय कुमार, बसपा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, बसपा प्रखंड सचिव डा चितरंजन कुमार यादव, डा कमलेश कुमार, सरना समिति सचिव गणेश सिंह, सीता राम उरांव, निर्मला, गीता, सीता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारी हुई पूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड स्तरीय संविधान निर्माता भारत रत्न बोद्धिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती समारोह कि तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जयंती समारोह मध्य विद्यालय (मिडिल स्कुल) लेस्लीगंज मैदान में होने वाला बाबा साहब कि जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाने के लिए कमिटी पूरी तरह से तैयारी कर ली है। जिसकी जानकारी आयोजक समिति नीलांबर पितांबरपुर अध्यक्ष पंकज कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया है। साथ ही बताया कि यह कार्यक्रम शांति पूर्वक गांव गांव से चलकर झांकी व शोभायात्रा 10 बजे सुबह प्रखंड में पहुंचेगी और गाँधी चौक सभी झांकी व शोभायात्रा एक साथ मिलेगी उसके बाद एक साथ मिडिल स्कुल मैदान में प्रवेश करेगी। और 11 बजे दीपप्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम कि शुरुआत की जाएगी। 11:30 बजे से विचार गोष्ठी और मिशन गायक के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही आग्रह किया है कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को मानने वाले इस कार्यक्रम में जरूर पहुंचे और दूर दूर से आए वक्तागणो कि बातो को सुने। मौके पर सचिव कृष्णा राम कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार उपाध्यक्ष महेश कुमार सदस्य प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

## विजय तारा रिसोर्ट में स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स जोन और जिम का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर में बने विजय तारा होटल रिसोर्ट के पलामू में एक अलग ही उपलब्धि है। विजय तारा रिसोर्ट में स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स जोन, जिम और स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन इलाके के समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि विजय तारा रिसोर्ट ने छतरपुर को एक नई पहचान दी है जिसके पीछे रिसोर्ट के निदेशक रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी का विजन काम कर रहा है, छतरपुर के लोगों को एक स्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए निसंदेह वे बधाई के पात्र हैं, उन्होंने यह भी कहा कि रिसोर्ट में स्पोर्ट्स जोन, जिम और स्विमिंग पूल होने से रिसोर्ट के प्रति लोगों का आकर्षण और बढ़ेगा साथ ही लोग स्वास्थ के प्रति भी जागरूक होंगे। वहीं उद्घाटन समारोह में मौजूद थाना प्रभारी राजेश रंजन ने भी इस सुविधा के लिए विजय तारा प्रबंधन को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उद्घाटन समारोह में छतरपुर के थाना प्रभारी राजेश रंजन, पप्पू सिंह, रिसोर्ट के प्रबंधक गौतम सिंह, उपेन्द्र विश्वकर्मा, नीरज मिश्रा, सोनू गुप्ता, अंकित कुमार पांडेय, सोनू सिंह, अमित ठाकुर, सुनील कुमार, टोन वर्मा, टिंकू ठाकुर, रॉकी कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आपसी भाईचारा का पैगाम देता है ईद : छेदी खान



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्धिकी के आवास पर शुक्रवार को ईद मिलन समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्यासुद्दीन सिद्धिकी ने किया, मौके पर जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा की ईद आपसी भाईचारा को बढ़ावा देती है, इस मौके पर लोग आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते है, मौके पर गयासुद्दीन सिद्धिकी ने कहा हुसैनाबाद के नागरिक सामाजिक सद्भावना बनाए रखने के लिऐ कृतसंकल्पित है। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद हसनैन जैदी, सैयद मशरूर अहमद, राजद नेता ज़ाकिर अली ऊर्फ राज अली, मोहिउद्दीन अंसारी, समाजसेवी अमीन खान, मनोज शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, केदार सिंह, पत्रकार संजय ओझा, सतेंद्र कुमार चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, जीतेंद्र रावत, विकास कुमार, टीपू सुल्तान, समेत कई लोग मौजूद थे।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर का त्योहार अकीदत व हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रखंड के गोसाईबाग स्थित ईदगाह में, कुशदण्ड ईदगाह में, बरडीहा जमा मस्जिद में, नरही ईदगाह में, सोनवर्षा जमा मस्जिद में, हुलहुला जमा मस्जिद सहित अन्य जगहों पर ईद उल फितर की नमाज अदा किया।ईद उल फितर की नमाज पर बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिद एवं ईदगाह में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा किये. नमाजियों ने देश में अमन चैन, भाईचारे एवं खुशहाली की दुआ मांगी। ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही मुस्लिम धर्मालंबियों में उत्साह देखा गया। रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ ईदगाह की ओर जा रहे थे। ईदगाह के मैदान में मेला लगा था। बच्चे अपने मनपसंद की चीजों की खरीदारी करते देखे गये। सबसे अधिक भीड़ चाट एवं खिलौने की दुकान पर देखा गया। ईदगाह कमेटी के द्वारा गोसाई बाग स्थित ईदगाह को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।बाहर से आये हुये अतिथियों को बैठने के लिये टेंट लगाया गया था।निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा कराया गया।गोसाईबाग स्थित ईदगाह में मोहतमिम मौलाना अब्दुल कादिर साहब के द्वारा नमाज अदा कराया गया।

**गोसाईबाग स्थित ईदगाह** के बाहर मैदान में लगे टेंट में विभिन्न राजनीतिक दल के लोग उपस्थित हुये। ईद के नमाज के बाद लोगों ने अतिथियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया। गोसाईबाग स्थित ईद गाह पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो नेत्री किरण देवी, मुक्तेश्वर पांडेय, चैम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश चौबे, कामता प्रसाद ने पहुचकर लोगो से मिलकर ईद की मुबारक बाद दिया।इस दौरान पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि ईद उल फितर का त्योहार आपसी भाईचारे का त्योहार हैं।भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में हिंदू मुस्लिम आपसी भाईचारे के के साथ त्योहार मनाते हैं।

**चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज** के द्वारा ईद उल फितर के नमाज अदा करने आये लोगों के लिये शरबत पानी की व्यवस्था किया गया था. चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने शरबत पानी पिलाकर लोगो को ईद की मुबारकबाद दिया।ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य नायक लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते दिखे। मौके पर मौलाना पैग़ाम रजा, सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, आमीन खान,लालबाबू खान, तस्लीम खान, महमूद आलम सीनियर, मेराजुद्दीन खान, तौकीर आलम, पप्पू खान, शोएब आलम, सुहैल आलम,गुडडू खान, बाबु, सदर मुश्ताक अहमद शेख, हाफिज मनउवर अंसारी, डॉ ताहीर अंसारी, राहत हुसैन, साजिद रजा, डॉ रिजवान अहमद, राकिब अनवर, मकबूल अहमद,मसउवर अंसारी, वकील अहमद, गुलाम, रागिब, मकसूद, असलम, कासिफ, अफ़रोज़, इंतजार, अप्पू, नौशाद सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## एमएसए स्कूल में हुआ ईद मिलन समारोह

# आपसी एकता व भाईचारगी बढ़ाता है ईद : मो. शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कार्यक्रम में शरीक हुए सभी बच्चों को 50 रूपए का नया नोट और सभी शिक्षकों को 500 रूपए ईद का तोहफा दिए और गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दिए। आगंतुक अतिथियों के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा खाने का शानदार प्रबंध किया गया था। सभी शिक्षक, बच्चें और अभिभावकों ने सेवइयां, छोला, दही बड़ा, गुपचुप आदि खाकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और कार्यक्रम को खूब सराहा। मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष शिक्षाविद् मों शफीक अंसारी सर ने कहा कि ईद आपसी एकता, मिल्लत तथा भाईचारगी के साथ रहने का संदेश देता है। वार्ड पार्षद निरा देवी ने अपने सम्बोधन में कहा रमज़ान के पूरे महीने रोजे रखकर मुस्लिम मन और तन से पवित्र हो जाते है। समाजसेवी भोला पासवान, बबलू पासवान, ललन पासवान ने संयुक्त रूप से कहा ईद गला मिलकर सभी गिला शिकवा को भूलने का संदेश है। कार्यक्रम का अध्यक्षता उप प्राचार्य अफज़ल शफीक कर रहे थे। इस मिलन समारोह में विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का उपस्थिती बनी हुई थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुनिता प्रसाद, राहुल पाण्डेय, किशन कुमार, खुशबू सोनी, घुंघरू सिंह, तनिषा सिंह, सुहैल आलम, स्मृति स्नेहा, नवल किशोर सिंह, मनिषा सिंह, स्वेता सिंह, खुशी शर्मा, बबीता कुमारी, आशा कुमारी, पल्लवी कुमारी सहित अभिभावक में हाजी जलील साहब, अनुराग पासवान, जयप्रकाश पासवान, हदीस अंसारी, लव तिवारी, बबलू पासवान, कियामुद्दीन अंसारी, अमरजीत ठाकुर, आशीफ अंसारी, धनंजय भुईयां, गुड़ी देवी, विमला देवी, मनोज उरांव सहित उपस्थित अनेकों छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया 130वां स्थापना दिवस

**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक के राँची मंडल के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय राँची तथा इसके अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं में 12 अप्रैल, 2024 को बैंक का 130वाँ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया । बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मंडल प्रमुख ने अपने सम्बोधन में कहा कि बैंक ने अपनी स्थापना के पश्चात सफलतापूर्वक दृढ़ता के साथ 129 वर्षों की लम्बी सफर तय की है। इस महान संस्था को आगे बढ़ाने में अपने ग्राहकों को उनके योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय में ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया।

### रामनवमी शोभायात्रा में पुष्प वर्षा कराने की मांग

**रांची :** श्री सनातन महापंचायत के सात सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर रामनवमी शोभायात्रा में हेलीकॉप्टर के जरिये पुष्प वर्षा कराने की मांग की है। इस संबंध में मांग पत्र देकर कहा गया कि लगातार रामनवमी शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा होती रही है। सनातन महापंचायत ने मांगपत्र के माध्यम से आग्रह करते हुए कहा कि पहले भी शोभायात्रा पर संध्या पांच बजे मुख्य मार्ग पर अलबर्ट एक्का चौक से तपोवन मंदिर के बीच पुष्प वर्षा की परंपरा रही है। लाखों रामभक्त शोभायात्रा में शामिल रहते हैं। कृपया इस परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करें। साथ ही सनातन महापंचायत ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस शोभायात्रा में आप भी शामिल हों। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा, संरक्षक संजय कुमार जायसवाल, संरक्षक रामधन बर्मन, संजय मिनोचा, संजय महतो और बबन बैठा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# वर्ष 2021 से 2023 के बीच 273 भू माफियाओं को किया गया चिन्हित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट भू माफियाओं को लेकर गंभीरता जताई है। हाईकोर्ट ने दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ गैंग रेप और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज स्वर्गीय एमवाई इकबाल के रांची लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित उनकी जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान ली और सुनवाई हुई.इस मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से भू-माफियाओं पर की जा रही कार्रवाई के संबंध में पूछा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने हाईकोर्ट को जवाब में बताया कि रांची में वर्ष



2021 से 2023 तक के बीच 273 भू-माफियाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से 214 भू-माफियाओं के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दिया गया है। 50 भू-माफियाओं को पुलिस ने 41ए का नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा कि वैसे भू-माफिया जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस है, उनमें से कितने को अदालत से जमानत मिली है और कितने को मिली जमानत को अदालतों में चुनौती दी गई है। चार्जशीटेड 214 भू-माफियाओ के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने यह भी सरकार से पूछा कि वर्ष 2023 में भू-माफियाओं के केस की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई एसआईटी ने अब तक क्या-क्या एक्शन लिया है? इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि एसआईटी ने 59 भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर सीसीए लगाया है. 27 को सर्विलांस में डाला गया है।दो भू-माफियाओं के खिलाफ प्रीवेंटिव डिटेंशन किया गया है। सीआरपीसी की धारा 107 के तहत 137 भू-माफियाओं पर कार्रवाई की गई है, 28 भू-माफियाओं को गुंडा रजिस्टर में रखा गया है।

कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एसआईटी ने कितने भू-माफियाओं को अदालत से मिली जमानत को एग्जामिन किया है। वैसे भू-माफियाओं जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस हैं उनमें से कितने आरोपी जेल में है और कितने को जमानत मिल चुकी है। निचली अदालत में इन भू-माफियाओं के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल निर्धारित की है।

## स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक कौशल के विकास के लिए स्थापित किये गए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस साइंस लैब्स

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक शिक्षा देने के उद्देश्य से प्रथम चरण में 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों, 325 आदर्श विद्यालयों एवं 59 मॉडल स्कूलों में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस विज्ञान प्रयोगशालाएं (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान) स्थापित की गयी हैं। मैट्रिक की परीक्षा के बाद बच्चों का विज्ञान संकाय के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए इन प्रयोगशालाओं को स्थापित किया गया है। स्कूली बच्चों के अंदर आकांक्षा, अन्वेषण और नवाचार के भाव को विकसित करते हुए उनके भीतर वैज्ञानिक प्रतिभाओं के विकास और गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान करना इसका लक्ष्य है। इसके तहत अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं की स्थापना से बच्चों के अंदर वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति महत्वाकांक्षा बढ़ने, अन्वेषण एवं नवाचार के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 539 प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति की गयी है। इन्हें लगातार



प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इनका प्रशिक्षण अब अंतिम चरण में है। लैब मैनुअल तैयार कर सभी स्कूलों को भेज दिया गया है।

**लगातार हो रही है समीक्षाः** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि इन अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं अथवा इनके कार्यान्वयन की राज्य स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है। साथ ही विद्या समीक्षा केंद्र द्वारा भी इसकी समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक विज्ञान प्रयोशालाओं के लिए योग्य प्रयोगशाला सहायक नियुक्त किये गए है। स्कूल के विज्ञान के शिक्षकों को इनका नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। स्कूल में प्रतिदिन इन प्रयोगशाला सहायकों को कम से कम एक प्रायोगिक कक्षा के संचालन का निर्देश दिया गया है। लापरवाही बरतने या कक्षा संचालन में ढिलाई बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**जे-गुरूजी पोर्टल पर अपलोड किये गए वीडियो का समुचित उपयोग करना अनिवार्यः** विज्ञान प्रयोगशाला सहायकों को निर्देशित किया गया है कि वे जे-गुरूजी पोर्टल पर अपलोड किये गए वैज्ञानिक शिक्षा से जुड़े 100 वीडियोज का समुचित उपयोग करते हुए बच्चों को विज्ञान की शिक्षा दे।

## जमीन घोटाला मामले में सद्दाम हुसन की रिमांड अवधि 16 तक बढ़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी कोर्ट में पेश किया गया। शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत से ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने सद्दाम से पांच दिनों तक पूछताछ की अनुमति मांगी। इसका आरोपित की अधिवक्ता स्नेह सिंह ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने ईडी को सद्दाम से चार दिनों ( 16 अप्रैल )तक पूछताछ की अनुमति दे दी। सद्दाम ईडी के कांड संख्या 5/2023 और 1/2023 में भी आरोपित है। मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने पहली बार बरियातू के सेना की जमीन घोटाले में 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद फिर ईडी ने अदालत से बड़गाई अंचल से जुड़े मामले में अनुमति मिलने पर नौ अप्रैल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। उसे चार दिनों तक पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया था। फिर से अदालत ने रिमांड अवधि बढ़ाते हुए सद्दाम को चार दिनों की पूछताछ की अनुमति दी है।

## युवा महावीर मंडल रांची ने मुख्यमंत्री को रामनवमी उत्सव के लिए किया आमंत्रित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रॉची) के प्रतिनिधि मंडल ने 11 अप्रैल,गुरुवार को अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उन्हें रामनवमी के शुभ अवसर पर युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रॉची) द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक,मेन रोड के समीप बनाए जा रहे सेवा शिविर के मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्योता दिया गया। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि



मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है और वे रामनवमी के दिन 17 अप्रैल,बुधवार को दोपहर में मंच पर पहुंच कर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस शिविर में समिति द्वारा रामनवमी में शामिल होने वाली सभी शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर समिति द्वारा भक्तों के स्वागत के लिए चुनरी, गमछा, माला, अंगवस्त्र ,गुड़,चना एवं मिनरल वाटर की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने गए प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल,मुख्य संयोजक उज्जवल कुमार सिन्हा,वरिष्ठ संरक्षक राजू काठपाल,मुख्य सलाहकार लखन कुमार,आयुष कुमार सिंह और भव्य कुमार सिंह शामिल थे।

## केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल पर कोई झांकी नहीं निकाली गयी : फूलचंद तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि फर्जी केंद्रीय सरना समिति बनाकर कुछ लोग समिति को बदनाम कर रहे हैं। केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल पर कोई झांकी नहीं निकाली गयी थी। निजी स्वार्थ के खातिर समाज का राजनीतिकरण कर बदनाम करने का काम किया गया है। फूलचंद तिर्की ने शुक्रवार को कचहरी स्थित आरटीआई भवन में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि फर्जी केंद्रीय सरना समिति भारत के जरिये नारायण उरांव के नेतृत्व में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए राजनीतिक झांकी निकाली गई थी। इस झांकी में झामुमो के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल के अंदर दिखलाया गया था और स्लोगन भी लिखा था कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को केंद्रीय सरना समिति की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक पर श्रमिक स्वागत मंच लगाया गया था। केंद्रीय सरना समिति का झांकी से कोई लेना देना नहीं है। समिति को साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को झूठे केस में फंसाया गया है। तिर्की ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति का बाबा कार्तिक उरांव के जरिये 1970 में गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य सरना समाज को धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से एकजुट करना था। लेकिन फर्जी केंद्रीय सरना समिति के जरिये बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों को चकनाचूर किया जा रहा है।

## माकपा का तमाड में स्थाई कार्यालय खुला, राज्य सचिव ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** तमाड प्रखंड मुख्यालय में माकपा की लोकल कमेटी के स्थाई कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने किया। कार्यालय का उद्घाटन माकपा का लाल झंडा फहरा कर किया गया। मौके पर राज्य सचिव ने कहा कि यह कार्यालय इस क्षेत्र के मेहनतकशों के आंदोलनों का जीवंत केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में यह धरती जमींदारों और ब्रिटिश शासकों के खिलाफ सदियों से मुंडा विद्रोह की




गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाती आ रही है। आजादी के बाद लाल झंडे के नेतृत्व में संघर्ष की इस विरासत को आगे बढ़ाने का काम माकपा ने ही किया है। सैकड़ों किसानों और रैयतों ने महाजनी जूल्म और सामंती शोषण के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राण भी गवाएं हैं। इस दौरान पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य और इस क्षेत्र के प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा कि यह कार्यालय 24 घंटे सातों दिन आम लोगों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेगा। साथ ही इलाके के गरीब लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। रांची जिला सचिव सुखनाथ लोहरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए मैदान में उतर जाएं। अभी पार्टी का पहला लक्ष्य है भाजपा को पराजित कर जन हितैषी लोकतांत्रिक सरकार का गठन करना।

## कांटा टोली कब्रिस्तान के पास ब्रेकर लगाने की है जरूरत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण लगभग पूरा होने जा रहा है। वही कांटा टोली चौक से कोकर की ओर जाने वाले मार्ग पर सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के मुख्य मार्ग से सटे मुस्लिम समुदायों का एक कब्रिस्तान है। इस कब्रिस्तान को कांटा टोली कब्रिस्तान के नाम से जाना जाता है। यहां पर काफी भीड़भाड़ होती है। वाहनों का आवागमन बड़ी तेजी के साथ होती है, सड़क पार करने में काफी डर भी लगता है। क्योंकि यहां पर यातायात नियम पालन संबंधित किसी तरह की कोई सूचना बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग, ब्रेकर,सिंगनल लाइटें नहीं है । इस मार्ग पर धीमी गति से वाहन नहीं चलाई जाती है,कभी भी बड़ी



दुर्घटना यहां पर घट सकती है। हालांकि आए दिन यहां पर छोटी बड़ी कई घटनाएं होती रहती है । ज्यादा खतरा कांटा टोली चौक से कोकर की ओर जाने के दौरान होती है। क्योंकि पहले कब्रिस्तान पड़ता है और ठीक कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल खत्म होती है तो यहां पर एक इंडस्ट्रियल एरिया की ओर बांते मुड़ने वाला सड़क,और एक सीधे जाने वाली सड़क है, यहां से वाहनों का आवागमन तेजी से होती है, इस तरह से लगातार खतरा बना रहता है। सभी लोगों ने मांग की है कि यहां पर ब्रेकर लगायी जाए और सूचना पट दिया जाए, जिसमें यातायात संबंधित नियमों का पालन करने एवं धीमी गति से गाड़ी चलाने का जानकारी लिखा रहे। इस मौके पर मांग करने वालों में झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के महासचिव परवेज कुरैशी,हाजी अजीम, मोइनुद्दीन कुरैशी,बारिक, तजमुल राजू, बबलू, सईद, सरवर, आजाद,बशीर कुरैशी सहित कई लोगों ने मांग की है।

# ईद भाईचारे और एकता का प्रतीक है : सुनील सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली रांची के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी के आवासीय परिसर में ईद मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विनय सिन्हा दीपू,महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी, सुनील सहाय वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मुजीब कुरैशी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश, गुलाम जावेद महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग,विनय सिन्ह, नौशाद खान, जमीयतुल कुरैश पंचायत महासचिव परवेज कुरैशी,बिमल आनन्द नाग,कमल किशोर कच्छप, त्रिलोचन सिंह मथारु, देवासिश धोष, आदिल कुरैशी,कैफ़ी कुरैशी, गुलाम साबीर बब्लू,लड्डन कुरैशी, बॉबी,शहान कुरैशी,समीर कुरैशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। एक दुसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी।

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील सहाय ने कहा ईद भाईचारे और एकता का प्रतीक है,सभी मिलजुल एक साथ खुशियां मनाते हैं। वहीं इस मौके पर वर्तमान राजनीति पर भी चर्चाएं की गई।

## राज्यपाल ने गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग स्थित गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका । साथ ही कीर्तन में भाग लिया और गुरुबाणी सुना। उन्होंने सभी को बैसाखी पर्व की भी शुभकामनाएं दी।

# नए मतदाता 25 अप्रैल तक वोटर लिस्ट में दर्ज करा सकते हैं नाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए रांची लोकसभा क्षेत्र के छूटे हुए 18 वर्ष के योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 या ऑनलाइन https://voters.eci.gov.in/ माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव



में मतदान के लिए मतदाताओं को इपिक (मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र) प्रस्तुत करना रहता है। अगर किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में इपिक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो 12 अन्य मान्य दस्तावेज दिखा कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों,डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,भारतीय पासपोर्ट,फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र,राज्य सरकार,लोक उपक्रम,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र , सांसदों,विधायकों,विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड।

# नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** चार दिवसयी लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। छठ महापर्व की शुरुआत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होता है। छठ महापर्व में नहाय खाय का खास महत्व है। व्रतियों ने शुद्ध होकर व्रत की शुरुआत की। नहाय खाय के दिन मिट्टी और आम की लकड़ी वाले चूल्हे में अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनायी गई। खाना बनाने में घी और सेंधा नमक का प्रयोग किया गया। सूर्य भगवान को भोग लगाने के बाद व्रतियों ने भोजन किया। इसके बाद घर के सभी लोग इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इस दिन



व्रती बिस्तर के बजाय जमीन पर सोते हैं। छठ पूजा में सफाई और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस दिन से घर में लहसुन-प्याज बनना बंद हो जाता है।

### लौकी और चने की दाल खाने का विशेष महत्व

नहाय खाय के दिन विशेष तौर पर लौकी की सब्जी बनती है। इसके पीछे यह मान्यता है कि लौकी काफी पवित्र होती है। साथ ही इसमें पर्याप्त मात्रा (96 फीसदी) में पानी होता है। इसको खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। इतना ही नहीं लौकी खाने से बहुत सारी बीमारियां भी दूर होती हैं। नहाय खाय में चने की दाल खाने का भी विशेष महत्व है। ऐसा कहा जाता है कि चने की दाल बाकी दालों की तुलना में सबसे अधिक शुद्ध होती है। इसको खाने से ताकत भी मिलती है।

## रोड़ फ्लाईओवर का निर्माण करा रहे प्रोजेक्ट मैनेजर को मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रंगदारी मांगने का एक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि रातू रोड़ फ्लाइओवर निर्माण करा रही एक कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद साबिर को फोन पर राहुल गंझू नामक व्यक्ति ने लेवी की मांग की है। लेवी के रूप में अग्रिम पांच प्रतिशत सेटलमेंट राशि की मांग की गई है। राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई है।लेवी की इस घटना को लेकर कांके रोड़ मिसिरगोंदा निवासी प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद साबिर ने मोबाइल नंबर धारक राहुल गंझू के खिलाफ सुखदेवनगर थाना में केस दर्ज कराया है। दर्ज केस के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, राहुल गंझू नाम का शख्स टीएसपीसी का उग्रवादी भी है, पुलिस यह पता लगा रही है कि इस घटना के पीछे कही उसी का हाथ तो नहीं है। इसके लिए संबंधित मोबाइल नंबर के बारे में तकनीकी शाखा से जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। फोन करने वाले ने अपना नाम राहुल बताते हुए कहा कि आप लोग रातू रोड़ फ्लाइओवर का निर्माण करा रहे हैं लेकिन मेरा सेटलमेंट अब तक नहीं किया गया है, उसने कहा कि हमारे बारे में पता कर लेना, इसके बाद जान मारने की धमकी देते हुए सेटलमेंट के रूप में पांच प्रतिशत राशि की मांग की।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## एक दुसरे के गले मिलकर दी ईद उल फितर की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाया गया।ईद के पुर्व संध्या जैसे ही चांद नजर आया लोग खुब पटाखे छोड़े और खुशियां जाहिर की।ईद के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह नहा-धोकर नए कपड़े पहनकर अपने नजदीकी कुटाम मस्जिद, पहाड़ी मस्जिद,कोलवाडीह मस्जिद,सुलुमजुड़ी मस्जिद समेत और भी कई मस्जिदों में पहुंचे और ईद का नमाज अदा किया। नमाज अदा के बाद सभी एक दुसरे के गले मिलकर एक दुसरे को ईद की मुबारकबाद दिया एवं एक दुसरे के घर जाकर सेवाई खाकर खुब मस्ती किए। बच्चे एवं महिलाएं भी अपने अपने घरों में ईद की नमाज अदा किया।और एक दुसरे को ईद की बधाई दी। क्षेत्र के मस्जिदों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। दिन भर क्षेत्र में ईद को लेकर चहल पहल दिखा। किसी प्रकार का अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन भी दिनभर क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

# जल जंगल जमीन से जुड़ा प्राकृति पर्व सरहुल धुमधाम से सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड में प्राकृतिक पर्व सरहुल बहुत ही धुमधाम से सम्पन्न हुआ। सुबह से ही अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न सरना स्थलों पर पाहन के द्वारा विधिवत पुजा अर्चना किया गया। महिलाएं भी पाहनों के साथ पुजा अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। पाहनों ने सभी लोगों की फुलखोंशी की। महिलाएं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा नगाड़े एवं मांदर के साथ अपने अपने क्षेत्र से भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर नाचते गाते हुए चल रहे थे।मेदनी , पिस्का,मोदीडीह, सिल्ली निचे टोला, छाता टांड़ से शोभायात्रा निकाल सिल्ली लुपुंग सरना स्थल पर ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए पहुंचे, जहां सिल्ली सरना समिति द्वारा लुपुंग में ढोल नगाड़े के गूंज से पारम्परिक सामुहिक नृत्य के साथ धुमधाम से सम्पन्न हुआ सरहुल।



मुख्य अतिथि अनिल सिंह मुंडा माला पहनकर मंच पर स्वागत किया गया। श्री मुंडा ने सरहुल में आए सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि प्राकृतिक पूजा हमारी संस्कृति का अंग है इसे संरक्षित करने की जरूरत है। समारोह को संचालन कर रहे अमित सिंह मुंडा ने सरना समिति के सभी सदस्यों को सरना अंगवस्त्र देकर मंच पर सम्मानित किया। पुरा क्षेत्र ढोल नगाड़े की आवाज़ से गुंज उठा। इस आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक वासुदेव मुंडा, विकास मुंडा, पूर्व प्रमुख कमलनाथ माझी, अध्यक्ष रवि मुंडा, सचिव गोन्दरा उरांव, कोषाध्यक्ष लालू राम उरांव,भरत मुंडा, धर्म गुरु जलेश्वर उरांव, रेशमी कुमारी, शांति तिर्की,सिनीयर उरांव (प्रार्थना सभा कोषाध्यक्ष),सुमन उरांव,देवती मुंडा,भवानी मुंडा,तीजु पाहन,मंगला मुंडा,दीदार उरांव, दुर्गा चरण मांझी,पाहन प्राण समेत और भी सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## मतदान अधिकारी तृतीय के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मद्येनजर बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में मतदान अधिकारी तृतीय के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 791 मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हुए। उन्हें मतदाओं से मतदान पर्ची प्राप्त कर अमिट स्याही का अवलोकन करने के बाद ईवीएम के कॉन्ट्रोल यूनिट का बटन दबाकर मतदान कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मतदान अधिकारी तृतीय को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराने के पष्चात् ईवीएम, वीवीपैट का हैंडस आन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए, खूंटी आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में 30 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## समाहरणालय सभागार में जिला स्क्रीनिंग शस्त्र समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्क्रीनिंग शस्त्र समिति की बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। जिला स्तर पर प्राधिकृत दंडाधिकारी/संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी अनुज्ञप्तिधारी के शास्त्र का किया गए सत्यापन की थानावार समीक्षा की गई। मौके पर संबंधित थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश दिया गया कि सभी गन धारकों को नोटिस प्रेषित कर गन को थाना में जमा करने संबंधित सूचना दी जाय। मौके पर जिला शस्त्र दंडाधिकारी द्वारा प्रखंड के संबंधित अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त को जानकारी दी गई। उपायुक्त ने संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि शेष लाईसेंस धारियों को नाटिस जारी कर शास्त्र को थाना में जमा करने की सूचना दी जाय।

## रामनवमी को लेकर पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रामनवमी पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर आज 4:00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में पिपरवार थाना क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।उन्होंने इस बैठक में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित सभी डीजे संचालक एंव पूजा समिति के सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

## प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी का सहयोग जरूरी : किशुन दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब मे सरहूल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन दास और विशिष्ट अतिथि मे पिपरवार के पूर्व जीएम बीपी सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,टंडवा प्रमुख रीना कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।इस समारोह का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया,जिसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि सरहूल पूजा का आयोजन होने से स्थानीय लोगो मे खुशी की लहर है।उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व में हमलोग प्राकृतिक पेड़ पौधे एवं धरती माता की पूजा करते हैं ताकि प्राकृतिक हम सभी मनुष्यों की रक्षा करें। अगर प्राकृतिक ही नहीं बचेगी तो हम मनुष्य भी नहीं बचेंगे।जिस तरह आज पेड़ पौधों को नष्ट किया जा रहा हैं अगर मनुष्य अभी भी पेड़ पौधों की रक्षा नहीं करेगा तो एक दिन मनुष्य का विनाश निश्चित है।वक्ताओ ने कहा कि सरहुल पर्व को हमलोग प्राकृतिक त्योहार के रूप में मनाते हैं।आज के दिन हम लोग चाला आयो धरती माता की पूजा करते हैं।सरहुल झारखंड का पारंपरिक और आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्योहार है।प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होने की अपील की।इस मौके पर टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी,बिजय लाल,मिथलेश गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,पूर्व प्रमुख सीताराम साव,निर्मल उरांव,अरुन उरांव,बालेश्वर उरांव,इकबाल हुसैन,बंसत नारायण महतो,बालकान्त उरांव,शिवशंकर साव,करण महतो,जगदीश भोक्ता,हनी उरांव,बबलू उरांव,विशुनदेव उरांव आदि लोग मौजूद थे।



## बुढ़मू और ठाकुर गांव में ईद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

ईद पर्व ठाकुर गांव और बुढ़मू प्रखंड में शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया। इस दौरान बुढ़मू ,चकमे, मतवे, उमेडंडा, ठाकुरगांव, मोहनपुर बानापीरी, खखरा, पतरातु, कटमकुली,समेत प्रखंड के सभी ईदगाह व मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ ईद उल फित्र की नमाज पढ़ी गयी। एवं ईद पर्व के दौरान लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज पढ़ी। ईद पर्व में एक दूसरे से लोगों ने गले मिलकर ईद पर्व की बधाई एवं शुभकामना दी। और भाई चारगी के साथ मिलजुकर लोगों ने ईद पर्व को मनाया। ईद पर्व के दौरान ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार सभी मुसलमान भाइयों के पास जा के ईद का शुभकामनाएं दिए और मिल जुल कर शांति पूर्ण रहने को बोले,इसके साथ साथ बुढ़मू थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी रामजी कुमार विधि व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। और बुढ़मू पुलिस द्वारा गस्ती अभियान लगाते देखे गए। वही ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में ठाकुरगांव पुलिस ने गस्ती अभियान लगाया। बुढ़मू प्रखंड में ईद पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

## तमाड़ में सीपीआईएम के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन



**रांची :** जिला अंतर्गत तमाड प्रखंड मुख्यालय में सीपीआई (एम) की लोकल कमिटी के स्थाई कार्यालय थाना के बगल का उद्घाटन पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने फीता काटकर किया। साथ ही कार्यालय का उद्घाटन सीपीआई (एम) का लाल झंडा फहरा कर किया गया। इस मौके पर तमाड क्षेत्र के पार्टी सदस्यों समेत दर्जनों पार्टी समर्थक मौजूद थे। कार्यालय का उद्घाटन करते हुए राज्य सचिव ने कहा कि यह कार्यालय इस क्षेत्र के मेहनतकशों के आंदोलनों का जीवंत केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होने कहा कि पुरे झारखंड में यह धरती जमींदारों और ब्रिटिश शासकों के खिलाफ सदियों से मुंडा विद्रोह की गौरवशाली परंपरा को आगे बढाती आ रही है। आजादी के बाद लाल झंडे के नेतृत्व में संघर्ष की इस विरासत को आगे बढाने का काम सीपीआई (एम) ने ही किया है। पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य और इस क्षेत्र के प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा कि यह कार्यालय 24+7 यानि 7 दिन 24 घंटे आम लोगों की सहायता के लिये उपलब्ध रहेगा।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता लोकल कमिटी के सचिव जेहरू लाल मुंडा ने की। मौके पर रामधन मछुआ, दिवाकर सिंह मुंडा, रंजीत मोदक, घासी राम मुंडा, मनबोध मुंडा, पुष्कर मुंडा, यदु गोपाल मुंडा,जनवादी महिला समिति की भवानी देवी और रीता स्वांशी समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बचरा मे हुई विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, व दुर्गा वाहिणी की बैठक मे समिति का हुआ विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर शिव मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल एंव दुर्गा वाहिनी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण कुमार मंडल एवं संचालन शंकर सिंह चेरो ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे विश्व हिंदू परिषद चतरा जिला मंत्री सुधीर कुमार एवं विशिष्ट अतिथि मे गौ रक्षा जिला प्रमुख ठाकुर राजेश रंजन एवं जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार उपस्थित थे।बैठक में पिपरवार मंडल समिति का विस्तार किया गया,जिसमें लक्ष्मण कुमार मंडल को पुनः अध्यक्ष बनाया गया वही उपाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रकाश लोहार,राजकुमार, मंत्री दीपक केसरी,सह मंत्री प्रवीण सिंह,गुड्डू कुमार,सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद,सह प्रमुख पप्पू सोनी,गौ रक्षा प्रमुख नवीन साहू,सह प्रमुख कॉलेज राम,विक्की कुमार, सुरक्षा प्रमुख ओम कुमार, अखाड़ा प्रमुख रोहित कुमार, सह अखाड़ा प्रमुख आशू कुमार,धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख मिथुन कुमार, समरसता प्रमुख मुकेश राणा, सत्संग प्रमुख गोविंद कुमार, मिलन केंद्र प्रमुख मुकेश पांडे,मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख प्रवीण दराद,विद्यार्थी प्रमुख प्रणव दुबे,सह विद्यार्थी प्रमुख संतोष कुमार,विशेष संपर्क प्रमुख सोनू तिवारी, संतोष गिरी,मीडिया प्रमुख सिद्धार्थ दुबे,सह प्रमुख राजा बावड़ी,संयोजक सुमन सोनी, सह संयोजक लाल बहादुर को बनाया गया।वही दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलू सिंह चेरो,सह संयोजिका अंशु कुमारी,मातृशक्ति प्रमुख ऋषि रिया शाह,माही प्रिया प्रसाद को बनाया गया।संरक्षक मे शंकर सिंह चेरो, संतोष कुमार गिरी,अक्षय सिंह,अर्जुन महतो को बनाया गया।बैठक में सैकड़ो दुर्गा वाहिनी,विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजुद थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे अकीदत के साथ मनाई गई ईद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे ईद उल फित्र का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया।कोयलांचल क्षेत्र के मस्जिदो मे बड़ी संख्या मे लोगो को ईद की नमाज अदा करते देखा गया।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने सुबह 8:00 बजे ईद उल फितर की नमाज पढ़ायी।नमाज से पूर्व हाफिज मुमताज ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारगी और खुशी का पैगाम देता है।इस दिन दोस्त दुश्मन सभी लोग आपसी रंजिश और गिले सिकवे को भुलकर गले मिलते है और एक दुसरे को बधाई देते है।उन्होंने कहा कि 30 दिन रोजा रखने के बाद खुशिंयो का त्योहार ईद आता है,लेकिन माहे रमजान का जाने का भी गम होता है।उन्होने अपने तकरीर मे समाज के लोगो से समाज मे फैल रहे बुराईयो को दुर करने की अपील की।अंत मे क्षेत्र, राज्य व देश मे अमन चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारगी की दुआ मांगी गई।नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी।ईद को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह दिखा और बच्चे भी उत्साह के साथ मस्जिद पहुंचकर एक दुसरे से गले मिले।वही नमाज के बाद बचरा जामा मस्जिद से काफिला निकाला गया,यह काफिला क्षेत्र का भ्रमण कर एक दुसरे के घर गये और सेवई का आनंद उठाया।देर रात तक लोग अपने दोस्त, रिश्तेदार के घर जाकर ईद की बधाई दी और सेवई का आनंद उठाया।वहीं राय जामा मस्जिद,बहेरा,ईदगाह,पुरानीराय,न्यु मंगरदाहा,कल्याणपूर सहित अन्य ग्रामीण इलाको मे भी ईद का त्योहार पुरे अकीदत व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।ईद पर्व को लेकर क्षेत्र मे सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।सभी मस्जिद एंव ईदगाह मे पुलिस बल के जवानो को तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।



**बचरा में उमड़ी भीड़**

ईद त्यौहार को लेकर बचरा जामा मस्जिद में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।ईद की नमाज के दौरान कई जन प्रतिनिधि,समाजसेवी, सीसीएल अधिकारी और राजनीतिक पार्टी के लोग बचरा जामा मस्जिद पहुंचकर सभी नमाजियों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक शैलेश राय,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,व्यवसायिक संघ के सचिव रविंद्र कुमार सिंह सहित कई लोगों ने नमाजियों से मिलकर ईद की बधाई दी। वही बचरा अंजुमन के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी ने एक साथ बैठकर सेवई का आनंद उठाया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी व आस पास के गांवों में ईद का त्यौहार भारी उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इटकी के मुख्य ईदगाह में ईद उल फितर की विशेष नमाज कारी एनामुल हक के इमामत में पढ़ी गयी। नमाज के बाद सभी गले लगाकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। प्रखण्ड के इटकी जामा मस्जिद , मस्जिद ए जाफर, मदीना मस्जिद, मस्जिद ए आयशा, इसके अलावा गढ़गांव ईदगाह, कूर्गी ईदगाह, कुंदी, फिरदौस नगर, रानिखटंगा, मोरो सहित अन्य गांवों में ईद की विशेष नमाज अदा की गयी।

## बुंडू की बेटी रिंकी कुशवाहा का जिला अंडर -19 में चयन,पांच परगना में हर्ष



**बुंडू :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खूँटी जिला अंडर -19 टीम में झारखंड क्रिकेट अकादमी के बुण्डू निवासी आजसु राँची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष सह जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा की पुत्री रिंकी कुशवाहा का चयन होने पर पुरे पांच परगना क्षेत्र में खुशी की लहर है । उनकी अच्छी खेल तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की एवं उनके कोच प्रवीण कुमार तथा पुरंदर कुमार को बधाई दिया । रिंकी कुशवाहा की खूँटी जिला अंडर -19 टीम में चयन होने पर बुण्डु के समाजसेवी शत्रुघ्न महतो, अनुप दत्ता, आजसु पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो,खेल प्रभारी मो सेराज, आकाश बीट, मन्टु हल्दार,सनातन महतो, आशुतोष महतो,संजय महतो, आकाश महतो, अभिषेक गोराई नितिश सिंह ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## फोनपे ने ईसेवा और नेपाल पोखरा होटल एसोसिएशन के साथ की साझेदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फोनपे ने आज घोषणा की है कि वह फोनपे नेटवर्क पर यू पी आई को लोकप्रिय बनाने के लिए ईसेवा और होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल पोखरा के साथ साझेदारी की है जो कि फेवा नव वर्ष महोत्सव का हिस्सा है। यह महोत्सव 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। नव वर्ष का यह उत्सव न केवल पूरे नेपाल के नागरिकों के बीच लोकप्रिय है, बल्कि उन भारतीय पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है जो नेपाल की यात्रा करते हैं और उत्सवों का आनंद लेते हैं। पारंपरिक नेपाली व्यंजन और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन परोसने वाले फूड स्टॉलों, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के लाइव संगीत प्रदर्शन, पारंपरिक नेपाली नृत्यों और संगीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम और कला प्रदर्शनियों एवं वर्कशॉप के साथ, यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम नेपाली संस्कृति और स्थानीय पाक कला के बेहतरीन अनुभव का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# खूंटी में हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी तथा आस-पास के गांवों के विभिन्न गांवों सरहुल धूमधाम से मनाया गया. पहानों व सरना धर्म गुरूओं की अगुवाई में अपने-अपने गांव के सरना स्थलों में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर व पुरखों को याद कर खुशहाली की कामना की. लोग एक-दूसरे को सखुआ फूल लगाकर प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया. महिलाएं अपने कोपा और पुरुष कानों में सखुआ फूल लगाए. इस अवसर सरहुल पूजा महासमिति के तत्वावधान में विशाल सरहुल शोभायात्रा निकालकर प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया. सरना धर्मावलंबी अपने-अपने गांवों के पहानों की अगुवाई में सखुआ फूल, अरवा चावल, जल व सरना झंडों के साथ कचहरी पार्क के पास इकट्ठा हुए. शोभायात्रा कचहरी पार्क, बिरसा कॉलेज, भगत सिंह चौक एवं नेताजी चौक में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर सखुआ फूल अर्पित किए और पुनः कचहरी मैदान आकर समापन किया गया. अवसर पर धर्मगुरू बगरय मुंडा ने कहा कि सरहुल को प्रेम और भाईचारा के साथ मनाना चाहिए और सरहुल महोत्सव व शोभायात्रा को सरकार द्वारा घोषित छुट्टी के दिन ही सभी जगहों पर मनाया जाए ताकि लोग सरकारी अवकाश से वंचित न हो. हमारा प्रयास है कि अलग-थलग हुए समाज के लोगों को सुसंगठित कर सरना धर्मावलंबियों की धार्मिक, समाजिक अस्तित्व व अस्मिता बचायी जा सके. इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु सोमा कंडीर, सुगुन दास मुंडा, सुधा मुंडू, चंद्रप्रभात मुंडा, सनिका बोदरा, मथुरा कंडीर, सनिका टुटी, सुखराम पुर्ती, विश्राम टुटी, जमुना मुंडू, सिनु मुंडा, हिंदू मुंडा, सोमा मुंडा, सनिका तिड़ू, सोमा पहान, मंगा ओड़ेया, राम तोपनो, सुगना पहान आदि गणमान्य लोग शामिल हुए.



## प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रकृति पर्व सरहुल बहुत हि भव्य तरिके से पुरना चतरा टाटीसिल्वे में मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत सरना कि पूजा एवम द्वीप प्रज्जवलित कर थाना प्रभारी मनोज कुमार,प्रमुख दीपा उराव,उप प्रमुख नामकुम वीणा कुमारी,उप प्रमुख जयपाल हजाम, समाजसेवी मुकेश कुमार, नगेश्व मुंडा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों कि पहचान है। यह हमेसा से इसका संवर्धन एवम पूजा करते आए हैं। इस अवसर पर मुख्य रुप से दीपा उराव प्रमुख अंगडा, थाना प्रभारी मनोज कुमार,वीणा कुमारी उप प्रमुख नामकुम, जय पाल हजाम उप प्रमुख अंगडा, कविता देवी मुखिया हेसल, नेत्री आरती कुजुर,समाजसेवी मुकेश महतो,टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन,उप मुखिया रमेश मुंडा,सनील जाय,कोशल्या देवी, बेबी देवी,सरस्वती देवी,मिंटू कुमार,भवेश कुमार,रवि कुमार,धर्मेंद्र कुशवाहा,इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बूगी बूगी ,लोक नृत्य, रेम्बो, समान्य ज्ञान इत्यादि से लोगो को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भाग लिए बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष किस्टो उराव,संगरक्षक राजेश कुजूर,रोशन गुप्ता,संदीप तिर्कि, राजेश मिश्रा,राजेश शर्मा, कलेश महतो, कुलदीप, साकीर अंसारी, मनोज महतो, संजय कुजूर, सुरज इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शपथ पत्र



मैं मंशा देवी, MANSHA DEVI, उम्र 45 वर्ष पति संजय प्रसाद ग्राम कुकही, पोस्ट कुकही, थाना हैदरनगर, जिला पलामू,(झारखण्ड ) शपथ पत्र संख्या 1681, दिनांक 06/04/2024 के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम ई-मतदाता पहचान पत्र के अनुसार मंशा देवी, पति संजय प्रसाद हैं। जो सही हैं। यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या, 784390909393 में मेरा नाम भूलवश मनता देवी अंकित हो गई हैं।यह कि मंशा देवी और मनता देवी दोनो एक ही महिला हैं। जो कि मैं हूं।यह कि इस शपथ पत्र में वर्णित जानकारी सही हैं। इसका विज्ञापन निकलवा रही हूँ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# कोल्हान कमिश्नर व डीआईजी ने की अंतर्राज्यीय व अंतर्जिला प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक

*- अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर होगी पुख्ता सुरक्षा*
*- नगद, शराब, ड्रग्स या अन्य कोई उपहार के अवैध परिवहन पर रहेगी कड़ी निगरानी*
*- सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के तीन जिला, ओड़िशा के तीन जिला तथा झारखंड राज्य के छह जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधि रहे मौजूद*




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में कमिश्नर, कोल्हान हरि कुमार केशरी एवं डीआईजी, कोल्हान चौथे मनोज रतन द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर आपसी समन्वय पर विमर्श किया गया। सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर (ओड़िशा), पुरूलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम(प. बंगाल) तथा झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रांची, खूंटी, सिमडेगा के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे । बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में अंतराराज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने अंतर्राज्यीय सीमा से असामाजिक तत्वों एवं अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के सीमावर्ती थानों में व्हाट्सएप ग्रूप एवं वायरलेस के माध्यम से सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए, निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां साझा की गई। जिस पर सभी जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति जताते हुए अपनी-अपनी बात रखी। चेकपोस्ट पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक के दौरान सीमा जांच बिंदुओं तथा सीलिंग प्वाइंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी। साथ ही नक्सल विरोधी अभियान, कानून व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कमिश्नर, कोल्हान ने आगामी लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए सभी के आपसी समन्वय एवं सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले भी बेहतर समन्वय के साथ काम किया जाता रहा है, लेकिन अब निर्वाचन कार्य में समन्वय, आपसी तालमेल को और बेहतर करना है। सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के थाना एवं अनुमंडल स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का सुझाव दिया। सभी गतिविधियों की डीसी, एसएसपी एवं एसपी स्तर पर मॉनिटरिंग हो, ताकि कहीं कोई कमी नहीं रह पाए। सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान हर स्तर पर हो। डीआईजी, कोल्हान ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बल सभी संवेदनशील स्थानों पर तैनात हों। हर स्तर पर बेहतर तालमेल बना कर काम करना है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। 107 की कार्रवाई, नोटिस तामिला, वारंटों का निष्पादन, सीसीए के तहत हुई कार्रवाई को भी आपस में साझा करने का सुझाव दिया ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके । बैठक में पश्चिमी सिंहभूम कुलदीप चौधरी, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम किशोर कौशल, डीडीसी पूर्वी सिंहभूम मनीष कुमार, एसपी सरायकेला खरसांवा मनीष टोप्पो, सिटी एसपी पूर्वी सिंहभूम मुकेश लुणायत, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, रेल एसपी जमशेदपुर प्रवीण पुष्कर समेत सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर (ओड़िशा), पुरुलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम(प. बंगाल) तथा झारखंड के रांची, खूंटी, सिमडेगा के डीसी, एसएसपी, एसपी के प्रतिनिधि तथा पूर्वी सिंहभूम जिला के विधि व्यवस्था से संबंधित जिला व अनुमंडल स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोल्हान कमिश्नर एवं डीआईजी जिले के स्वीप गतिविधियों में हुए शामिल, वाहन स्टीकर, कॉफी मग किया लॉन्च



**जमशेदपुर :** आज कोल्हान के कमिश्नर, हरि कुमार केशरी एवं डीआईजी, कोल्हान चौथे मनोज रतन ने पूर्वी सिंहभूम जिले में चलाये गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत की। समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग द्वारा कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गई । इस दौरान 25 मई 2024 को अधिक से अधिक संख्या में लोग वोट डालने बूथों में जाएं, लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए प्रेरित किया गया । स्वीप कार्यक्रम में पड़ोसी राज्यों ओड़िशा के सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर जिला, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम जिला तथा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रांची, खूंटी, सिमडेगा जिला के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया । इस दौरान जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तैयार किए गए वाहन स्टीकर, कॉफी मग को लॉन्च किया गया। साथ ही समाहरणालय परिसर में बनाये गए आकर्षक रंगोली एवं सेल्फी प्वाइंट में पदाधिकारियों ने तस्वीर खिंचाई। मतदाता शपथ पाठ का आयोजन कर आगामी चुनाव में मतदान करने की सभी ने प्रतिबद्धता जताई । मौके पर कमिश्नर, कोल्हान एवं डीआईजी, कोल्हान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजित स्वीप कार्यक्रम का नेतृत्व उप विकास आयुक्त सह स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी मनीष कुमार ने किया ।

## प्रशांत किशोर जैसे चाटुकारों से राहुल गांधी को सीख लेने की जरूरत नहीं : फुलकान्त

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के राष्टीय नेता राहुल गांधी के राजनीति छोड़ने के प्रशांत किशोर के बयान पर वरिष्ठ पार्टी नेता फुलकान्त झा ने प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रशांत किशोर जैसे चाटुकारों से राहुल गांधी को सीख लेने की जरूरत नहीं है। झा ने कहा कि प्रशांत किशोर स्वयंभू नेता के रूप में बिहार जैसे बुद्धिजीवी राज्य समेत देश के विभिन्न राज्यों में अपनी औकात को स्थापित करने में लगे हैं। उन्हें अपने गिरेबां में झांकने की आवश्यकता है। अब वे राष्टीय नेता राहुल गांधी को दूध के पानी मे लपेटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर भूल गए कि राहुल गांधी चार बार के सांसद हैं और अकेले पूरी दुनिया मे त्याग, भाईचारे और समर्पण का छाप छोड़ चुके हैं।

## माचा हरिमंदिर में चौबीस प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन 15 अप्रैल से, तैयारी जोरों पर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के माचा सार्वजनिक हरिमंदिर में सोलोआना कमेटी की ओर से चौबीस प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का प्रारंभ 15 अप्रैल सुबह से होगी जो 18 अप्रैल की सुबह धुलट व भोगराग के साथ संपन्न होगा। जिसकी तैयारियां में कमेटी के पदाधिकारियों ने जोर शोर से शुरू कर दिया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए गांव के बीरू दत्त ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न क्षेत्रों के सात टीमें शामिल होगी। जिसमें गौरांग दास व धीरेन दादा (जोड़बेथिया), उमापद दास (मुकरुडीह),राजीव दास (कृष्णनगर, बांकुड़ा ), भास्कर मंडल (पदुलाड़ा, बांकुड़ा), प्रशांत कालिंदी, (सालानपुर, बांकुड़ा) ,कर्णदेव बाउरी, (बिनाशोल, इंदपुर, बांकुड़ा) व हाराधान दास (पाड़ा, पुरुलिया) के टीमें शामिल हैं।

## यूसील की ठेका कंपनी के 3 मजदूर माइंस दुर्घटना में घायल, एक की हालत गंभीर




**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूसील की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट की ठेका कंपनी डेल्टा (डीसीएस) के तीन मजदूर आज शुक्रवार को माइंस दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को कंपनी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में पैसेंजर वाहन के चालक अर्जुन ( 27 ) करनडीह निवासी को ज्यादा चोटे आई है। उसे छाती व पैर में चोट पहुंची है जबकि शेखर सिंह ( पाथरचाकड़ी , नरवा पहाड़) व रामदास सोरेन ( सुरदा) को भी चोट पहुंची है।घटना के बाबत बताया जाता है की आज सुबह 11 बजे डिक्लाइन के फोर लेबल में उतर रही मजदूरों को लाने और ले जाने वाले पैसेंजर वाहन का ब्रेक अचानक फेल हो गया, जिसकी वजह से पैसेंजर वाहन दीवार से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त गई। जिससे पैसेंजर वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए।

## बागबेड़ा पंसस से सदर अस्पताल से संबंधित सात सूत्री मांग पत्र सिविल सर्जन को सौंपा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खासमहल स्थित सदर अस्पताल के रजिस्ट्रेशन खिड़कियों में कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों के द्वारा वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेंडर वाली खिड़कियों से ओपीडी में डॉक्टर से दिखाने हेतु आम लोगों को पर्ची देने पर रोक लगाकर कार्रवाई करने के संबंध में बागबेडा कॉलोनी के पंचायत प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के नेतृत्व में सात सूत्री मांग पत्र सिविल सर्जन जुझार माझी को सौंपा गया।इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं उप मुखिया संतोष ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से सौपे गए सात सूत्री मांग पत्र में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेंडर वाली खिड़कियों से आम लोगों की पर्ची पर अभिलंब रोक लगाने, प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेंडर वाली खिड़की पर वैसे लोगों का ही पर्ची काटना, महिला वाली काउंटर पर महिला एवं पुरुष वाले काउंटर पर पुरुष को कतार में लगाकर पर्ची दिए जाने, जानकार लोगों को ही पंजीकरण खिड़कियों पर डॉक्टर से दिखाने हेतु पर्ची काटने के लिए कर्मचारियों को रखना, कतार में लगे सारे लोगों से कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने पर अभिलंब रोक लगाने, पर्ची काटने वाले कर्मचारियों के द्वारा लोगों को सही जानकारी और सही बातें बताने का निर्देश जारी करने, पंजीकरण खिड़कियों पर समयानुसार निरीक्षण हेतु पदाधिकारी को भी भेजना शामिल है।सिविल सर्जन जुझार मांझी ने सदर अस्पताल के मैनेजर निशांत को तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट देने का निर्देश जारी किए। इसके अलावे उन्होंने कहा कि जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर आउटसोर्सिंग के कर्मचारी सहित नेहा इंटरप्राइसेज पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, समाजसेवी रंजन सिंह, सुधीर दुबे मुख्य रूप से शामिल थे।

## शिक्षकों के साथ छात्रों ने वाहनों में स्टिकर चिपकाकर किया मतदान के लिए प्रेरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के आदिवासी प्लस टू हाइस्कूल बांगुड़दा के शिक्षकों ने शुक्रवार को स्कूल के छात्र- छात्राओं के साथ मिलकर स्कूल के मुख्य द्वार कातिन में एसवीईईपी कार्यक्रम के तहत बाइक समेत सभी छोटे बड़े वाहनों में स्टिकर चिपकाकर 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।स्कूल के प्राचार्य सुजीत सेठ ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए विभिन्न प्रकार कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पहले रंगोली, मेहंदी व दीया जलाकर वोटरों को प्रेरित करने का प्रयास किया जा चुका है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ, विवेकानंद दरीपा, रथूनाथ महतो, जयंत रजक, प्राणकृष्ण कुंभकार, अभिनव कुमार, कृष्ण कुमार ,वकील राम, विजय कुमार, लक्ष्मी व संगीता आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## लगेगा सिख खिलाड़ियों का जमावड़ा, आर्मरी मैदान में होगा सीएलएस

### क्रिकेट लीग फॉर सिख में युवा दिखाएंगे अपने हुनर का जौहर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) का स्पोर्ट्स विंग आगामी 25 से 27 अप्रैल को बिस्टुपुर स्थित आर्मरी मैदान में सिख युवाओं के लिए तीन-दिवसीय प्रथम टेनिस बॉल क्रिकेट लीग फॉर सिख (सीएलएस) आयोजित करेगा। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने शुक्रवार को स्पोर्ट्स विंग के अन्य सदस्य अमरजीत सिंह, सुखवंत सिंह सुखु, सुखदेव सिंह बिट्टू और प्रिंस सिंह रोशन ने संवाददाता सम्मलेन में लीग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सिख खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म देने के लिए सीजीपीसी यह पहल करने जा रही है। सीजीपीसी का उद्देश्य है कि कोल्हान का हर सिख युवा मोबाइल की आभाषी दुनिया से बहार आये और खेल के मैदान में अपना जौहर दिखाएँ।आयोजन समिति के निदेशक सरदार भगवान सिंह बताया कि विजेता टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी सहित 7000 व उपविजेता टीम को 3000 रुपए नकद पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के तकनिकी निदेशक बलजीत संसोआ ने बताया कि कम से कम आठ तथा अधिक से अधिक 12 टीमों को ही स्थान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा। अभी तक कुल पांच टीमों की प्रविष्टि सुनिश्चित हो गयी है। अमरजीत सिंह, प्रिन्स सिंह रोशन और सुखदेव सिंह बिट्टू का कहना है कि इस लीग में भाग लेने के लिए टीम के सभी खिलाड़ीयों का सिख होना आवश्यक है, गैर-सिख और केश क़त्ल किये हुए सिख भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक टीमें सीजीपीसी कार्यालय से प्रविष्टि पत्र प्राप्त कर सकते हैं या 9934123704, 9006174272 एवं 9031351322 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## बीएसआईएल करेगा अपने आस-पास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड स्थित बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड (बीएसआईएल) प्लांट से लेकर उमेश नगर क्षेत्र के सभी जगह का सौंदर्यीकरण की दिशा में विकास कार्य करेंगे। यह बातें प्लांट के मुख्य अधिकारी शंकर सामंत ने कही। गुरुवार को पत्रकारों से प्रेस वार्ता में बताया कि उमेश नगर बीएसआईएल के सभी जगह को पुराने रौनक़ लाने के लिए नये सिरे से विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जायेगा जिसमे स्थानीय एवं गणमान्य लोगों का सहयोग जरूरी है। यहाँ के लोगो को दोबारा बीएसआईएल की पूरी सुविधा मिलेगा जिससे आसपास के गाँव के लोग भी सिर्जित होंगे। इस दौरान पत्रकारों को बीएसआईएल द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के सवालों का जबाव देते हुए प्लांट के मुख्य अधिकारी शंकर सामंत ने बताया कि जल्द ही प्रदूषण नियंत्रण कर लिया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही हैं। उन्होंने बताया कि प्लांट में डबल्यूएचआर बॉयलर लगाए जाएंगे। इससे कीलन के गर्म गैस को स्टीम बनाकर उपयोग किया जाएगा जिससे विद्युत उत्पन्न होगा। इसके अलावा प्लांट में और दो नया कीलन लगाया जाएगा। इन सभी मशीनों की स्थापना होने के बाद पूर्ण रूप से प्रदूषण नियंत्रण हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी सीएसआर के तहत सुवर्णरेखा कैनल में बनी जर्ज़र पुल का भी जल्द ही बारिश से पहले मरम्मत करवा दिया जाएगा। एनएच से प्लांट तक स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कंपनी ने काम शुरू किया है।

## रामनवमी को लेकर गम्हरिया थाना में शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** रामनवमी पर्व को लेकर शुक्रवार को गम्हरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर उन्होंने आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आपसी तालमेल से शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी जुलूस निकालने की अपील किया। मौके पर उपस्थित बीडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान धार्मिक ही रहना चाहिए। इस दौरान किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नही होना चाहिए। इस मौके पर प्रकाश की व्यवस्था करने, वोलेंटियर्स तैनात रखने, भारी वाहनों पर रोक लगाने, रोड किनारे चना- गुड़ का पंडाल लगाने, विसर्जन जुलूस के दौरान मजिस्ट्रेट व पुलिस की तैनाती करने, सर्विस रोड को जाममुक्त रखने आदि का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रात दस बजे के भीतर जुलूस विसर्जन करने, डीजे का उपयोग नहीं करने, भड़काऊ गानों से परहेज करने आदि का निर्देश भी दिया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी राजू ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई, बीटी दास, अमृत महतो, फूलकांत झा, मनोरंजन सिंह, राजू रजक, रश्मि साहू, सुनीता मिश्रा, शैलेश तिवारी, विवेक कुमार, मुखिया सुकुमति मार्डी, ग्राम प्रधान लकडू महतो, श्यामसुंदर मालाकार समेत विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्य व काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आदित्यपुर में अजय व बाबू पर बम से हमला करने के मामले में 2 को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** विगत दिनों आदित्यपुर निवासी अजय प्रताप सिंह व बाबू दास पर बम से हमला करने के मामले में दो आरोपितों बेलडीह निवासी मोतीलाल बिसुई एवं आदित्य गार्डेन आदित्यपुर निवासी मंतोष महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।अपने कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ सरायकेला संतोष मिश्रा ने उक्ताशय की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि विगत नौ अप्रैल की रात्रि आदित्यपुर थाना क्षेत्र के एमटीसी बिल्डिंग के पास बमबारी की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर अनुसंधान करते हुए कांड में शामिल दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित मोतीलाल व मंतोष महतो का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है।वे दोनों पूर्व में भी बमबारी और आर्म्स एक्ट के मामलों में जेल जा चुके हैं। एसडीपीओ ने बताया कि मोतीलाल बिसुई ने ही बम का निर्माण किया था,वह बम बनाने में माहिर है। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन मोबाइल, घटना के समय आरोपितों द्वारा पहना हुआ कपड़ा के साथ घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर जब्त कर लिया है। छापामारी दल में आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार, संतन कुमार तिवारी, विपुल कुमार, रंजीत कुमार सिंह, दिलशन बिरवा संतीश वर्णवाल आरक्षी संदीप दूबे तकनीकी शाखा के शामिल थे।मोतीलाल बिसुई पर आर्म्स एक्ट व बमबारी के पांच मामले आदित्यपुर थाना में दर्ज है। मंतोष महतो पर भी एक आर्म्स एक्ट का मामला आदित्यपुर थाना में दर्ज किया गया है।

## दलभंगा व कुचाई में मना प्राकृति का त्योहार सरहुल ,मादर की थाप पर थिरके लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के दलभंगा में 39 मौजा बा~ समिति व आदिवासी सामाजिक मंच कुचाई के द्वारा मुंडा सारना उरावं समाज ने सरहुल महापर्व-2024 का आयोजन धूमधाम से किया गया। 39 मौजा बा~ समिति दलभंगा एवं आदिवासी सामाजिक मंच कुचाई के द्वारा दलभंगा हाई स्कूल मैदान तथा आदिवासी उरावं सरना समिति जिलिंगदा में सरहुल महापर्व का आयोजन किया गया। सुबह ही समाज के लोग एकजुट होकर आदिवासी भेष के पहनाव व पारम्परिक रीति रिवाज के तहत पूजा-अर्चना किया। इसके पश्चात दलभंगा कुचाई के विभिन्न सरना स्थल तक शोभा यात्रा निकाली गई। सरहुल महोत्सव को संबोधित करते हुए खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि आदिवासी प्राकृतिक के पूजारी है। हमारा जन्म उसी प्राकृति की गोद में हुआ है और प्राकृति हमारा रक्षक है। यह त्योहार समाज के लिए मात्र मस्ति उमंग का नही बल्कि प्राकृति पूजन का त्योहार है।निःसंदेह सरहुल जनजीवन का प्रतीक- धर्मेंद्र मुंडा मुखिया करम सिंह मुंडा व? अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा ने कहा कि आदिवासियो का महान पर्व है सरहुल। खरसावां विधायक दशरथ गागराई, भाजपा नेत्री मीरा मुंडा,समाजसेवी बासंती गागराई, दलभंगा ओपी प्रभारी रविन्द्र सिंह मुंडा मुखिया करम सिंह मुंडा रेखामनी उरांव मंगल सिंह मुंडा, पुर्व मुखिया मानसिंह मुंडा प्रतिमा देवी,लखीराम मुंडा,धर्मेंद्र कुमार मुंडा, भारत सिंह मुंडा,मुन्ना सोय अजीत कुमार मुंडा सुखलाल मुंडा रामचंद्र सिंह मुंडा संतोष मुंडा भुवनेश्वर मुंडा बैकुंठ मुंडा विमल कुमार मुंडा सोनामनी मुंडा आदि मौजुद थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छवि ड्रामेटिक आर्ट सोसाइटी की ओर से चांडिल के चावलिबासा में, पाथ कम्युनिकेशन की ओर से इचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड एवं नदिसाई में लोक कला मंच खरसावां की ओर से खरसावां प्रखंड के हरिभंजा एवं दीपासाई में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान लोगों से किया गया। मौके पर कलाकारों ने बहकावे में तुम कभी आना, सोच समझकर बटन दबाना, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है,का संदेश नाटक के माध्यम से दिया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया और मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर बैनर प्रदर्शित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का मिथिला दिवस एवं जुड़ि शीतल पर्व कल

### - मिथिला के लोकपर्व के अनुसार पारंपरिक व्यंजनों की रहेगी व्यवस्था




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा 14 अप्रैल को मिथिला दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ लोक पर्व जुड़ि शीतल भी मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति (बाबा कुटी) के परिसर में आयोजित की जाएगी। इसमें मिथिला के पारंपरिक व्यंजनों में दाल पुरी, आम की चटनी, दही बाड़ा, करही बड़ी, जलेबी, दाल, भात, दही आदि की भरपूर व्यवस्था की जाएगी। इस विशिष्ट व्यंजनों का रसास्वादन शहर के मैथिली भाषी एवं आमंत्रित अतिथि करेंगे। इसमें मिट्टी का तिलक भी लगाया जाएगा। इसके साथ इस समारोह में मिथिला दिवस एवं मिथिला में नारी सशक्तिकरण पर परिचर्चा होगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह में चिकित्सा, शिक्षा, उद्यमी, खेल, संगीत, चित्रकला, लिपि, साहित्य, रंगमंच, संगीत आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह लोक पर्व जुड़ शीतल पर्यावरण संरक्षण से संदर्भित है। इस पर्व पौधा के संरक्षण तथा ग्रीष्मकाल में जल के स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक अनुसंधान का भी पर्व है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में परिषद के पदाधिकारी ने सम्मिलित रूप से दिया। संवाददाता सम्मेलन में परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार लाल दास, महासचिव विपिन झा, परिषद के साहित्य प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल, केंद्रीय महासचिव डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी, प्रदेश सचिव पंकज कुमार झा, परिषद के सचिव कृष्ण कामत, विनायक शंकर, तरुण कुमार आदि मुख्य उपस्थिति थे।

संपादकीय

## 'न्याय-पत्र' : कथनी-करनी का अंतर

**लोकसभा** चुनाव-2024 के लिए कांग्रेस ने चुनावी घोषण-पत्र 'न्याय पत्र' नाम से जारी कर दिया है। प्रथम दृष्टया कांग्रेस का यह चुनावी घोषणा-पत्र आकर्षित करता है लेकिन जब व्यवहारिक दृष्टि से इसका मूल्यांकन करते हैं, तो अनेक प्रकार के प्रश्न मुंह बाएं खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस और उसके गठबंधन की सरकारों के बीते कार्यकाल का अनुभव भी घोषणा-पत्र की चुगली करता है। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में पाँच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का दावा किया है। जिनके अनुसार कांग्रेस के पाँच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित है। प्रत्येक न्याय के भीतर बहुत से वादे कांग्रेस ने किए हैं। मजेदार बात यह है कि कांग्रेस के कई बड़े नेता ईवीएम के खिलाफ मोर्चाबंदी कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर राजधानी तक ईवीएम के विरोध में धरने-प्रदर्शनों को आयोजन किया जा चुका है। मध्यप्रदेश में राजगढ़ से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तो मतपत्रों से चुनाव करवाने की माँग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में ईवीएम से ही चुनाव कराए जाने का वादा किया है। कांग्रेस ने इतना अवश्य जोड़ा है कि वह ईवीएम के डेटा का मिलान वीवीपैट स्लिप से कराएगी, ताकि इस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सके। अब देखना होगा कि कांग्रेस के ऐसे नेता क्या कहेंगे, जो निर्वाचन प्रक्रिया को बैलगाड़ी युग में ले जाने के लिए आंदोलन कर रहे थे। कांग्रेस का घोषणा-पत्र उसकी तुष्टीकरण की नीति को भी आगे बढ़ाता दिख रहा है। कांग्रेस ने वादा किया है कि वह पर्सनल लॉ में सुधार को बढ़ावा देगी। जहाँ एक ओर भाजपा है, जो समान नागरिक संहिता की बात कह रही है, वहीं कांग्रेस है जो पर्सनल लॉ को बनाए रखने पर जोर दे रही है। इसके बाद भी देश के कुछ बुद्धिजीवी भाजपा को सांप्रदायिक और कांग्रेस को सेकुलर पार्टी का तमगा देने का प्रयास करते हैं। विधानसभा चुनावों ने जनता ने कांग्रेस के जातिगत जनगणना के मुद्दे को सिरे से नकार दिया है लेकिन कांग्रेस अब भी अपनी जिद पर अड़ी दिख रही है। उसने घोषणा-पत्र में इसे शामिल किया है। कांग्रेस को छोड़कर जा रहे बड़े नेता उचित ही कह रहे हैं कि पार्टी पर कम्युनिस्टों का कब्जा हो गया है और वे पार्टी की नीति-रीति को प्रभावित कर रहे हैं। याद रखें कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक कभी भी कांग्रेस ने जातिगत जनगणना की माँग का समर्थन नहीं किया है। लेकिन राहुल गांधी की कांग्रेस में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। मीडिया को लेकर भी बहुत से वादे कांग्रेस के घोषणा-पत्र में किए गए हैं, जो कांग्रेस की दोहरे आचरण की चुगली कर रहे हैं। घोषणा-पत्र में वादा किया गया है कि 'कांग्रेस मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता सहित भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल करने का वादा करती है'। पहली बात तो यह कि वर्तमान समय में किसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को छीना हुआ है? सब तो अपने मन की बात कह पा रहे हैं। भारत में मीडिया का दमन आपातकाल में ही किया गया था, जो कांग्रेस ने ही देश पर थोपा था। दूसरी बात यह है कि जिस पार्टी ने कुछ माह पूर्व ही देश के प्रमुख पत्रकारों को चिह्नित करके उनका बहिष्कार किया हो, उससे मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? राज्य की बलपूर्वक कार्यवाही से बचाने की बात भी कही गई है लेकिन सबको ध्यान है कि कैसे कांग्रेस की राज्य सरकारों ने विभिन्न पत्रकारों के विरुद्ध मामले दर्ज कराए थे। बहरहाल, कांग्रेस के घोषणा-पत्र में ऐसे कई वादे हैं, जो उसकी नीतियों एवं सोच से मेल नहीं खाते हैं। कांग्रेस और उसके नेताओं को यह बात ध्यान में रखनी होगी कि देश के नागरिक उन्हीं बातों पर भरोसा करते हैं, जिनमें कथनी-करनी की एकरूपता दिखायी देती हो।

> कांग्रेस और उसके गठबंधन की सरकारों के बीते कार्यकाल का अनुभव भी घोषणा-पत्र की चुगली करता है। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में पाँच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का दावा किया है। जिनके अनुसार कांग्रेस के पाँच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित है। प्रत्येक न्याय के भीतर बहुत से वादे कांग्रेस ने किए हैं। मजेदार बात यह है कि कांग्रेस के कई बड़े नेता ईवीएम के खिलाफ मोर्चाबंदी कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर राजधानी तक ईवीएम के विरोध में धरने-प्रदर्शनों को आयोजन किया जा चुका है। मध्यप्रदेश में राजगढ़ से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तो मतपत्रों से चुनाव करवाने की माँग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में ईवीएम से ही चुनाव कराए जाने का वादा किया है। कांग्रेस ने इतना अवश्य जोड़ा है कि वह ईवीएम के डेटा का मिलान वीवीपैट स्लिप से कराएगी, ताकि इस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सके। अब देखना होगा कि कांग्रेस के ऐसे नेता क्या कहेंगे, जो निर्वाचन प्रक्रिया को बैलगाड़ी युग में ले जाने के लिए आंदोलन कर रहे थे।

### सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है

## भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**देश** के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे कालखंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैरकांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा




खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है। तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' जो दल एक परिवार या व्यक्ति द्वारा द्वारा संचालित हो रहे हैं, उनके लिए परिवार ही सर्वोपरि है। उनकी सारी ऊर्जा परिवार के विकास और कल्याण में ही खर्च होती है। उनके एजेंडे में आम आदमी का विकास और कल्याण अंतिम पायदान पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की विचारधारा ने भारतीय राजनीति की इसी विचारधारा को पलटने का काम किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता कहते हैं कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। विपक्ष के लिए तो फैमिली फर्स्ट इसे सारा देश अब अनुभव करने लगा है।

श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को राजनीति और कूटनीति के माध्यम से राज्य, धर्म एवं समाज की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया है। धर्म के विपरीत आचरण करने वालों और सत्ता, सुख-संपदा, धन-वैभव एवं ऐश्वर्य के लिए जीने वालों को उन्होंने समस्त संसार के लिए विनाशकारी बताया है। इसलिए हमारी राजनीति के विमर्श में लोकमंगल की भावना होना बहुत आवश्यक है। राजनीति को सत्ता पाने का अवसर मानने वाली अनैतिकता ही अस्वस्थ राजनीतिक परंपरा को पोषित करती रहती है। यदि राजनीति की ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाया जाए और नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्श का समावेश करते हुए सेवाभाव से कार्य किया जाए तो एक स्वस्थ, सक्षम एवं सजग समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। भाजपा के चाहे दो सांसद रहे हों या 303 भाजपा ने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना। और ये बात उसके चरित्र और आचरण से झलकती भी है। राजनीति का चरित्र-चित्रण, उसके नेतृत्व में प्रतिबिंबित होता है। सही राजनीतिक नेतृत्व किसी भी संस्था या अभियान को जन-जन के बीच पहुंचा सकता है और उसे जनभागीदारी का प्रतीक बना सकता है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान भारत सरकार ने जिस प्रकार से गरीबों एवं असहायों की सहायता के लिए राजनीतिक दूरदृष्टि के साथ शासन एवं प्रशासन का कार्य किया है, वह संस्थाओं के नेतृत्व का श्रेष्ठ उदाहरण है। कोरोना के समय विपक्ष ने नकारात्मक भूमिका निभाई। देश में बनी वैक्सीन से लेकर तमाम व्यवस्थाओं का उपहास उड़ाया। देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत जैसे देश में कोरोना के संकट से निपटते हुए गरीबों, मजदूरों, किसानों, शोषितों और वंचितों के हितों की रक्षा करने से लेकर देश की आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने तक का कार्य, किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन संकट के ऐसे समय में प्रधानमंत्री ने देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ जोड़ने का समेकित प्रयास करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने और जन-कल्याण करने के लिए सरकार की भावी प्राथमिकताओं और योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

> अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी।

दृष्टि कोण

## म्यांमार और बांग्लादेश के लोगों की तरफ मिजो लोगों ने बढ़ाए मदद के हाथ

**पिछले** महीने मैंने कई उत्साहवर्धक दिन मिजोरम में बिताए। मुझे राज्य के राजनीतिक इतिहास के बारे में थोड़ी जानकारी थी। अपने जीवन में मैं कई मिजो लोगों से मिला भी, लेकिन इससे पहले कभी राज्य का दौरा नहीं किया था। सबसे पहले मैंने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी, जहां मैं अपने कुछ पुराने दोस्तों से मिला। ब्रह्मपुत्र नदी के दर्शन का आनंद लिया, विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों से गांधी के बारे में बातें भी कीं। हवाई जहाज की तुलना में ग्रामीण इलाकों को देखने के लिए यात्री ट्रेन एक बेहतर विकल्प है, लेकिन कार शायद अब भी बेहतर तरीका है। लेंगपुई हवाई अड्डे से राज्य की राजधानी आइजॉल तक की यात्रा में डेढ़ घंटे का समय लगा, जो परिदृश्य को समझने के लिए पर्याप्त था। पहाड़ियों के आकार ने मुझे उप-हिमालयी जिलों की याद दिला दी, जो तब उत्तर प्रदेश में थे, अब उत्तराखंड में हैं, जहां मैं पैदा हुआ और पला-बढ़ा। संकरी व घुमावदार सड़कें और तेज बहती जलधाराएं वैसी ही थीं। वनस्पति कुछ अलग थीं, प्रचुर मात्रा में बांस और पर्णपाती पेड़, लेकिन उत्तराखंड के विपरीत कोई शंकुधारी प्रजाति नहीं थी। और मानव आबादी भी बहुत कम लग रही थी। आइजॉल शहर में हर पहाड़ी के हर स्तर पर घर एक-दूसरे से सटे थे, जो नैनीताल और मसूरी की याद दिला रहे थे। सड़कों पर घूमना, खरीदारी करना, कैफे में बातचीत करना, ये सभी राज्य में महिलाओं की उन्नति की गवाही देते हैं। भारत के सभी राज्यों में महिला साक्षरता दर मिजोरम में दूसरी सबसे अधिक है। करीब 60 फीसदी मिजो महिलाएं घर से बाहर काम करती हैं, यह अखिल भारतीय दर (30 फीसदी से कम) से दोगुने से भी ज्यादा है। और देश के किसी भी हिस्से की तुलना में मिजो



महिलाओं के बेहतर वेतन पाने या ज्यादा जिम्मेदारी वाला काम करने की संभावनाएं अधिक हैं। जुलाई, 2022 में प्रकाशित पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मिजोरम में विधायकों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबंधकों के रूप में काम करने वाले महिला-पुरुषों का अनुपात सबसे अधिक 70.9 फीसदी है, उसके बाद सिक्किम (48.2 फीसदी) और मणिपुर (45.1 फीसदी) का स्थान है।' मिजो लोगों की सामाजिक प्रगति कई मायनों में हैरान करती है। यह उनके भौगोलिक अलगाव के विपरीत है और ऐसा तब है, जब कई वर्षों तक विद्रोहियों और राज्य के बीच हिंसक संघर्ष जारी रहा। जिस आइजॉल में मैं अब घूम रहा था और लोगों से बात कर रहा था, वह हलचल भरा और सबकी निगाह में बिल्कुल शांत शहर था, जिसे एक बार भारतीय वायु सेना द्वारा संचालित पहली भारतीय बस्ती होने का गौरव प्राप्त हुआ था। यह 1966 के वसंत में हुआ था, जब एक सशस्त्र समूह मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने भारतीय राज्य के खिलाफ विद्रोह शुरू किया था। एमएनएफ का नेतृत्व लालडेंगा कर रहे थे, जो कुछ वर्ष पहले मिजो हिल्स में पड़े अकाल से बुरी तरह प्रभावित थे, जब व्यापक भुखमरी के प्रति नई दिल्ली की सरकार ने अपर्याप्त प्रतिक्रिया जताई थी। यह सोचकर कि मिजो लोगों का भारत में कोई सम्मानजनक भविष्य नहीं है, लालडेंगा ने पूर्वी पाकिस्तान के सैन्य शासन से संपर्क किया, जिसने उन्हें हथियार और आर्थिक सहायता देने का वादा किया। फरवरी, 1966 में एमएनएफ ने सरकारी कार्यालयों पर आक्रमण किया और संचार प्रणाली को बाधित कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि मिजो लोगों ने अपना एक 'स्वतंत्र' गणराज्य बना लिया है। फिर भारतीय राज्य ने सेना की बड़ी टुकड़ियां भेजीं और वायु सेना को भी भेजा गया। फिर भी विद्रोहियों ने जमकर संघर्ष किया और संघर्ष खत्म होने तथा समझौता होने में दो दशक लग गए। बाद में लालडेंगा भारतीय राज्य मिजोरम के मुख्यमंत्री बने। समझौता होने के बाद मिजो लोगों ने बहुत जल्दी और पूरी तरह से अपने जीवन का पुनर्निर्माण किया, यह उनकी बुद्धिमत्ता और उनके साहस का प्रमाण है। पीड़ा लोगों को प्रतिशोधी बना सकती है, खुद सहे कष्टों के कारण वे दूसरों से बदला लेने पर उतारू हो सकते हैं।

## हम वोट नहीं बिकने देंगे, हम देश नहीं झुकने देंगे



**दिवाकर पाठक**
**हजारीबाग ( कण्डाबेर), झारखंड।**

**चु**नावी महापर्व का पैगाम आया है, नव संदेशा लाया है,हमें जगाने आया है।आओ हम सब मिलकर एक नया संकल्प लें,मतदान करेंगे और चुनावी महापर्व मनाएंगे।सोच समझकर करेंगे मतदान,क्योंकि यह है दानों में महादान,जो करेगा हम सबका कल्याण।मतदान करना देश के सच्चे पुजारी को,जो कर सके मां भारती की कर्तव्यनिष्ठ पूजा,फिर मिल सके देशवासियों को पुण्य का महा प्रसाद।मां भारती की आन बान और शान का जो करेगा सम्मान,वहीं होगा मेरा मतदान।हमारा एक वोट बदल सकता है देश की तस्वीर,और अपनी तकदीर।देश का उदय होगा,तभी हमारा सर्वोदय होगा।देश का अस्त होगा,तो हमारा भी सूर्यास्त होगा।इसलिए एक वोट देश के नाम,फिर कोई काम।चुनाव के इस बाजार में वोट के खरीदार हैं बहुत,बेचकर तुम पापी न बन जाना,क्योंकि यह है पापों में महा पाप।चुनावी माफियाओं को अब दे दो खुली चुनौती,हम वोट नहीं बिकने देंगे,हम देश नहीं झुकने देंगे।पार्टियों के घोषणा पत्र का कर लो अब ज्ञान,फिर देशहित में कर दो अपना मतदान।सच्चा मतदान विश्व शिखर पर ले जाएगा,झूठा गर्त में समाएगा।अब हमें तय करना है भाई,विश्व शिखर पर जाना है,या गर्त में समाना है।स्वयं के मत से करेंगे मूल्यांकन, देशभक्त हैं या फिर देशद्रोही।सच्ची श्रद्धांजलि का है यहअमूल्य मंत्र,पहले देश फिर हम।यही है जीवन का सार,न देशद्रोही बनेंगे,न देशद्रोही का समर्थन करेंगे।हम वोट नहीं बिकने देंगे,हम देश नहीं झुकने देंगे।

देश दुनीया से

## अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

**कहते** हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है। खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा। पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी।



> राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है।

आप का नजरीया

## ताकि आपका मूड बदस्तूर बेमिसाल बना रहे

**अगर** आपसे यह पूछा जाए कि आप सुबह उठने से लेकर रात सोने तक जो कुछ भी करते हैं, उस सबके पीछे आपका मकसद क्या रहता है। आप सहज ही कहेंगे कि हम अपनी खुशी के लिए करते हैं। हम अगर खुद को तकलीफ भी देते हैं, तो वह खुशी के लिए ही होता है। कोई जिम में जाकर अगर भारी भरकम वजन उठाने की पीड़ा सहता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। कोई छात्र पूरी एकाग्रता के साथ घंटों तक पढ़ाई करने का कष्टसाध्य काम करता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। हम अगर नौकरी के लिए खून-पसीना एक करते हैं, तो यह भी खुशी के लिए ही करते हैं। पर क्या आप जानते हैं हम किन वजहों से खुश होते हैं? जब तब आपके दिमाग में और आपके गट में खुशी के होर्मोंस रिलीज नहीं होते, आप खुश नहीं हो सकते। इसलिए अगर आपका मकसद खुश होना है, तो आप इन चार होर्मोंस को ठीक से समझ लें कि ये क्या काम करने से रिलीज होते हैं और फिर सुनिश्चित करें कि आप वे सभी कार्य नियमित करते रहें। सबसे पहला होर्मोन है डोपामीन। इसे फील गुड और रिवॉर्ड होर्मोन भी कहते हैं। जब भी आप अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो उसे हासिल करने पर इनाम के तौर पर आपको यही होर्मोन मिलता है। आप जब भी आनंद देने वाले काम करते हैं, जैसे पसंदीदा भोजलन करना या एक्सरसाइज करते हैं, शॉपिंग करने जाते हैं, संगीत सुनते हैं, तो इन कामों को करते हुए भी दिमाग डोपामीन रिलीज करता है और आपको खुशी जैसी महसूस होती है। आप जो बार-बार मोबाइल देखते हो और किसी पसंद के व्यक्ति का कमेंट पढ़ते हो, लाइक देखते हो, तो भी आपका माइंड डोपामीन रिलीज करता है और आपको अच्छा लगता है। बार-बार आपको अच्छा लगे इसलिए आप बार-बार मोबाइल देखते हो। दूसरा होर्मोन है सिरोटोनिन, जिसे मूड रेग्युलेट करने वाला होर्मोन भी कहते हैं। ये होमोन लेकिन दिमाग में नहीं हमारी गट यानी आंत में रिलीज होता है। यह हमारे मूड को सही करता है, हमें भविष्य को लेकर उम्मीदों से भरता है और हमारी नींद को भी बेहतर बनाता है। अगर शरीर में सिरोटोनिन कम हो जाए तो हम एंजाइटी और डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। हेल्दी और संतुलित भोजन लेने, प्रकृति के बीच लंबे वॉक पर जाने, धूप लेने और ध्यान में बैठने से सिरोटोनिन रिलीज होता है। तीसरा खुशी का होर्मोन ऑक्सीटोसिन है जिसे प्रेम का होर्मोन भी कहते हैं क्योंकि यह हमें सुरक्षा और सामीप्य की फीलिंग देता है और भरोसे को बढ़ाता है। अगर आप अपने जीवन में खुशी के इस होर्मोन को चाहते हैं तो आपको जीवन में प्रेम को जगह देनी होगी, दोस्तों से अपनत्व को बढ़ाना होगा, करीबियों के गले लगना-लगाना होगा, अपने प्रियजनों का हाथ पकड़ना होगा। आप अपने पालतू जानवरों को जितना प्रेम करेंगे, उतना ऑक्सीटोसिन आपको मिलेगा। जीवन में लंबे समय के लिए खुशी चाहिए, तो आपके लिए यह काम ऑक्सीटोसिन ही करेगा। खुशी के लिए चौथा जरूरी होर्मोन एडोर्फिंस हैं। इसका काम आपके दर्द को कम करना होता है।

# ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न ईदगाह व मस्जिदों में नमाज अदा की गई

## नमाज अदा कर अमन खुशहाली की मांगी गई दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड के राहम, कमता, बड़गांव, टंडवा, गाडिलॉन्ग, कसियाडीह इत्यादि गांव में निवास करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को ईद-उल-फितर का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सैंकड़ो की संख्या में लोगो ने मस्जिद व ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा किया। नमाजियों ने गांव प्रखंड जिला के साथ देश की अमन चैन सुख शांति और भाईचारे की दुआ की कामना कि। इस मौके पर मस्जिद ईदगाह खतीब-व-इमाम ने ईद-उल - फितर की महत्व को बताया।उन्होंने बताया कि पवित्र रमजान के महीने में कुरान शरीफ की आयतें इस दुनियां मे नाजिल की गई थी,जिनको रमजान के महीने में पढ़ा जाता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता फितरा और जकात और पुण्य के लिए संपत्ति का कुछ हिस्सा निकालकर असहायों और गरीबों के बीच वितरित कर उन्हें मदद करना है। ईद की नमाज होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद कही साथ ही घर घर जाकर मित्रों-संबंधियों को ईद की मुबारक कही। वहीं बच्चों में ईद को लेकर काफी उत्साह देखा गया है। रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। रमजान के पवित्र महीने की तीसवें रोजे के दिन मे ईद का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व त्याग धैर्य और भाईचारा को मजबूत करता है। इस त्यौहार में लगभग सभी जगह पर पुलिस प्रशाशन की मौजूदगी थी द्य वहीं राहम में मुबारक बाद पेश करने के लिए बिस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभास यादव, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, पंसस विकाश पांडेय, अरविन्द पांडेय, रूपलाल यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मनरेगा योजना में जमकर हो रही है जेसीबी मशीन से कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मनरेगा के तहत योजनाओं में जमकर जेसीबी मशीन से कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत मनरेगा योजना को लाया गया ।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की रोजगार प्रदान किया जा सके। लेकिन प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के नियमों को ताक पर रखते हुए योजनाओं में जमकर जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जा रहा है और गरीब मजदूरों की हक को मारा जा रहा है। साथ ही साथ कई योजना स्थल पर योजना कार्य चलने के दौरान बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए प्रकृति पर्व सरहुल में जिला मुख्यालय से निकला भव्य शोभा यात्रा



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री सत्यानन्द भोगता प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर निकाले गए शोभा यात्रा में शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता जी ने सरना धर्मावलंबियों को अबीर गुलाल लगाकर एवं ढ़ोल नगाड़े मांदर बजाकर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रकृति पर्व सरहुल के पावन अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मांदर और नगाड़ा बजाकर सरना धर्मावलंबियों का स्वागत किया। पारंपरिक लिबास में सजे मंत्री सत्यानंद भोक्ता का अभूतपूर्व स्वागत भी किया गया।

## अवैध तरीके से बालू लदा ट्रैक्टर जप्त, लाया गया थाना बालू माफीयों में हड़कंप



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ समीप से गिद्धौर पुलिस नें शुक्रवार को अवैध तरीके से लदा बालू चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। सभी ट्रैक्टर को प्रशासन ने थाना लाया है। बताया गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल के द्वारा अहले सुबह जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गई है। बताया गया कि दो ट्रैक्टर इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज पंचायत के हुरनाली गांव का है। जबकि दो ट्रैक्टर गिद्धौर थाना क्षेत्र में मंझगांवा पंचायत के घटेरी गांव का है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक दर्ज नहीं हुआ है।

# पत्थलगड़ा सहित पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई ईद मस्जिदों में सामूहिक रूप से अदा की गई नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड सहित पूरे चतरा जिले में आपसी प्रेम, उल्लास और भाईचारे के साथ ईद मनाई गई। रमजान के 30 रोजे के बाद लोगों ने बुधवार को चांद का दीदार किया जिसके बाद मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह, नावाडीह, डमोल, नोनगांव व सिंघानी के मस्जिदों में गुरुवार को सामूहिक रूप से ईद उल फितर की नमाज अदा हुई। सभी मुस्लिम धर्म लंबियों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया, साथ ही साथ सभी ने मुल्क की तरक्की और शांति के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राम सेवक दांगी, बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप सुमन उर्फ महेश दांगी, जितेंद्र तिवारी सहित कई समाजसेवियों ने मिलकर ईद की शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर मौलाना महफूज रहमान ने कहा कि मुस्लिम का सबसे बड़ा त्यौहार ईद को माना गया है। यह त्यौहार प्यार मोहब्बत और अल्लाह से अपना रिश्ता जोड़ने का त्यौहार है जो हमेशा शांति का पैगाम देती है। एक महीने रोजा रखने के बाद दो रकअत शुक्राने की नमाज अदा की जाती है जिसे ईद उल फितर कहते हैं। आपको बताते चलें कि इस्लाम धर्म के अनुयायियों के सबसे बड़े त्योहार ईद को लेकर चतरा जिले में काफी उत्साह देखने को मिला। ऐसे कई लोग हैं जो अपने परिवार के साथ ईद मनाने के लिए दूसरे राज्यों या शहरों से चतरा पहुंचे हैं। ईद के दिन आमतौर पर सभी के घरों में सेवइयां बनाई जाती हैं, इसके अलावा स्वादिष्ट खट्टी मीठी चाट, शामी कबाब, मटन चॉप, मोती पुलाव समेत कई खास व्यंजन बनाए जाते हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने किया सुदूरवर्ती क्षेत्र बूथों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** लोकसभा चुनाव को लेकर पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने प्रखंड के कई सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केदो में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। चतरा एसपी विकास पांडे से मिले निर्देश के बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ प्रखंड के सुदूरवर्ती मेराल पंचायत के कई मतदान केदो में पहुंचे और संबंधित लोगों से यहां मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी मतदान केदो का पुलिस व प्रशासन के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। बूथों पर मूलभूत सुविधा जैसे शौचालय, पानी, बिजली व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है और सुविधाओं के बहाली के लिए संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने सुदूरवर्ती गांवों के मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के लिए सभी को आगे आना चाहिए। निर्भीक होकर लोग मतदान करें। किसी भी स्थिति में असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्वक कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल हैं।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में प्रभारी क्षिक्षक हुए घायल नजदीकी क्लीनिक में किया गया इलाज

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बरियातू पंचायत के बघमरी से जरहा जाने वाली सड़क में शुक्रवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में शिक्षक घायल हो गया। घायल शिक्षक कन्हाचट्टी के कोल्हैया उच्च विद्यालय के प्रभारी कैलाश उरांव बताया जाता है। बताया जाता है। की शिक्षक हजारीबाग से विद्यालय जा रहे थे। इसी बीच गिद्धौर के बघमरी के समीप बाइक अनियंत्रित हो कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।जबकि शिक्षक घायल हो गए। घायल शिक्षक को बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बघमरी जरहा सिंदुआरी जाने वाले पथ में कुछ ग्रामीणों द्वारा बेवजह गतिरोधक बनाया गया है। जो किसी वाहन चालक को दिखाई नहीं पड़ता है। जिसके कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जा रही है। प्रशासन से गतिरोधक को हटाने की मांग किया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शुक्रवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेयजल संबंधित, जमीन विवाद, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## श्री संकट मोचन भवानी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह कलश यात्रा के साथ होगी आज से प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के जुबली चौक के समीप अवस्थित श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार 13 अप्रैल से शुरू होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने व इसे भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। सदस्य सीतेश कुमार ने बताया कि श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। कलश यात्रा सुबह साढ़े छह बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए चाणक्य नगरी के औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरा जायेगा। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी और वेदी पूजन व जलाधिवास कार्यक्रम होगा। 14 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार और मूर्ति नगर भ्रमण कराया जायेगा जबकि 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन और नौ कन्या पूजन कर भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक, लवकुश प्रसाद, रामानुज उपाध्याय, विजय प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, विनोद अग्रवाल, सुनील कुमार शौंडिक, रितेश कुमार, सितेष कुमार, आनंद कुमार, गुड्डू कुमार, नीतेश कुमार, शिवम कुमार व मंटू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## गायब सहायक पुलिस कर्मी जयराम का अब तक नही मिला कोई सुराग



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना में पदास्थापित सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव पिता आदित्य साव ग्राम राजगुरु, थाना बारियातु निवासी रहस्यमयी तरीके से बीते करीब 5 दिनों से गायब है। जिससे परिजन काफी परेशान है एवं किसी अनहोनी घटना को लेकर आशंकित है। जयराम के भाई श्री राम कुमार साव ने बताया की हमारा भाई का लापता हुवे लगभग 5 दिन हो गए है। लेकिन पुलिस अभी तक उसका कोई सुराग नही ढूंढ पाई। आगे उन्होंने कहा कि हमारा भाई बालूमाथ थानां में सहायक पुलिस कर्मी के रूप में पदस्थापित था। पुलिस जब अपना ही अंग को नही खोज पा रही है तो आम आदमी को कितना सुरक्षित रख पाएगी। हमलोगों ने लातेहार एसपी से भी मुलाकात कर शकुशल बरामदगी कराने की बात कही है। इधर तैलिक साहू समाज के प्रबुद्धजनो की एक बैठक बालूमाथ में हुई। जिसमें कई लोग शामिल हुए और सहायक पुलिस की शकुशल बरामद करने की मांग लातेहार जिला प्रशासन से किया है। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को जयराम अपने घर से से ये कहकर निकला था कि हम ड्यूटी जा रहे है डाक लेकर लातेहार जाना है उसके बाद से उसका कोई अता-पता नही है। इधर बालूमाथ पुलिस लगातार उसकी शकुशल बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही है। लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नही लगा है।

# लातेहार में बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर युवा आजसू ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

## नशा वर्तमान के साथ साथ आने वाली पीढ़ी को भी बर्बाद कर रहा : युवा आजसू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने लातेहार के वरीय पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को जिले में सक्रिय ड्रग्स पैडलर/ ड्रग्स माफियाओं की सक्रियता पर कार्रवाई करने और युवाओं को ड्रग्स माफियाओं के चंगुल से दूर करने के लिए पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक सह लातेहार और चतरा के प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में एसपी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने लातेहार में तेज़ी से बढ़ रहे ड्रग्स के कारोबार और युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर उनके भविष्य को बर्बाद कर रहे बेखौफ ड्रग पैडलर की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। युवा मोर्चा की मांग है कि ड्रग्स पैडलर के खिलाफ त्वरित कार्यवाई के लिए स्पेशल दस्ते के गठन, स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान गुमटी, गुटखा, सिगरेट, चाय की दुकानों को अविलंब हटाने और सभी गुमटियों पर स्पेशल दस्ता के माध्यम से निगरानी रखने, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जिले के सभी बॉर्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच करने की जाए। लातेहार एसपी ने कहा की आचार संहिता के बाद युवाओं के जागरूकता के लिए साथ में मिलकर काम करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से युवा आजसू सौरभ कुमार, रुपेश कुमार, राहुल गुप्ता, अमृत गंझू , मनीष कुमार, अनुराग कुमार, राजमनीष कुमार, अंकित, विकास एवं अन्य युवा साथी मुख्य से शामिल रहे।

# चैती छठ को लेकर देवनद छठ घाट तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकआस्था का महापर्व चैती छठ को लेकर विवेकानंद किशोर संस्थान द्वारा चंदवा के देवनद-दामोदर नदी तट की सफाई कराई गई। देवनद-दामोदर तट पहुंचे और नदी तट की साफ-सफाई की। व्रतियों की सुविधा हेतु पानी के ठहराव के लिए बांध का निर्माण कराया। वीकेएस के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा देने के लिए संस्थान प्रयासरत है। संस्थान की ओर से व्रतियों सेवार्थ नदी तट को सजाया और संवारा जा रहा है, नदी तट समेत मुख्य पथ के किनारे प्रकाश की व्यवस्था, नदी तट पर लज्जा गृह का निर्माण कराया जा रहा है। संध्या में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्ध्य के बाद नदी तट पर आम श्रद्धालुओं के लिए संस्थान की ओर से लस्सी की व्यवस्था की गई है साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्ध्य के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद साहू के साथ प्रेमशंकर भगत, अशोक सिंह जाडेजा, निर्मल शर्मा, राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद गुप्ता, संतोष साहू, मनोज सिंह पप्पू, महेंद्र प्रसाद साहू, मनोज सिंह,रवींद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुबोध कुमार, जयेश वरू, मोहिनीश कुमार, सौरभ कुमार, नीतिश कुमार तिवारी, रमन महतो, नवीन सिंह ने छठ घाट की सफाई में अपना योगदान दिया। छठ के गीत से पूरा चंदवा भक्तिमय हो गया है।

## शांतिपूर्ण वातावरण के साथ सरहुल पूजा सम्पन्न किए जाने पर बीडीओ व थानेदार ने पूजा समिति को दी बधाई



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के राजी सरना पड़हा भवन नचना मे प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक के महापर्व सरहुल शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने पर पूजा समिति को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम व बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने धन्यवाद दिया. पूजा समिति के सभी कार्यकर्त्ताओं को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार व थाना प्रभारी राजा दिलावर ने सराहते हुए कहा की क्षेत्र से भारी आबादी मे लोग प्रखंड मे पहुंचे और अपने पुराने परम्परा के साथ ढोल मांदर के साथ ब्लॉक परिसर तक पुरे अनुशासनबद्ध तरीके से पहुंचे। किसी तरह का कोई परेशानी नहीं हुई बल्कि लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग किया और विधिवत कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इस तरह के भारी आबादी मे पहुंचे लोगों को पुलिस को नियंत्रण करने या किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं हुई। पूजा समिति पुरे सजग के साथ अपने कार्य को निर्वहन किया. इसी तरह शांतिपूर्ण तरीके से कोई भी त्यौहार का मनाने के लिए अन्य लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## जन वितरण प्रणाली दुकान से चोरों ने की राशन की चोरी

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कोयद गांव में संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकान से गुरुवार की रात्रि में चोरों ने चार क्विंटल राशन की चोरी किया है। दुकान संचालक फूल कुमारी के पति बजरंगी पासवान ने बताया कि, घर के पीछे से दीवार पर चढ़कर चोरों ने आंगन में उतरा, उसके बाद दुकान में घर के तरफ से लगे दरवाजे मे ताला को तोड़कर तीन किंवटल चावल एवं एक किंवटल गेहूं को चुरा लिया है। चोरी के इस घटना के संबंध में दुकान संचालक ने थाना में अज्ञात लोगों के ऊपर मामला दर्ज कराने की बातें कही है। अतः कोयद पंचायत क्षेत्र में आए दिन इस तरह के कई चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिस कारण पंचायत क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

## हर्षोल्लास व भाईचारे के बीच मना ईद, लोगों ने गले मिलकर दि एक-दूसरे को मुबारकबाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड क्षेत्र सहित चरही के पूरे कोलयंचल क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। बुधवार की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खूब उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास रौनक देखने को मिली। मदीना मस्जिद चरही में सुबह 9 बजे अदा की गई नमाज । लोगों ने नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआएं मांगी। देर शाम तक गले मिलने का चलता रहा दौर चुरचू प्रखंड क्षेत्र में इस बार भीषण गर्मी रही। हलक सुखाने वाले तेज पछुआ हवाओं और बिजली कटौती के बीच पूर्वी हवा के उमस भरे दिन के बावजूद इस पवित्र रमजान माह में रोजा रखने वालों की कोई कमी नहीं रही। काफी शिद्दत के साथ बच्चों सहित वृद्ध लोगों ने रोजा रखा और नमाज अदा की है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल, शहर अखरा से निकली अनेकों झाकियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रकृति पर्व सरहुल गुरुवार को हर्षोल्लास मनाया गया।सर्वप्रथम सरना स्थल पर जिला पाहन बंधन टोप्पो ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा संपन्न की गई।इस प्रक्रिया में प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा मुख्य अतिथि के रूप में एवं किस्टो बेसरा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।तत्पश्चात विभिन्न सरना स्थलों से झांकिया वहां पहुंची।पूजा अर्चना के बाद ये झांकियां प्रशासन द्वारा जारी मार्गो से नगर भ्रमण को निकली।वहीं पुलिस प्रशासन भी इस दौरान एक्टिव मोड में था।मांदर की थाप पर झूमते आदिवासी युवक युवतियां,बूढ़े,बुजुर्गो ने शहरवासियों का मन मोह लिया।इन झांकियों में हुरहुरू, पतरातु बस्ती,कोर्रा,बहोरनपुर, लाखे,नूतन नगर, विश्वा कालोनी, हथ्यारी,दरुवा कुडुआ, नीलदाहा,जमुआरी और कटकमसांडी सरना स्थल की झांकियां थीं। ये झांकियां शहर अखरा से शुरू होकर शहर के ग्वालटोली चौक,सरदार चौक,पंचमंदिर चौक,झंडा चौक,इंद्रपुरी चौक,डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक,भगवान बिरसा मुंडा चौक एवं नया बस स्टैंड चौक होते हुए वापस सरना स्थल पर पहुंची।वहां वक्ताओं ने सरहुल पर्व पर अपने विचार व्यक्त किया।इस दौरान लोगों का उत्साह चरम पर था।पूरे कार्यक्रम में सरना समिति के संरक्षक बंधन एक्का,कृपाल कच्छप,बंधन केरकट्टा,कुलरजन एक्का,सचिव सुनील लकड़ा,अध्यक्ष महेंद्र बेक,उपाध्यक्ष महेंद्र टोप्पो,मनोज टुडू,प्रीतम उरांव,पुरन मुंडा समेत समाज के गणमान्य,शहर के गणमान्य मौजूद रहे।

## प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है सरहुल पर्व : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग :** कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल व समाजसेवी व कांग्रेस वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने नया बस स्टैंड स्थित सरहुल मैदान के धुमकुड़िया अखड़ा में पहुंचे । जेपी पटेल व मुन्ना सिंह ने अखड़ा में माथा टेका व आशीर्वाद ग्रहण किया । मुख्य पहन के द्वारा सखुवा फूल खोस कर व तिलक लगाकर कर जेपी पटेल व मुन्ना सिंह को सरहुल की शुभकामनाएं दिया। अखड़ा के समीप मुन्ना सिंह ने मांदर बजाकर आदिवासी युवाओं व युवतियों का हौसला बढ़ाया और हजारीबाग के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से आए हुए सरहुल शोभायात्रा का किया स्वागत। समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर आदिवासी समाज, प्रकृति और धरती को परिवार मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं। सरहुल पर्व के दिन ,सूर्य भगवान और धरती माँ के ब्याह के साथ सृष्टि का सृजन होता है। आदिवासीयों के पर्व-त्योहार प्रकृति और खेती से ही जुड़े हैं - सरहुल पर्व के साथ ख़रीफ़ खेती की तैयारी शुरू की जाती है । सरहुल पूजा में विक्की कुमार धान, सुनिल तिर्की, प्रदीप बेदिया,जगन कच्छप , रंजित यादव, बबलू सिंह, सुजित सिंह, दिनेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव प्रखंड में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ खुशियों का त्योहार ईद शांतिपूर्वक सम्पन्न



**सिल्ली :** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में महिला व युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुरूडीह निवासी विश्वजीत कुमार शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।इसी घटना में छाताटांड़ ऊपर चट्टानी निवासी संजू देवी भी घायल हो गई। विश्वजीत कुमार अपनी बाइक से रांची की ओर जा रहा था। आजसू कार्यालय के समीप एक अन्य बाइक से टकरा गया। इस बाइक पर संजू देवी बैठी थी। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई है दोनों का इलाज सिल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। गंभीर रुप से घायल महिला संजू देवी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## फिल्म संगीत से मतदाताओं को जागरूक किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन आयोग के साथ जिला प्रशासन हजारीबाग के मतदाता जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के निर्देशन में खोरठा भाषा के प्रसिद्ध गीत के धुन के आधार पर एक विशेष लघु फिल्म का निर्माण किया गया है, जिसको कल देर शाम उनके यूट्यूब चैनल तरंग ग्रुप हजारीबाग पर रिलीज़ किया गया।इस विडियो के माध्यम से मनोरंजक तरीके से जहां कलाकरों ने वोटर हेल्पलाइन ऐप,1950 टोल फ्री नम्बर के साथ मतदाता जनसुविधा केंद्र की सहायता से कैसे हम अपना वोटर आईडी बना कर नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते है।

## प्रकृति पर्व सरहुल में आदिवासियों ने प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के आदिवासी सरना समिति नरकी, खरकी,गाल्होबार सरहुल बाहा स्थान में गुरुवार को प्रकृति से जुड़ा, संरक्षण और संवर्धन का संदेश देने वाला बाहा पर्व(सरहुल) पूरे उत्साह एव धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो नेता गौरव पटेल उपस्थित रहे।इस दौरान आदिवासी समाज के लोगो ने रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना एवं सरई के फूल से नमन कर सखुआ का फूल सभी के कानों में खोसी की गई।इस दौरान युवक युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण कर मंदार की थाप पर कई जोड़ियों ने एक साथ जमकर आकर्षण नृत्य किया।मौके पर मुख्य अतिथि गौरव पटेल ने कहा कि बाहा पर्व (सरहुल) प्रकृति के प्रति अनोखा प्रेम का पर्व है।जो आदिवासी जीवन दर्शन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। आदिवासी लोग सौहार्द, हर्षोउल्लास और सुख समृद्धि के लिए मनाते हैं।वही संरक्षक देवीराम हेंब्रम ने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करें, जल, जंगल, जमीन पेड़-पौधे सूर्य और आकाश ये सभी जीवन के विभिन्न अंग हैं, हम सभी को मिलकर प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए।इस मौके पर झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल,शेख वसीम,प्रसादी यादव,नरकी मुखिया प्रभु गंझू ,छोटू हेम्ब्रम,महासचिव छोटू हेम्ब्रम ,दशरथ मुर्मू,सरंक्षक देवीराम हेम्ब्रम,महावीर मरांडी,फूलचंद मांझी,अध्यक्ष बाबूचंद टुडु,उपाध्यक्ष शंकर हंसदा,कनीराम हेम्ब्रम, सचिव सुरेश कुमार मांझी, परमेश्वर किष्कु, कोषाध्यक्ष नारायण मरांडी, उपकोषाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,नायके बाबा बाबूराम मुर्मू, बाबूचंद सोरेन सदस्य फूलचंद मरांडी, अर्जुन मरांडी, उत्तम मुर्मू,पतु मुर्मू, नारायण सोरेन, बाबूचंद हेम्ब्रम, जीतराम मुर्मू समेत काफी संख्या में तीनो पंचायत के ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## शमशान भूमि पर दबंगो के अतिक्रमण से ग्रामीणों में रोष, अंचलाधिकारी को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत अलखरी खुर्द श्मशान घाट पर दबंगो की नजर पड़ी है।इस बाबत ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज की है। ग्रामीणों के अनुसार अलखरी खुर्द में कई दशकों से शमशान घाट है,उक्त जगह पर आस-पास के लोग अंतिम संस्कार के लिए आते है। उस पर दबंगो के द्वारा जेसीबी मशीन द्वारा श्मशान घाट की भूमि का जबरन अतिक्रमण पिछले तीन दिनों से लगातार किया जा रहा है।ग्रामीणों के द्वारा रोके जाने पर दबंगों ने ग्रामीणों की बात नही मानी।इस बाबत अलखरी खुर्द के सैकड़ो ग्रामीणों ने आवेदन के साथ विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडु से मिलकर आवेदन देकर घटना से अवगत कराया गया।आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अंचलाधिकारी के द्वारा शमशान घाट भूमि पर किए जा रहे कार्य लगी जेसीबी मशीन को तुरंत घटनास्थल पर जाकर हटाया। अंचलाधिकारी के द्वारा कार्य को बंद कराये जाने के बाद उक्त भूमि की जांचोपरांत ही निर्णय लेने की बात कही गई।

## चलंत डीजे बजाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध थाना प्रभारी



**टाटीझरिया :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झरपो , भराजो, अमनारी ,खैरा बेडमक्का ,नारायणपुर , खंभवा ,डूमर, धर्मपुर, टाटीझरिया केसडा , डहरभंगा सहित अन्य गांव से रामनवमी 17 मार्च को निकलने वाली झांकी के अध्यक्ष,सचिव के साथ बैठक थाना प्रभारी की अध्यक्षता में की गई बैठक में निर्देश दिया गया की अपना अपना समिति का लाइसेंस का रिनुअल करवाना था जो बहुत ही समिति का आवेदन अभी तक थाना में नही पहुंचा पाया है थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की थाना क्षेत्र के जो भी समिति अपना अपना लाइसेंस का रिनुअल आज तक नही करवाये है वे अविलंब रिनूवल करवाए और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा जो समिति थाना में लाइसेंस जमा नही करेंगे वैसे समिति को झांकी निकालने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। समिति के चयन कर वोलेंटियर का नाम और कार्ड थाना से बनवा लेंगे शराब पर प्रतिबंध रहेगी बेचते हुए जो भी पकड़े जायेंगे उन पर कानूनी कारवाई किया जाएगा । बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल होपन सिंह ,कुलेश्वर प्रसाद मुकेश यादव प्रकाश गुप्ता सहित समिति के अध्यक्ष सचिव मौजूद थे।

## सरहुल मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारत जगत मांझी परगना महल, कुटमा बरही द्वारा आयोजित सरहुल मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू उपस्थित हुवे। मौके पर सभी को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने कहा कि सरहुल, झारखंड में मनाया जाने वाला आदिवासी समुदाय का एक महत्वपूर्ण और प्रमुख त्यौहार है, जिसे हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सरहुल के इस पवित्र अवसर पर, हम सभी को आदिवासी समुदाय की प्रकृति और रक्षक के रूप में उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए खुशियों की बधाई देते हैं। सरहुल का महत्व उनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है, और हमें इसे समझने और समर्थन करने का अवसर प्रदान करता है। आदिवासी समुदाय के प्रकृति व रक्षक के रूप में, हम सभी को उनकी संवेदनशीलता और सामाजिक सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करना चाहिए। उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखना और उनके समुदाय के विकास में सहयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर उत्थान कर्ता धनी मुर्मू, मुन्ना लाल सोरेन, अध्यक्ष सुरेश मुर्मू, सचिव सोना राम हांसदा, कोषाध्यक्ष संतोष हांसदा, उपसचिव रमेश हांसदा, सूरज हेम्ब्रम, तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शहर के जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के जामा मस्जिद में नमाज़ -ए- ईद दो जमात में हुई, पहली जमात सुबह 8 बजे तो वंही दूसरी जमात 9:30 बजे हुई । इसके साथ ही हज़ारीबाग़ के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा की गई। बता दें कि ईद की नमाज़ अदा करने के बाद लोगो ने पूरे हिन्दुस्तान के लिए दुआएं मांगी व अपने शहर हजारीबाग में ऐसे ही अमन चैन कायम रहे उसके लिए भी दुवाए की । नमाज़ के बाद लोग एक दुसरे से गले मिले । बताते चले कि हर साल कि तरह इस साल भी नमाज़ - ए - ईद के बाद जामा मस्जिद की ओर से सेंवई का इंतज़ाम किया गया । वंही सुरक्षा के दृष्टी से हज़ारीबाग़ जिला प्रशासन के ओर से शहर के सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल दिया गया ।

## हजारीबाग के नवनिर्माण की बागडोर हजारीबाग की जनता के हाथों में : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग की जनता तय कर ले तो वो दिन दूर नहीं जब बड़े शहरों की मॉडल की तरह विकास का मॉडल हज़ारीबाग देगा। बस इस बार अपने जनप्रतिनिधि के चुनाव में हमें जात, पात और पार्टी के चक्कर से ऊपर उठना होगा।उक्त बातें युवा राजनीतिज्ञ हजारीबाग लोकसभा के जेएलकेएम उम्मीदवार संजय कुमार मेहता ने कही। उन्होंने आगे कहा कि हमें एक ही तरह से वोट करने की आदत पड़ चुकी है जिसे राजनीतिक पार्टियां पहचान गई हैं। वह वही जाति वाली समीकरण लगाकर अपना उम्मीदवार देती है। वो जाति वाले उम्मीदवार वैसी ही बातें अपने कैंपेन मे करते है।विकास के अलावा सब तरह की बातें करने वाले उम्मीदवारों को जीत दिलाकर आप उनसे विकास के कामों की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।संजय ने कहा है कि अगर हम अपना वोटिंग पैटर्न बदलेंगे तो पार्टियां भी अपना मुद्दा बदलेंगी और फिर चुनाव के बाद उन मुद्दों को जमीन पर उतारने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ेगा।आप हम जिन मुद्दों पर वोट करते हैं उन मुद्दों पर गुजरात, दिल्ली, मुंबई जैसे राज्यो में वोट नही होता यही वजह है कि बाद में उनके विकास के मॉडल की चर्चा होती है और हमें उनका मॉडल दिखाया जाता है।जेबीकेएसएस संगठन के जरिए हम युवाओं ने अपनी हक अधिकारों की लड़ाई के लिए जनता की आवाज को बुलंद किया है। अब हज़ारीबाग लोकसभा को विकास की गति देने का संकल्प है।लोकसभा चुनाव के बिगुल में उम्मीदवारों के हलचल के बीच संजय कुमार मेहता का नाम बहुत तेजी से उभरा है और जेएलकेएम से जुड़े सभी कार्यकर्तागण 2024 के चुनाव को लेकर काफी उत्साहित हैं।

## प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, ईद -उल- फितर : जयप्रकाश भाई पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ बृहस्पतिवार को पूरे देश भर में ईद -उल- फितर का त्योहार हर्षोल्लाह मनाया गया। इस अवसर पर हजारीबाग में भी प्रेम और भाईचारे का संदेश के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के आईएनडीआईए गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने भी पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर मुस्लिम भाइयों को क्षेत्र ईद उल फितर की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।ईद उल फितर के मुबारक मौके पर जय प्रकाश भाई पटेल ने हज़ारीबाग जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज़ के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## सरहुल पर्व पर नगाड़ों की थाप पर खूब थिरके प्रत्याशी मनीष जायसवाल



**हजारीबाग :** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर एनडीए उम्मीदवार सह हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों में आयोजित कई सरहुल जुलूस और पुजनोत्सव में शामिल हुए। हजारीबाग शहर के न्यू बस स्टैंड के समक्ष अवस्थित सरना स्थल पर पहुंचकर केंद्रीय सरना समिति हजारीबाग द्वारा आयोजित सरहुल पूजनोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका झारखंडी रीती-रिवाज के साथ स्वागत किया गया। सरना धर्मावलंबियों और आदिवासी समाज के पाहन ने सखुआ फुल भेंट कर, अबीर- गुलाल लगाकर, सरहुल प्रतीक हरे रंग की पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया। यहां मनीष जायसवाल ने सरना स्थल पर पूजा-अर्चना कर प्रकृति से जुड़े आराध्य देवी-देवताओं का ध्यान और मनन किया ।सरना पूजा के बाद सरहुल नृत्य के क्रम में सांसद प्रत्याशी श्री जायसवाल भी खुद को रोक नहीं पाए और मांदर- नगाड़े के थाप के बीच श्रद्धालुओं संग वे भी जमकर थिरके।मौके पर उन्होंने कहा कि सरहुल भारतीय आदिवासी सभ्यता व संस्कृति के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश समाज में बिखेरने का सकारात्मक कार्य करता है। यह त्यौहार हमें उत्साह, उमंग और जोश को बरकरार रखते हुए नए कोपलों संग नए तरीके से प्रकृति से जुड़कर जीवन जीने की कला भी सिखाती है।

## ग्राम प्रभारियों को जीत का मन्त्र देंगे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो : विकास राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की ह लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेनआज स्थानीय शिवम् बैंक्वेट, हरनगंज, हज़ारीबाग में आयोजित की जाएगी है। हज़ारीबाग लोकसभा प्रभारी विजय साहू, हज़ारीबाग लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, हज़ारीबाग लोकसभा प्रभारी विकास राणा एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने इस की जानकारी संयुक्त रूप से दी है।सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी, मौलाना नज़रुल हसन हाशमी, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो सहित कई केन्द्रीय नेता शामिल होंगे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल होंगे। इस बाबत केन्द्रीय प्रवक्ता सह लोकसभा प्रभारी विकास राणा न कहा कि ग्राम प्रभारी सम्मलेन में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ग्राम प्रभारियों को जीत का मन्त्र देंगे। आजसू पार्टी गठबंधन धर्म निभाते हुए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करेगी और केन्द्र में मोदी सरकार पुनः स्थापित होगी ! लोकसभा प्रभारी विजय साहू ने कहा कि सम्मलेन के माध्यम से ग्राम प्रभारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया जायेगा। लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो ने कहा कि आजसू और भाजपा का गठबंधन हमेशा मजबूत रहा है आजसू पार्टी विश्वसनीय घटक दल की भूमिका निभाएगी।

## खराब चापानल की शिकायत लेकर सेवा सहयोग समिति के कार्यालय पहुंचीं ग्रामीण महिलायें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोगों को परेशानियों से निजात दिलाने के लिए सेवा सहयोग समिति का एक कार्यालय बीते 9 अप्रैल को कटकमसांडी में खुला।वहां मौजूद समिति के सदस्यों को कई गांवों की महिलाओं ने बताया कि इस बढ़ती गर्मी में पानी की दिक्कत से बहुत परेशानी हो रही है।गांव के चापाकल खराब पड़े हैं।महिलाओं ने समिति से चापाकलों की मरम्मत करवाने की गुहार लगाई। तत्काल हीं सेवा के लिए तत्पर समिति के वोलेंटियर्स तुरंत जुट गये और दूसरे दिन से ही विभाग की मदद से चापाकलों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया। इस विषय में जानकारी देते हुए समिति के संचालक समाजसेवी हर्ष अजमेर ने बताया कि हमारे सदस्य युद्ध स्तर पर जुटे हैं और अब तक दो चापाकलों को बनवाया भी जा चुका है . उन्होंने कहा कि हम लोगों की सेवा के लिए सजग और तत्पर हैं ।हमारी संस्था के सदस्य गांव गांव में हैं और हम तक लोगों की समस्याओं से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंच रही हैं ।अभी कटकमसांडी में संस्था का कार्यकाल खुला है जो सीधा हजारीबाग स्थित मुख्यालय से भी जरूरी सहायता लेकर समस्याओं का निराकरण कर सकता है।

## तीसरे दिन नौ दिवसीय यज्ञ स्थल में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागाँव :** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत एवं बाबा विश्वकर्मा भगवान की यज्ञ स्थल में कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भिंड उमड़ी। साथ ही साथ यज्ञ मंडप के परिक्रमा करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे इस दौरान कथावाचक मानस मंजरी वीणा मिश्रा ने कहा भगवान का भजन ही जीवन का आधार है। भक्ति व भजन जीवन में सबसे जरूरी है, भौतिक वस्तुओं का सुख हम भले ही इस जीवन में ले सकते है, पर हमारी मुक्ति का एक मात्र साधन भजन ही है।भजन बिना भाव का हो तो भजन निष्फल है। लेकिन भजन अगर भाव सहित किया जाय तो भगवान आज भी इसका फल देने आते है। इस कालिकाल में मनुष्य का मन भजन में नही लगता ।राम नाम की महिमा के बारे में भी उन्होंने विशेष प्रकाश डाला।उन्होंने बताया की प्रभु राम ने तो गिने चुने लोगो का उद्धार किया था। पर राम के नाम ने तो करोड़ों पापियों का उद्धार किया है। राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया की सुंदर चरित्र होने के कारण ही भगवान राम कहलाए। मानव जीवन की सुंदरता सुंदर चरित्र से ही होती है ,बीच-बीच में सुंदर भजन के साथ सुंदर झांकी भी प्रस्तुत किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में कथा श्रवण करने आए थे। श्रद्धालु बहुत आनंदित हो रहे थे, पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था। भगवान श्री राम नाम के जयकारे से पंडाल गुंजायमान हो उठा। यज्ञ चार्य जय नन्द मिश्रा,आचार्य पंडित ऋषि राज वेद व्यास मिश्र, आचार्य शिव राम पांडेय, आचार्य राधिका पाण्डेय ,पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पाण्डेय, पंडित रूपम आचार्य,आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पाण्डेय,पंडित सुशील पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने तथा निर्वाचन के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से निर्वाचन के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने सिविल फेडरेशन सर्जन को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्धारित मतदान की स्थिति 20 मई 2024 के दिन 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक सहिया को अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति के मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर पर एंबुलेंस सेवा तथा पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सिविल सर्जन को मतदान की तिथि के दिन मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त की जाने वाली सहियाओं को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित करने एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर किसी भी तरह की कोई भी दुविधा दूर कर देने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जिला स्तर पर योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन के दिन अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले किसी भी मरीज का इलाज प्राथमिकता के आधार पर करने तथा किसी तरह की प्रक्रिया पूरी करने को लेकर किसी भी हाल में चिकित्सा सेवा बाधित नहीं करने का निर्देश दिया।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसी क्रम में दैनिक अखबार में ÷शादी कार्ड में हुई राजनीति की घुसपैठ÷ शीर्षक के नाम से प्रकाशित खबर जिसमें की चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना क्षेत्र में रहने वाले पूरण कुशवाहा द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए व्यक्ति विशेष को वोट करने से संबंधित स्लोगन गृह प्रवेश निमंत्रण कार्ड में अंकित कराया गया व आदर्श आचार संहिता के दरमियान लोगों को निमंत्रण कार्ड वितरित किया गया तथा 27 मार्च 2024 को गृह प्रवेश कार्य संपन्न कराया गया। मामले में संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सिर्फ पुरण कुशवाहा के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में आईपीसी- 1860 की धारा 188 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मंगला शोभायात्रा निकालने को लेकर राकोमयू कार्यालय में हुई बैठक



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित शुक्रवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रिय सचिव सह समाजसेवी राजू यादव कि अध्यक्षता में रामनवमी पुजा के अवसर पर मंगला शोभायात्रा निकालने को लेकर बैठक आयोजित हुई। वहीं पंचायत के विभिन्न टोला से आये हुए सम्मानित सदस्यों से राय विचार कर उरीमारी चेक पोस्ट स्थित गोरी शंकर मंदिर परिसर से उरीमारी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर बने मंदिरो का शोभायात्रा निकाल कर भर्मण किया जाएगा। वहीं 16 अप्रैल को अंतिम मंगलवार को दोपहर दो बजे से गौरी शंकर मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें उरीमारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोग शामिल होंगें। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, चरका करमाली, विश्वनाथ मांझी, चन्दू जायसवाल, दीपक यादव,डा जीआर भगत, कानू मरांडी, बाल्मिकी यादव, बिनोद प्रजापति, गणेश राम, बिहारी प्रसाद गुप्ता,कंचन मांझी,राम दुलार साव, सुनील गुप्ता,राज कुमार सिंह,रवि पावरीया,सीगू मांझी,राजपति,राजू पासवान, सुनील, राजेन्द्र, महेंद्र,बाबू राम,नरेश आदि दर्जनों लोग मौजूद थे

## बासल थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरपुर एवं बिच्चा पंचायत के रामनवमी अखाड़ा के सदस्यों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एवं थाना प्रभारी बासल की उपस्थिति में उ पी एस विद्यालय में शांति समिति बैठक की गई है और थाना के तरफ से अखाड़ा स्थल पर मेडिकल टीम की व्यवस्था एंबुलेंस की व्यवस्था दो पानी टैंकर की व्यवस्था ड्रोन कैमरा की व्यवस्था एवं वीडियोग्राफी के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़, अंचलाधिकारी पतरातू से पत्राचार की गई है साथ ही मेला के बाहर टू व्हीलर फोर व्हीलर स्टैंड की व्यवस्था भी की जा रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-24-ओपी-एल-यूएल-एचटीई-37, दिनांकः 10.04.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** तीन वर्षों की अवधि के लिए हटिया में यांत्रिक लॉन्ड्री के संचालन तथा हटिया स्टेशन में ट्रेनों में लीनेन सेटों की लोडिंग एवं अनलोडिंग के लिए मानव शक्ति की आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** रु. 7,17,82,102.20; **बयाना राशिः** रु. 5,08,900; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.05.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौराः** www.ireps.gov.in. (PR-30)

# बरकाकाना क्षेत्र में ईद की नमाज पढ़ी गई मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना क्षेत्र में ग्यारह जगहों में ईद की नमाज पढ़ी गई सभी जगहों में मुल्क हिंदुस्तान में खुशहाली, अमन, सकून और तरक्की के लिए दुआ की गई। नमाज के बाद लोग आपस में गले मिल कर मुबारकबाद दिए। घर पर सेवइयां, मिठाईयां और विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए और एक दुसरे को तथा आगंतुकों को खिलाया गया। बरकाकाना ईदगाह में खिताब करते हुए हाफिज जाबिर हुसैन फारुकी ने कहा कि एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला यह पर्व हमें क्षमादान एवं अर्थदान करने की शिक्षा देता है रमजान के पाक महीने के दौरान रोजा (उपवास) के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। नमाज के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्राध्यापक डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि ईद हमें गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने तथा उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर देता है। लिहाजा इस त्योहार से पहले अर्थात रमजान और आज ईद में खुलकर गरीब बेसहारों की मदद की जाती। अवसर पर मुफ्ती अब्दुल कुद्दुस मिस्बाही, मौलाना मुर्शीद आलम, मौलाना कमरुद्दीन, हाजी मो खलील, हाजी ताहिर हुसैन, हाजी जाकिर हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, दिलदार हुसैन, मोइन खान, खलील इराकी, नसीम अख्तर, वली मोहम्मद, मोकीम आलम, फरीद अंसारी, हाफिज सौकत, कलीम अंसारी, मो क्यामुद्दीन, आफताब आलम, हफीजुर्रहमान, गुलाम मुर्तजा, हयात अहमद, तय्यब अंसारी, ताहा रजा, नसीर अहमद, मुस्लिम अंसारी, अनवर हुसैन, मो रुस्तम, मो जहीर, मुबारक अंसारी, साजिद इकबाल, अफरोज आलम, मो अफरोज, साजिद अंसारी, कय्युम अंसारी, अमजद अंसारी, आजाद अंसारी वगैरह शरीक थे।

## दस मंदिर समिति अखाडा की एक संयुक्त बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा बजार में श्री श्री रामनवमी पूजा को लेकर अरगड्डा के सभी दस मंदिर समिति (अखाडा) की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। अरगड्डा के पदाधिकारीयो बैठक की अध्यक्षता शिव मंदिर बजार के मुख्य संरक्षक दिवाकर प्रसाद सिंह ने किया तथा बैठक का संचालन छोटू पटेल ने किया। बैठक के दौरान सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अरगड्डा के सभी इस अखाडा के सदस्यों व पदाधिकारियों को जोडकर एक महा समिति बनाया गया जिस महासमिति के मुख्य संरक्षक दिवाकर प्रसाद सिंह रहेंगे तथा प्रत्येके अखाड़ा से जोड़े गए सदस्यो को मिलाकर महासमिति के द्वारा श्री श्री रामनवमी पूजा व जुलुस का सफल संचालन किया जायेगा बैठक के दौरान सर्व सम्मति से बनाया गया श्री श्री रामनवमी महा समिति के इस बैठक में दसों समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

*उरीमारी में प्राकृतिक पर्व सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनी, अच्छी बारिश की हुई कामना*

## भगवान बिरसा मुंडा एवं वीर सिद्धों कान्हो कि पावन धरती है झारखंड : अजय सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा स्थित जुबला सरना स्थल में गुरुवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल धुमधाम से मनाया गया। यहां पाहन द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। एवं सभी के द्वारा सरना झंडा स्थापित किया गया। वहीं सरना धर्म से जुड़े आदिवासी समाज के लोग जलभरी कर अच्छी बारिश की कामना की। वहीं पुजा के उपरांत पाहन ने सभी को बताया कि इस साल अच्छी बारिश होगी। इसके बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।दुसरी ओर जुबला सरना स्थल से सरहुल शोभायात्रा निकाली गई। जो उरीमारी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होते हुए चेकपोस्ट पहुंची एवं चेकपोस्ट से होते हुए उरीमारी गांधी मैदान पहुंची। वहीं इस शोभायात्रा में आदिवासी समाज के द्वारा अनेको झांकियां निकाली गई थी।वहीं सभी लोग संथाली लोकगीत पर नाचते गाते दिखे। जहां सामुहिक सरहुल समिति उरीमारी के द्वारा सरहुल महोत्सव मनाया जा रहा था। वहीं सामुहिक सरहुल समिति कि अध्यक्षता दशई मांझी एवं संचालन अमन हेम्ब्रोम ने किया। वहीं इस सामूहिक सरहुल महोत्सव के मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया व विशिष्ट अतिथि में बिरसा पीओ डी शिवा दास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार,छपर जीवनधारा हेंदेगिर पीओ रमेश्वर मुंडा, झामुमो नेता सह दिशोम मांझी संथाल परगना के केन्द्रीय सचिव सोनाराम मांझी, विंध्याचल बेदिया, उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम मुख्य रूप से शामिल हुए।वहीं इस मौके पर महिला संगिनी अध्यक्ष सुधा सिंह,सुनीता त्यागी,रश्मि कुमारी,शोभा मुंडा, मुखिया कमला देवी, मुखिया चरका करमाली, नंदिनी प्रसाद, कुमकुम शुक्ला, श्वेता प्रियदर्शी, कानू मरांडी, दिनेश करमाली, भवानी शंकर प्रसाद, महादेव मांझी, मांझी हडाम सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा,पंसस बभनी देवी, गीता देवी, समाजसेवी गौरी देवी,बबीता देवी, सुषमा श्रीवास्तव, सीतामुनी देवी,सुखू मांझी,रैना टूडू, तुलसी उरांव, महादेव सोरेन,तालो हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, बिनोद सोरेन,ठुडू मांझी, डीएवी प्राचार्य उत्तम राय, नकुल प्रजापति, कृष्णा सोरेन, संतोष प्रजापति, सुरज बेसरा,लालो महतो, रविन्द्र सोरेन आदि हजारो लोग मौजूद थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों से कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन में आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सभी सदस्यों को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों आदि में कार्यरत कर्मियों को मतदान के दिन अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अवकाश देने तथा इसमे किसी तरह की अवमानना होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत 135 क्ष सहित अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ-साथ रामगढ़ जिले के सभी प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों आदि के संचालकों से लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की अपील की वहीं उन्होंने मतदान के दिन जो भी व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके प्रतिष्ठानों में आए उन्हें किसी भी तरह की सामग्री खरीदने अथवा कोई सेवा देने में आकर्षक छूट देने तथा इस दिशा में रचनात्मक तरीके से कार्य करने की अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मतदान की तिथि के दिन मताधिकार का प्रयोग कर किसी भी पार्क अथवा सार्वजनिक स्थल पर आने वाले व्यक्तियों को पार्किंग में छूट, विभिन्न पार्क आदि में प्रवेश में छूट दिए जाने की बात कही वही उन्होंने सभी सदस्यों से भी इस तरह के पहल किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी सदस्यों के साथ चर्चा की गई।

*एक दुजे को गले लगा कर दि गई ईद की मुबारकबाद*

## उरीमारी एवं सयाल के मदरसों में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी एवं सयाल के मदरसों में गुरुवार को ईद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोग मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर क्षेत्र की खुशहाली व अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई। इसदौरान मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने एक दुसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं उरीमारी मदरसा गौसिया में ईद की नमाज सुबह करीब साढ़े आठ बजे अदा कि गई। यहां मौलाना जसीमुद्दीन ने अच्छे अंदाज में तकरीर पुरे किए। वहीं नमाज अदा करने वालों में सदर मोहम्मद फिरोज अंसारी, सचिव मो मुमताज अंसारी,मो असलम अंसारी,मो इकबाल हुसैन,मो नुर आलम, बहादुर अंसारी मस्कुर,मो मुस्लिम मियां,मो अजमुल,मो सलामत,मो गुलाम वारिस,मो नौशाद आलम,मो नबी हसन आदि रहे।वहीं दूसरी ओर सयाल मदरसा में मौलाना अफरोज आलम ने सभी को तकरीरें सुनाई। इसदौरान मौके पर सदर आलमगीर आलम, उपसचिव सफिक आलम, उपाध्यक्ष मोहम्मद लल्लू,गजंफर अली,जबीर हुसैन,नौसाद खान,अबु उबैदा,नवाब, मोहम्मद इरफान,मो जमील,साबिर हुसैन,मो फैजान,मो नसीम,मो मंटू,मो इकबाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में 325 वां खालसा साजना दिवस बैसाखी आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 325वा खालसा साजना दिवस 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसको लेकर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस वर्ष वैशाखी को खास बनाने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर किला मंदिर लोहार टोला,झंडा चौक, मेन रोड,सुभाष चौक से वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची, प्रभात फेरी का स्वागत रामगढ़ स्त्री साथ संगत के द्वारा किया गया, पश्चात निशान साहेब पर माला डालकर स्वागत किया गया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से माता महेंद्र कौर अरोड़ा के द्वारा स्त्री साथ संगत की प्रधान बलविंदर कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। स्त्री सत्संग की ओर से चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया। साथ ही प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहब पहुंचने के पश्चात निशान साहिब के चोले की सेवा की गई, चोले की सेवा के लिए सरदार सतपाल सिंह सजूजा जी को सरदार गुरदीप सिंह सैनी द्वारा सरोपा देकर समानित किया गया। बता दें कि बैसाखी के उपलक्ष में गुरुवार को गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब आरंभ हुआ है जिसकी समाप्ति शनिवार को होगी। गुरुद्वारा साहिब में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी सरदार, रणजीत सिंह छाबड़ा, सरदार तेजेंदर सिंह सोनी, गुरजीत सिंह सरदार अंकित सिंह कालरा, आशु कालरा,राजा कालरा, बबलू छाबड़ा, यश छाबरा, अनु कालरा, शरद चमन,सरदार रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी सिंह , हरप्रीत सिंह खालसा, जसकीरत सिंह भाटिया, नरेंद्र सिंह चमन, रविंद्र सिंह गांधी पप्पू जैसल कुलवंत सिंह मारवाह रमन बेदी त्रिलोचन सिंह गुरदीप सिंह, राजू जश्सल, महेंद्र कौर अरोड़ा परमजीत कौर, सुमी जॉली, भूषरी, चरणजीत कौर जॉली, जसमीत कौर सोनी,मनप्रीत कौर सैनी, सतविंदर कौर शामिल हुए।

## चितरपुर में विशेष लोक अदालत एवं लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ के तत्वावधान मे प्रखंड-सह अचलं कार्यालय चितरपुर, रामगढ मे विशेष लोक अदालत एवं लिगल ऐड डिफेंस कार्उंसिल ( एलएडीसी) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर रामगढ के डी. चीफ़ एलएडीसी राम जी , असिस्टेंट एलएडीसी अभिनव कुमार उपस्थित हुए जिसमे अनेक उपस्थित लोगो को विशेष लोक अदालत जो व्यवहार न्यायालय रामगढ़ मे दिनांक 27/04/2024 को लगने वाला है एवं लिगल ऐड डिफेंस कौंसिल के कार्यो का विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी, कार्यक्रम मे बताया गया की उक्त तिथि को न्यायालय मे विशेष लोक अदालत का आयोजन विशेष रूप से बिजली संबधित एवं एन.आई ऐक्ट ( चेक बाउंस) से संबंधित वादों के किये लगाया जा रहा है। साथ ही साथ बताया गया कि लोक अदालत मे मामलो को मध्यस्थता के माध्यम से निपटारा किया जाता है।एलएडीसी के सबधं मे बताया गया कि लिगल सर्विसेज ओथोरिटी एक्ट के धारा 12 के अनुसार इस योजना का लाभ किसी भी महिला को, बुजुर्ग को, बच्चो को, किसी भी अनुसूचित जाती-अनुसूचित जनजाती के लोगो को, काराधीन व्यक्तीयों को एवं ऐसे व्यक्तियों को दी जाती है जिनका वार्षिक आय 3 लाख रुपए या उससे कम हो। उपरोक्त योजना के तहत लोगो के अपराधिक मामले मे डालसा के द्वारा वाद मे अपना पक्ष रखने के लिए एलएडीसी को नियुक्त किया जाता है, नियुक्त एलएडीसी वाद से संबंधित कार्य जैसे बेल करवाना, गवाही करवाना, बहस करने का कार्य एवं वाद से संबंधित सम्पूर्ण कार्य माननीय न्यायालय के समक्ष करते है, उपरोक्त योजना के तहत वाद संबधित सम्पूर्ण कार्य लोगों के लिए निशुल्क होता है, लम्बे समय से चल रहे अपराधिक मामलों को देखते हुऐ सरकार के द्वारा चलाए गऐ एलएडीसी योजना का मुख्य उद्देश्य अपराधिक मामलो को यथाशीघ्र निपटारा कराने का है। मौके पर पी एल वी दुरगेश कुमार भी उपस्थित रहे एवं लोगों को डालसा से मिलने वाली योजनाओं के बारे मे बताया।

## आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता प्रतिशत वृद्धि हेतु उपायुक्त के निर्देश पर हुई नई पहल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक रूप से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक लोगों तक मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नई पहल किया गया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिले अंतर्गत सभी सरकारी अस्पतालों में मतदाताओं को मतदान की तिथि को याद दिलाने के उद्देश्य से डॉक्टरों द्वारा ओपीडी पर्ची पर ÷रामगढ़ करेगा वोट, 20मई÷ अंकित कर अस्पताल में आने वाले मरीज को देने का निर्देश दिया।ताकि अस्पताल में आने जाने वाले शहरी व दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं तक मतदान की तिथि याद रहे और मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता अपने अधिकारों का प्रयोग कर मतदान जरूर करें।साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कोई भी मतदाता अपने अधिकारों से वंचित न रहे आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले और अपना मत का प्रयोग जरूर करें।

## ईद - उल - फितर का पर्व रामगढ़ मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ईद - उल - फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, सैंकड़ो की संख्या में मस्जिद और ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा की गई, देश में अमन और भाईचारे की दुआ मांगी गई।आरिफ कुरैशी ने बताया कि पवित्र रमजान के महीने में कुरान शरीफ की आयतें इस दुनियां मे आई थी, जिनको रमजान के महीने में पढ़ा जाता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता फितरा और जकात संपत्ति का कुछ हिस्सा निकालकर असहायों और गरीबों के बीच वितरित कर उन्हें मदद करना हैईद की नमाज होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। घर जाकर अपने परिवार के बीच खुशियां बांटी, मित्रों, संबंधियों के घर जाकर ईद की मुबारक दी, बच्चों में ईद को लेकर काफी उत्साह है।रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं, रमजान के पवित्र महीने की तीसवें रोजे के दिन मे ईद का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व त्याग धैर्य और भाईचारा को मजबूत करता है।सामाजिक कार्यकर्ता आरिफ कुरैशी ने ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व पर जिले वासियों को बधाई दिया है।

## गोला पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक होटल और होटल संचालक के घर से 378 बोतल अवैध शराब जब्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षकको मिली गुप्त सूचना के आधार पर गोला पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक होटल और होटल संचालक के घर से 378 बोतल अवैध शराब जब्त किया है। जबकि होटल संचालक फरार बताया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि गोला थाना क्षेत्र के गोला, सुण्डी टोला निवासी पिन्टु चन्द्र पोद्दार, पिता जीतू चन्द्र पोद्दार घर में अवैध शराब का भंडारण कर डेली मार्केट के निकट अपने होटल में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने गोला थाना प्रभारी को टीम गठित कर छापामारी का निर्देश दिया गया। छापेमारी के क्रम में पुलिस बल को देख होटल में बैठकर शराब पी रहे लोग और होटल संचालक भाग निकले। टीम ने होटल की तलाशी ली।इस क्रम में अवैध रूप से रखे बकार्डी लेमन 180 द्द्य. 08 पीस, सिग्नेचर व्हीस्की 180 द्द्य. 05 पीस, रॉयल स्टैग व्हीस्की 180 द्द्य. 05 पीस बरामद हुआ। वहीं टीम ने होटल संचालक के घर की भी तलाशी ली। जिसमें मैकडोवेल्स व्हीस्की 375 ml. 24 पीस, मैकडोवेल्स व्हीस्की 180 ml 48 पीस, बी-7 व्हीस्की 180 ml 45 पीस, गॉडफादर बीयर 650 ml. 50 पीस, किंगफिशर बीयर 650 ml . 30 पीस, 8 पीएम व्हीस्की 750 ml. 03 पीस और दिलखुश देशी शराब 600 ml 160 पीस अवैध शराब जब्त किया गया। बिना लाइसेंस अवैध रूप से शराब के भंडारण और बिक्री के आरोप में अभियुक्त पर प्राथमिकी दर्ज अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने गुलाब भेंट कर दी ईद की बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद-उल-फितर त्यौहार के अवसर पर नवजवान एकता फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान की अगुवाई मे शांति समिति झरिया के सदस्यों को गुलाब भेंट कर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व सभी ने नमाज ए ईद-उल-फितर अदा की और मुल्क मे अमन, शांति, सौहार्द और खुशहाली के लिये दुआएं की। साथ ही सभी ने एक दुसरे से गले मिल कर ईद की खुशियां बाँटी। वहीं इस मौके पर हर समुदाय के लोग उपस्थित थे।



## मारवाड़ी समाज ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थानी समाज भवन कतरास में शुक्रवार को राजस्थानी समाज ट्रस्ट, मारवाड़ी सम्मेलन कतरास एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच की गयी जिसमें 37 मरीजों को ऑपरेशन योग्य पाया गया। शिविर में मरीजों की जांच एएसजी आई हॉस्पिटल धनबाद के डॉ अभिषेक आनंद, डॉ संजय रजक की टीम ने की। शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष रितु अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, प्रियंका चौधरी, रूपा डंगाईच, अंशु अग्रवाल, राखी चौधरी, प्रीति सिंघानिया, कविता अग्रवाल, राजस्थानी समाज ट्रस्ट के श्रवण खेतान, डीएन चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, अशोक चौधरी, संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## मुखिया की बेटी के जन्म दिन पर पौधा रोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बगोदर प्रखंड क्षेत्र के सुदुर ग्रामीण क्षेत्र अडवारा पंचायत के मुखिया संगीता मरांड़ी ने अपनी बेटी अराध्या मरांडी के दूसरे जन्मदिन के मौके पर अपने ही गांव पंचायत सचिवालय परिसर में फल दार पौधे को रोपण कर जन्मदिन मनाया। वहीं धनेश्वर मरांड़ी ने कहा कि बेटी के जन्मदिन पर पौधे रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश क्षेत्र के लोगों है। सभी लोगों से एक अपील है एक वृक्ष जरूर लगायें समाज सेवी सह शिक्षक छोटन प्रसाद ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति एवं मानव जीवन को सुखी समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का विशेष महत्व है। इस मौके हेमन्त कुमार महतो रोजगार सेवक लालदेव महतो प्रकाश महतो कुलदीप महतो सहित कई समाज सेवी मौजुद थे।

## यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में दानापुर एवं समस्तीपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 01-01 जोड़ी तथा दानापुर से पुणे के लिए 02 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है -1. गाड़ी सं. 01409/01410 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । यह स्पेशल दानापुर और लोकमान्य तिलक के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे । 2. गाड़ी सं. 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । यह स्पेशल समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे । 3. गाड़ी सं. 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन पुणे से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को 19.55 बजे खुलकर बुधवार को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन दानापुर से 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को 06.30 बजे खुलकर गुरूवार को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी । यह स्पेशल दानापुर और पुणे के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर एवं दौण्ड स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 16 तथा साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे । 4. गाड़ी सं. 01471 / 01472 पुणे-दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01471 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन पुणे से 11 एवं 14 अप्रैल तथा 02 एवं 05 मई, 2024 को 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।


### कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू (जिला शस्त्र शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044 (आ)
Email Id: dc-pal@nic.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तिथि की घोषणा के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने हेतु पलामू जिलान्तर्गत वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिन्होंने शस्त्र जमा नहीं किया है तथा जिन्हें स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के आलोक में शस्त्र जमा करने से विमुक्ति प्रदान नहीं की गई है। पत्र निर्गत की तिथि से तीन दिनों (13.04.2024) के अंदर अपना शस्त्र संबंधित थाना अथवा वैध शस्त्र दुकान में जमा कराना तथा इसकी पावती रसीद संबंधित थाने में जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उपरोक्त निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध अनुज्ञप्ति रद्दीकरण की एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।

इसे अंतिम नोटिस समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू
सह–आर्म्स लाईसेंसिंग अथ्योरिटी,पलामू

PR 323751
Palamu(24-25).D


# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता मे जिला सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता मे जिला सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के गणमान्य व्यक्ति एवं निजी व्यक्तियों की सुरक्षा तथा लाइसेंसी आर्म्स को सत्यापित कराकर संबंधित थाना में जमा कराने की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में लाइसेंसी आर्म्स को जमा कराने से मुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद 13 लाइसेंसी आर्म्स को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की गई। वहीं एक आवेदक के पास 2 लाइसेंसी हथियार होने के कारण एक हथियार को संबंधित थाना में जमा कराने का आदेश समिति ने दिया। साथ ही निजी अंगरक्षक की समीक्षा के बाद 5 अंगरक्षकों को क्लोज करने का निर्णय लिया गया। शेष अंगरक्षकों के भुगतान की समीक्षा के पश्चात समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, पुलिस उपाधीक्षक (विशेष शाखा) मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के साथ सोहराब ने मनाया ईद का त्यौहार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सोहराब खान ने ईद का त्यौहार पहला कदम के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। सोहराब हमेशा की तरह अपने चिर परीचित अंदाज में बच्चों को गुलाब का फूल भेट कर ईद की बधाई दी। सोहराब ने कहा की खुशियां बांटने से बढ़ती है और अगर आप अपनी खुशियां अपना त्यौहार ऐसे खास बच्चों के साथ साझा करते हैं तो त्यौहार की खुशियां दुगनी हो जाती है।सोहराब ने धनबाद के लोगों से अपील की और कहा कि अपने व्यस्तम जीवन से थोड़ा सा समय निकाल कर पहला कदम स्कूल के स्पेशल बच्चों से मिलें बहुत सुकून और खुशी की अनुभूति मिलेगी और जितना हो सके पहला कदम स्कूल के लिए आर्थिक सहायता जरूर करें ताकि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। वहीं पहला कदम की संचालिका अनिता अग्रवाल ने कहा की सोहराब मेरे छोटे भाई हैं और पिछले एक दशक से उनका साथ और सहायता पहला कदम के बच्चों को मिलता आ रहा है। सोहराब भैया के स्कूल में आगमन से ही बच्चों के चेहरों पर खुशियां दौड़ पड़ती है। सोहराब ने बच्चों के साथ सेवइयों का लुत्फ उठाया और बच्चों को अल्पाहार करवाया।

## ईद में पौधारोपण के साथ नमाजियों को दिए गए पौधों की ग्रीन ईदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को ईद के मौके पर झरिया में नमाजियों के बीच ग्रीन ईदी (उपहार) के रूप में पौधों का वितरण किया गया। इसके बाद बच्चे युवा वृद्ध सबों ने मिल कर आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया।मौके पर उपस्थित झरिया विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय ने कहा कि झरिया कोयलांचल में प्रदूषण तेजी के साथ बढ़ रहा है। उससे तो यही एहसास होता है कि आने वाली पीढ़ी को अब सांस लेने के लिए शुद्ध हवा तक संभव नहीं होगा। पेड़ों से निकलने वाले ऑक्सीजन ही हमे शुद्ध हवा दिला सकते हैं। इसी लिए इस प्रकार के अभियान चला कर शहर वासियों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरूरत है। प्रदूषण के खिलाफ अभियान में आवाज नहीं उठा सकते तो कम से कम सभी झरिया के नगरिक एक एक पेड़ लगा कर अपने पर्यावरण को संतुलित बनाने का काम करें।कार्यक्रम में ग्रीन लाइफ के डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद, अभिषेक पांडेय, वी के शाहा, शंकर कुमार, डॉ एम समीर, मिर्जा मनावर बैग, जमीरउद्दीन आलम, मोहम्मद नईम, साईम आलम, आफताब आलम, मोहम्मद इकबाल, अशफाक हुसैन, अब्दुल हक अर्शी, अवि, मोहम्मद, अबू हुजैफा, औन, माहिरा, आनम, अहमद, अहद आदि उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मना ईद, जगह-जगह ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कतरास एवं आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ ईद मनाया गया।जगह-जगह ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक दूसरे के गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कतरास बाजार मस्जिद मोहल्ला में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तारीक अनवर उर्फ लालू, मोनू खान, मो रिंकू, जिशान, जसीम, पप्पू, जाविर, शेख तारीक अनवर उपस्थित थे। छडीदारडीह में मुखिया मो अल्ताफ की आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कतरास पंचगढी बाजार में जावेद रजा एवं मंजर आलम के आवास में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छाताबाद में वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, सामाजिक कार्यकर्ता मो शहाबुद्दीन एवं परवेज आलम के आवास में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।


### समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को निर्धारित है। गढ़वा जिला अंतर्गत 080–गढ़वा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 081–भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों/सेक्टर पदाधिकारी के डिस्पैच तथा ई0भी0एम0 के लिए अस्थायी वज्रगृह का निर्माण श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में करने का निर्णय लिया गया है।

अस्थायी वज्रगृह के निर्माण हेतु इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 540/जि0निर्वा0, दिनांक 27.03.2024 एवं आदेश ज्ञापांक 571/जि0निर्वा0, दिनांक 30.03.2024 के द्वारा श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के चिन्हित कमरों का अधिग्रहण किया गया है।

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सद्‌गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वां का सम्पूर्ण परिसर एवं भवन (उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 13.04.2024 से दिनांक 06.06.2024 तक निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO.323777 Election(24-25):D



### कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गुमला (वाहन कोषांग)

**सूचना**

एतद् द्वारा जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में निबंधित अथवा गुमला जिलान्तर्गत परिचालित सभी व्यवसायिक वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है उनके वाहनों यथाः–बस, ट्रक, टाटा मैजिक, विंगर, सवारी, सिटी राईड, बोलेरो, स्कार्पियो, सवारी इत्यादि को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में प्रयुक्त किया जाना है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाहन का अधियाचना आदेश निर्गत किया जा चुका है, बावजूद कई वाहन स्वामियों द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना लॉगबुक निर्गत नहीं कराया गया है व उनका VMS Portal पर इन्दराज कार्य लम्बित है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः सभी वाहन मालिकों को आदेश दिया जाता है कि सूचना निर्गमन तिथि के तीन दिनों के अन्दर आप अपने वाहन से संबंधित सभी मूल कागजात/बैंक विवरणी/ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाईल संख्या आदि को **वाहन कोषांग, गुमला (मेसो कार्यालय भवन, स्टेडियम पार्ट–।। के समीप)** अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर लॉगबुक का संधारण करा लें।

आदेश की अवहेलना गंभीरता से विचारणीय होगा एवं दोषियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 167 के अंतर्गत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 323747 Election (24-25)_D



### समाहरणालय, सिमडेगा (सामान्य शाखा)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में आगामी लोक सभा आम चुनाव – 2024 स्वच्छ, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्‌देश्य से आयुध अधिनियम, 1959 एवं शस्त्र नियमावली, 2016 (यथा संशोधित) के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत जिला में सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र (कारतूस सहित) का सत्यापन के बाद कतिपय मामलों को छोड़कर उसे शस्त्र विक्रेता के पास अथवा संबंधित थाना/ओ0पी0 में जमा किये जाने का आदेश निर्गत किया जा चुका है। तदनुसार एतद् द्वारा जिले में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों, जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है, आगामी 72 घंटे के भीतर संबंधित थाना/ओ0पी0 में अथवा शस्त्र विक्रेता के पास अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र (कारतूस सहित) को जमा करा कर पावती प्राप्त कर लें तथा इसकी सूचना जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय भवन ब्लॉक – A, (मो0 नं0 7008325545) में दें।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 323772 Election(24-25)#D



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा।
(प्रशिक्षण कोषांग– लोकसभा निर्वाचन, 2024)

**–: आदेश :–**

सिमडेगा जिलान्तर्गत अवस्थित केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में लोक सभा आम चुनाव, 2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण कोषांग, सिमडेगा के ज्ञापांक 33 दिनांक 02.04.2024 द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है। शेष यथावत् रहेगा।

| Sl. No. | Date | Training Programme | Participants | Time | Venue | Trainer |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/4/2024 | 2nd Polling Officer | All 2nd Polling Officer | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | DLMT/ALMT |
| 2 | 13/04/2024 | 3rd Polling Officer | All 3rd Polling Officer | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | DLMT/ALMT |
| 3 | 15/04/2024 | DSP/SHO/Inspector | DSP+SHO+Sub Inspector+Police Mobile Parties+Other Police Personnel | 11.00 AM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Dy. SP (HQ)/MT (Police)/ Training Cell |
| 4 | 16/04/2024 | SST/FST/VST/VVT Training of AEO | AEO+ All SST/FST/VST/ VVT+ Expenditure Cell + Videographer | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DEO/SDM/Co-Op. Officer/ Training Cell |
| 5 | 16/04/2024 | Team for Absentee Postal Voter | मतपत्र एवं पोस्टल बैलेट कोषांग | 03.00 PM | समाहरणालय सभागार | AC/CO Simdega & Kolebira/ Training Cell |
| 6 | 18/04/2024 | Presiding Officer | All Women PO | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 7 | 19/04/2004 | P1 | All Women P1 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 8 | 20/04/2024 | P2 | All Women P2 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 9 | 22/04/2024 | P3 | All Women P3 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 10 | 24/04/2024 | Counting Supervisor & Assistants | All Counting Supervisor & Assistants+Officer | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | ARO/Training Cell |
| 11 | 25/04/2024 | Training for EVM and Ground Staff | EVM Management Cell | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | AC/Nodal/Dy. El. Officer/ DLMT |
| 12 | 26/04/2024 | Dispatch & Material Distribution | कार्मिक, सामग्री एवं मतपत्र कोषांग | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | ITDA/Dy. El. Officer/Nodal Material/ Co-Op. Officer/ जिला पंचायती राज पदा0 /Training Cell |
| 13 | 27/04/2024 | Polling Party | Home Voting+Faciliation Center | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DLMT/ALMT |
| 14 | 29/04/2024 | Digital Camera Incharge | Cameraman (AT. Polling Station) | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | Dy. El. Officer /DIO/EDM/ Computer Cyber Cell |
| 15 | 30/04/2024 | PWD Polling Person + Youth Booth Polling Person | All PWD Polling Person + Youth Booth Polling Person | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | Training Cell |
| 16 | 2/5/2024 | Micro Observers | All Micro Observers | 09.30 AM to 03.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT/ Training Cell |
| 17 | 3/5/2024 | Candidate & Election Agent | EEM+MCC+MCM C | 11.00 AM | समाहरणालय सभागार | DEO/Both ARO/Dy. El. Officer/ Training Cell |
| 18 | 3/5/2024 | Party No. 01-158 | All Polling Person of Party No. 01-158 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 19 | 4/5/2024 | Party No. 159-315 | All Polling Person of Party No. 159-315 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 20 | 6/5/2024 | Party No. 316-472 | All Polling Person of Party No. 316-472 | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 21 | 7/5/2024 | Party No. 473 to End | All Polling Person of Party No. 473 to End | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 22 | 8/5/2024 | P+1 (Polling Party) | P, P1, P2, P3 + Sector | 09.30 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | ALMT |
| 23 | 10/5/2024 | Driver, Conductor etc. | Mobilization of Form 12-A | 09.30 AM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | AC/DLMT/Training Cell |
| 24 | 10/5/2024 | Videographer at Polling Station | Poll Day Duty+Mobilization of Signed Form 12-and Appointment Letter | 02.00 PM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | AC/DLMT/Training Cell |
| 25 | 11/5/2024 | Sector Magistrate & Police Officer | All Sector Magistrate & Police Officer | 09.30 AM to 02.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | SDM/DSP/Dy. El. Officer |
| 26 | 12/5/2024 | All Polling Party+Sector Magistrate & Sector Police Officer+Micro Observer | Poll Briefing after 3rd randomization | 11.00 AM | सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा | DEO/SP/ Dy. El. Officer |

संबंधित सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तालिका में निर्धारित तिथि के अनुरूप ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध आर.पी. एक्ट, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR 323753 Election(24-25)#D

संक्षिप्त खबरें

## मां वनदुर्गा में चैती नवरात्र महोत्सव धार्मिक मेला की तैयारी पूर्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोलबा :** मां वनदुर्गा में चैती नवरात्र लेकर पूरी तैयारी हो रही है चैती शुक्ल पक्ष 2081 दिनांक 13-4-2024 दिन शनिवार को संध्या 5:00 बजे नाम अधिवास पूजन प्रारंभ एवं संध्या 6:30 बजे 2100 दीपों के साथ होगी होगी दीप अनावरण एवं 7:15 बजे संध्या महाआरती एवं इस अवसर पर मनीष टेलीकॉम की ओर से 1 क्विंटल 11 किलो का लड्डू का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया जाएगा। एवं महा आरती का मुख्य रूप से नेतृत्व ज्योतिषचार्य संजय मिश्रा द्वारा किया जाएगा। वही चैत्र शुक्ल षष्ठी 2081 दिनांक 14-4 - 2024 दिन रविवार को प्रातः 7:00 बजे से अस्टप्रहरी सकीर्तन वही षष्ठी को गजाधर सिंह बोलबा के द्वारा दो क्विंटल 11 किलो का गज्जा (मीठा) भोग लगाकर सभी श्रद्धालुओं के बीच वितरण की जाएगी। प्रारंभ एवं रात्रि 8:00 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरिया कार्यक्रम होगी।

# लोहरदगा केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में झांकी के साथ निकाला गया सरहुल का भव्य शोभायात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को केन्द्रीय सरना समिति के तत्वावधान में प्राकृतिक के महापर्व सरहुल की भव्य शोभायात्रा स्थानीय झखरा कुबां से पाहन पुजार द्वारा पूजा अर्चना के बाद निकाला गया। जिले भर के अन्य हिस्सों से आए सरना समिति सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक धरोहर, एवं प्राकृतिक विरासत से संबंधित झाकियों के साथ जुलूस निकाला गया जो की मेनका सिनेमा हॉल रोड से होते हुए बड़ा तालाब, थाना टोली, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, शुक्र बाजार, अलका सिनेमा हॉल, न्यू रोड, पावरगंज चौक, कोर्ट रोड एवं शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए जिला समाहरणालय मार्ग मैना बगीचा में पहुंच कर समापन एवं मेला समारोह में तब्दील हो गयी। शोभायात्रा में आदिवासी छात्र संघ, सरना प्रार्थना सभा, राजी पडहा समिति सहित अन्य संगठनो के लोग शामिल हुए। सरहुल शोभायात्रा में आदिवासी अपने वेशभूषा एवं ढोल नगाडो के साथ महिला पुरूष जमकर झूमे इस मौके पर विभिन्न धर्मो के समितियों द्वारा प्राकृतिक पर्व सरहुल की शोभायात्रा पर स्वागत के लिए पुष्प वर्षा शरबत पेयजल एवं गुड चना आदि का वितरित कर पूरे शोभायात्रा में अपनी सहभागिता दिखाए। इनके अलावा विभिन्न सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा स्टाल लगाकर स्वागत किया और चना गुड शर्बत आदि का वितरण किया गया। इसके पूर्व स्थानीय झखरा कुबां में पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना की गई और सुख समृद्धि की कामना की गई। सरहुल पर्व शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आयी हर जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सरहुल फूलों का त्योहार है। पतझड़ के बाद पेड़ों की टहनियों पर नये-नये पत्ते एवं फूल खिलते हैं। साल के पेड़ों पर खिलने वाले फूलों की खुशबू से हम सभी का क्षेत्र सुंदर सुगंधित हो रहा है। हम सभी महापर्व प्राकृतिक बचाने एवं जीवों के प्रति अच्छी भावनाओं के लिए प्रेरित करता है। इस शोभायात्रा यात्रा मे मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री सह वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव,वर्तमान 2024 कांग्रेस लोक सभा प्रत्याशी सुखदेव भगत, वर्तमान भाजपा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव, चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, (पूर्व विधायक कमल किशोर भगत) की पत्नी नीरू शांति भगत, मनीर उरांव, सुखेर भगत, अशोक यादव, मनी उरांव, कंवलजीत सिंह, अंजू देवी, राजन मेहता, आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, आयुष मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, चैतू उरांव, पशुपतिनाथ पारस अजातशत्रु, बाल्मीकि कुमार के साथ जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सरना-सनातन के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

# ईद-उल फितर का त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में शांति व खुशहाली एवं भाईचारा के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुस्लिमो का पवित्र त्यौहार ईद -उल फितर के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिद एव ईदगाह में ईद की नमाज अदा कि गई। वही नमाज़ अदा कर मुस्लिम धर्मावलंबीयो ने रब अल्लाह को याद किया नमाज पढ़ने के साथ साथ प्रखंड जिला और देश में अमन शांति व खुशहाली के लिये सभी मस्जिदों के इमाम ने दुवाएं मांगे। साथ नमाज अदा करने और दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को प्रेम से गले लगा कर बच्चे,बुजुर्ग व नवजवानों ने ईद का मुबारकबाद दिया। वही सेन्हा ईदगाह में हाफिज गुलाम मुस्तफा ने नमाज पढ़ाया,गौसिया मस्जिद सेन्हा में मौलाना सफी अहमद ने नमाज पढ़ाया, अंबिया मस्जिद सेन्हा में हाफिज वसीम अंसारी ने नमाज पढ़ाया। इस के अलावा प्रखंड क्षेत्र के अरु, कालेहेपाट, अरु बांध टोली, उगरा, डाडू, सेरेंगहातु, भड़गांव, अंबा टोली, भंगाडी, झखरा, मुर्कीतोड़ार सहित अन्य मस्जिदों में ईद कक नमाज अदा कर शांति व खुशहाली से भाईचारा के साथ सभी ने मिलजुलकर ईद का त्यौहार मनाया। जिला प्रशासन के निर्देश पर सुरक्षा को लेकर सभी धार्मिक स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस तैनात थी। स्टब ही लोग घर घर जाकर सेवइयां का आनंद लिया और ईद के मौके पर सभी से खुशी खुशी मिलकर एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद दिया। जो देर शाम तक चलता रहा। वही ईद की नमाज अदा करने में मुख्य रुप से अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेट्री मो अजरूद्दीन, गफार अंसारी, इम्तियाज अंसारी, बाबर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, फजल अब्बास, गुजरात खान, असफाक अंसारी, हाजी हसीब अंसारी, हाजी तस्लीम अंसारी, हसनैन अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लोग सभी जगहों पर शामिल थे।

क्षत्रिय महासभा धूमधाम से मनाएगी वीर कुंवर सिंह की जयंती

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक स्थानीय दिव्या पैलेस में ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समाज के विकास, उत्थान, जागरूकता, एकजुटता व समय-समय पर सामाजिक कार्यों के आयोजन पर चर्चा की गयी। बैठक में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के साथ गुजरात में हुए दुर्व्यवहार की निंदा की गई। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं हो वरना क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी क्षत्रिय बंधु से शामिल होने की अपील की गई। बैठक में क्षत्रिय समाज के लोगों का शिक्षा व आर्थिक संपन्नता पर विशेष जोर रहा, वक्ताओं ने संगठन को राजनीति से दूर रखने पर जोर दिया हालांकि झारखंड से समाज के दो स्टिंग एमपी का टिकट कटने और क्षत्रिय समाज को टिकट नहीं दिए जाने पर नाराज दिखे। बैठक में जिला स्तर पर समाज का सर्वे करने, हर महीने की आखिरी रविवार को ट्रस्ट की बैठक रखने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया। बैठक में जयंत कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, पिंटू सिंह, भोला सिंह, अजय चौहान, दिलीप सिंह, दीपक शाहदेव, उजय शाहदेव, दयाशंकर सिंह, विवेक सिंह, विकास शाहदेव, कन्हैया सिंह, संजय शाहदेव आदि मौजूद थे।

# कैरो में प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न हुई। शुक्रवार को पहान बीरेंद्र उरांव, पुजार बिसनु उरांव महतो रामकिशुन उरांव के द्वारा झखरा सरना स्थल पर सरना, धरती माँ, गांवादेवती का आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना की गई। पूजा के पश्चात साल वृक्ष का नव वर्ष आगमन की स्वगत में फुले फूल, अरवा चावल अक्षत, अर्पण सिंदूर शुद्ध जल कलश में भर कर अखडा में झंडा पूजा किया। पूजा के बाद सभी के घरों में प्रसाद का वितरण किया गया।वंही सरहुल शोभायात्रा से पूर्व झखरा स्थल पर सरहुल पूजा सह शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष, सचिव पहान, पुजार एवं गण्यमान्य के द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित विन्देश्वर उरांव ने कहा यह पर्व प्राकृतिक पर पूर्ण रूप से आधारति है यह पर्व की मान्यता है कि सरहुल प्रकृतिक पूजा है जिसे लोग धरती और सूर्य के विवाह के रूप में मनाते हैं। इस पर्व में जीव जन्तु जल, जंगल सहित सम्पूर्ण प्राकृतिक को समृद्धि बनाने का संकल्प लिया जाता है। सरहुल प्राकृतिक के ओर लौटने के साथ नया साल का आगमन आपसी प्रेम का प्रतीक है जिसे सभी जाती धर्म के लोगो को मिलजुल कर मनाने का भी संदेश देता है। पहान बीरेंद्र उरांव ने कहा कैरो प्रखंड मुख्यालय में वर्षो से सरहुल का पर्व पूरे धूम धाम से सभी जाति धर्म को एक जुट कर के मनाते आ रहें हैं।सरहुल पूजा में सभी लोग आपसी गीले शिकवे भूल कर पूरे ग्राम में साल वृक्ष का फूल समृद्धि सुख शांति के लिए अपने घर दवार पर लगाते हैं।

## रामपुर ईदगाह में पढ़ा गया ईद उल फितर का नमाज मांगी गई अमन चैन की दुआ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के प्रखंड क्षेत्र रामपुर गांव में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8 बजे संपन्न हुआ। नमाज बाद में अमन चैन की दुवा मांगा गया इस दौरान मुस्लिम धर्म के लोगों ने बाद में एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दिया। वही अंजुमन इस्लामिया रामपुर सदर अफजल अंसारी सेक्रेटरी ने कहा की एक महीने के रोजा रखने के बाद ये ईद का हसीन मौका हमे मिलता है जिसे हम सब बड़े प्यार और मोहबत के साथ परिवार संग मानते है और खुशियां बाटते है। इस मौके पर शोएब अंसारी, हकीम अंसारी, मनोवर अंसारी, हबीबुल्लाह अंसारी, हजरत अंसारी, इश्तियाक अहमद, जिब्राइल अंसारी, मुमताज सरवर, सिद्दीक अंसारी, रेयाज अंसारी, शमीम अंसारी के साथ सभी मुस्लिम समाज के सदस्यो के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

## इमली पेड़ से गिर नाबालिक बच्चे की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरु पतरा टोली ग्राम में इमली पेड़ से गिरने पर नाबालिक बच्चा घायल हो गया। परिजनों द्वारा अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे ही हुई बच्चे की मौत चिकित्सकों द्वारा जांचोपरांत किया मृत घोषित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित पतरा टोली में इमली पेड़ से गिरने पर एक बच्चे की मौत हो गई। वही मृतक बच्चे की पहचान अरु पतरा टोली निवासी बुत्ता कुजूर का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुजूर के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है कि घटना के पूर्व अभिषेक कुजूर इमली पेड़ पर चढ़कर इमली झाड़ रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से पेड़ पर बच्चा का बैलेंस बिगड़ गया। और बच्चा माथे के सहारे जमीन पर आ गिरा जिससे माथे में गम्भीर चोंट लगने के कारण अभिषेक कुजूर मौत हो गई। वही घटना के पश्चात ग्रामीण व परिजनों के सहयोग से घायल अवस्था मे इबच्चा को लाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ0 राजीव कुमार द्वारा जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद घायल अवस्था मे अस्पताल लाया जा रहा था। जिसे कि रास्ते मे बच्चे की मौत हो गई। इस संदर्भ प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होने के पश्चात गस्ती दल टीम में शामिल ए एस आई अलबिना लकड़ा द्वारा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## उपायुक्त ने 13 मई को होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज गुरुवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 13 मई को लोहरदगा जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर सेन्हा प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा प्रखंड के आरा, अरु, मनहे, मुर्कीतोड़ार के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं हेतु उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरूष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था,बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए हेल्फ़ डेस्क की व्यवस्था, आवश्यक साइनेज लगाने, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार आदि का निर्देश दिया गया। आज इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुरे सुकून वातावरण में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई : मौलाना अशरफी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** किस्को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने देशवासियों को ईद उल फितर का दिली मुबारकबाद देते हुए कहा की किस्को प्रखंड के अनेकों मुस्लिम बहुल क्षेत्र में पुरेसुकून वातावरण माहौल में दो रेकआत शुकराना वाजिब नमाज ईद उल फितर की पढ़ी गई। ग्राम नवाडीह ईदगाह में 7:30 बजे जामा मस्जिद नावाडीह में 7:45 में और तालिमी मिशन नावाडीह में 8:00 बजे के बीच नमाज अदा की गई और पूरे दुनिया में आमनो शांति तथा फिलिस्तीन के मजलूमों की अमनो अमान बैतूल मुकद्दस की आजादी के साथ ही साथ अपने मुल्क से मोहब्बत और भाईचारगी की दुआ की गई। मौके पर प्रखंड प्रशासन की उपस्थिति भी थी बाद नमाज एक दूसरे गिला शिकवा भूलकर गले मिले और ईद की बधाइयां लोगों ने दी। मौके पर मौलाना अशरफी अंजुमन के अलावे सदर रौनक अंसारी, एनुअल हक अशरफी, पूर्व अंजुमन सदर एवं इकबाल अंसारी, तौकीर अहमद, तनवीर अहमद, अब्दुल अजीज अंसारी, अब्दुल रऊफ अंसारी, हुताप, तिसिया, कसयाडीह, नवाडीह ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी तादाद में उपस्थित थे।

## विहिप सदस्य शिबू साहू कि निर्मम हत्या समाज भूल नहीं सकती : मनोज कुमार गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा कि जिला प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि ज्ञापन पत्र के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने जिला के शासन एवं प्रशासन को आश्वस्थ कराते हुवे कहा कि नरेश साहू उर्फ शिबू साहू विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय सदस्य थे, जिनकी हत्या के पश्चात अब तक कोई करवाई नही हुवी, जिसको लेकर समाज मे काफी आक्रोश का माहौल है। यदि शीघ्र अतिशीघ्र अपराध कर्मियों की पहचान,पुष्टि एवं गिरफ्तारी नहीं हुवी तो विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के द्वारा झारखंड प्रान्त को घटना की पूर्ण जानकारी देते हुए बाध्य होकर नियमतः आंदोलन करनी पड़ेगी।वहीं जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि विहिप सदस्य कि निर्मम हत्या समाज भूल नहीं सकती। यदि विहिप सदस्य का खुले आम हत्या हो सकती है तो लो आंन ऑर्डर पर किसको भरोसा होगा, यह अति निंदनिय है। ज़िला मंत्री सतीश पाण्डे ने हत्या की निंदा करते हुए,दोषियों पर करवाई की मांग कि। नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो ने कहा कि नरेश साहू समाज के स्तम्भ थे उनकी अपूर्ण छती की भरपाई नहीं हो सकती।

## चितरी रामनवमी मेला को लेकर हुई आवश्यक बैठक में रविन्द्र सिंह चुने गए अध्यक्ष



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरी महुआटोली साप्ताहिक बाजार स्थल में रामनवमी मेला स्थल में पंचायत उपमुखिया सधनु लोहरा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। जिसमें की आगामी रामनवमी मेले को लेकर नई कमिटी का गठन किया गया। साथ ही मेला स्थल में सभी प्रकार के विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में कई मुख्य बिंदुओं पर वार्तालाप किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया सभी अखाड़े से आने वाले टीमों को प्राइज का वितरण किया जाएगा। साथ ही डॉडू स्कूल मैदान से लेकर बक्शीडीपा तक रोड के किनारे झंडे लगाए जाएंगे मेला स्थल में लाईट व साउंड की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। साथ ही चना गुड़ का वितरण भी किया जाएगा। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कमिटी के गठन किया गया जिसमें रविन्द्र कुमार सिंह को अध्यक्ष,प्रकाश साहू व रोहित उरांव को उपाध्यक्ष,हीरा साहू सचिव व सकलदीप सिंह को सहसचिव,उदय सिंह कोषाध्यक्ष विकाश साहू को सहकोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही राजेंद्र साहू व राजकिशोर राम को मुख्य संरक्षक व संरक्षक में सधनु लोहरा धीरज पाठक को बनाया गया।

# विवशताः जलडेगा में हाथियों का कहर लगातार जारी, वन विभाग की कारवाई हवा हवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ढेंगुरपानी में बीती रात हाथियों ने फिर से कहर बरपाया प्राप्त जानकारी के अनुसार झुण्ड से बिछड़े हाथी ने ढेंगुरपानी गंझु टोली निवासी रमेश प्रधान के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाज को बर्बाद कर दिया वहीं बगल के ही खाती टोली निवासी भीखनी किस्पोट्टा एवं कर्मेला किस्पोट्टा के घर एवं अनाज को भी नुकसान पहुँचाया हालांकि परिवार के लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। फिर हुटुबदा में बिनोद नाग का घर को निशाना बनाते हुए घर को ध्वस्त कर घर में रखे सभी अनाज को खा कर खत्म कर दिया। ज्ञात हो कि बिनोद नाग का घर को 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चार बार निशाना बना चुका है अब घर रहने लायक नहीं है। प्रशासन से मदद की गुहार लगाने के बाद भी जब पीड़ित को मदद नहीं मिला तो परिवार के लोग डर के मारे अपने रिश्तेदार के यहां भाग गए हैं।



**महीनों से परिवार की सुरक्षा पर खतरा एवं जोखिम के बीच जी रहे ग्रामीण**

प्रखंड में विगत कई महीनों से लगातार हाथी उत्पात मचाते हुए घरों को तोड़ रहे हैं साथ ही गरीबों के फसल एवं अनाज को पूरी तरह बर्बाद कर रहे हैं बावजूद उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं। क्षेत्र में हाथी के चपेट में आकर कई ग्रामीण अपनी जान भी गवां चुके हैं विवशता ऐसी है की ग्रामीण परिवार की सुरक्षा की चिंता में रात भर सो नहीं पाते हैं।

**राजनीति चमकाने आते हैं नेता एवं जनप्रतिनिधि**

ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा की उन्हें महज वोट देने की मशीन बना दिया गया है नेता एवं जनप्रतिनिधि हमारे टूटे घर के निकट खड़े होकर फोटो खिंचाते और समाधान होगा कहकर चले जाते हैं लेकिन इस विकराल समस्या का समाधान कोई नहीं करता है। *शाम होते ही गावों में पसर जाता है सन्नाटा* हाथियों का ख़ौफ़ प्रखंड वासियों में इस कदर बैठ गया है की शाम होते ही दूर दराज से प्रखंड मुख्यालय में काम से आये ग्रामीण चिंतित हो जाते हैं । कई लोग तो काम अधूरा छोड़ वापस लौट जाते हैं वहीं शाम होते ही ख़ौफ़ के साये में गावों में सन्नाटा पसर जाता है कि कहीं से हाथी के रूप में काल ना आ जाए वहीं वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में हाथी भगाने हेतु सामग्री तो बाँट देते हैं किन्तु हाथियों के उत्पात को रोकने में सब नाकाम साबित होता है।

# लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में चला मतदाता जागरूकता अभियान

➲ निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने का लिया गया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरुकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जलडेगा स्थित सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की गई। कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक आलोक कुमार ने सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। शिक्षक इत्यानंद बड़ाईक ने 1950 और सी विजिल ऐप वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप अथवा नंबर के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दिया। इस दौरान शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान सुषमा कुमारी, कंचन कुमारी, प्रकाश पूर्ति, प्रकाश लुगुन, करीना, रिया, प्रिया, सपना, रितिका, मेघा, बीनामोती, चंद्रवती, करीना, अनिता, मालावती, असमा, प्रिस्कीला, काजल, अश्रिता, निर्मला, प्रियंका, उपेंद्र, प्रिया, सुमन सहित कई अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ओडगा में बाइक चोरी की घटना हुई कैमरा में कैद



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओपी क्षेत्र अंतर्गत ओडगा बाजार टांड निवासी बलराम साहू पिता स्वर्गीय जीतू साहू का हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल लाल रंग का जिसका नंबर ओ डी 14 वी 5233 है, बुधवार रात को करीब 12 से 1:00 बजे के बीच अज्ञात चोर ने गाड़ी को घर के आंगन से चुरा लिया।जानकारी के अनुसार चोर ने सातीर तरीके से बाइक की चोरी कर लिया। सबसे पहले चोर ने रेलवे में कार्यरत सुरेश महतो का बाइक जिसका नंबर ओ डी 14 पी 3315 हीरो होंडा स्प्लेंडर को उसके क्वार्टर से चोरी कर ओडगा पंचायत के समीप लैफस के पास खड़ा कर वाहन छोड़ दिया तथा बलराम साहू के मोटरसाइकिल पर उसकी नजर पड़ी एवं चोर गाड़ी को चुराकर भाग निकला, बलराम ने बताया कि उसने रात में अपनी गाड़ी का हैंडल लॉक करने भूल गया। इधर चोरी की घटना का वारदात ओडगा पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।इस सम्बन्ध में ओडगा ओपी को सुचित किया गया है।

# पूर्वोत्तर में 25 सीटों पर रोचक सियासी समीकरण

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हर महीने की दस तारीख आते ही असम की 26 लाख से ज्यादा महिलाओं के बैंक खातों में अरुणोदय योजना के तहत 1,250 रुपये जमा हो जाते हैं। बीते साल सरकार ने 2.23 लाख महिलाओं के छोटे कर्ज माफ किए। इससे पहले, नौ लाख महिलाओं के 1,600 करोड़ के कर्ज भी माफ किए जा चुके हैं। 39 लाख स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और ग्रामीण उद्यमी महिलाओं को महिला उद्यमिता अभियान में 10,000 रुपये की मदद दी जा रही है। ये लाभ जो केंद्रीय योजनाओं के अतिरिक्त हैं, बताते हैं कि पूरे देश की तरह असम में भी भाजपा सरकार ने निजी लाभार्थियों का नया समूह खड़ा कर लिया है। यही भाजपा में नए मामा मुख्यमंत्री के उदय का आधार बना है। असम में सीएम हिमंत बिस्व सरमा की यह नई पहचान है। महिलाएं-बेटियां ही नहीं, अधिसंख्य युवा व बुजुर्ग भी उन्हें मामा के नाम से संबोधित करते हैं।साथ ही सालों तक परेशानी का बायस बने रहे बाहरी बनाम असमी मुसलमानों के विवाद के बीच, सरकार ने 2022 में पांच सह-मुस्लिम समूहों को स्थानीय का दर्जा दिया। उन्हें पूर्वी-बंगाल के प्रवासी मुसलमानों से अलग पहचान मिली है। यह एक ऐसा कदम है, जिससे भाजपा को लोकसभा संग्राम-2024 में खासा लाभ मिलने का भरोसा है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिला मतदाताओं को लुभाने में भाजपा ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यह बताता है कि भाजपा के लिए असम कितना महत्वपूर्ण है।पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की 25 में से 14 लोकसभा सीट इसी असम में हैं। बीते आम चुनाव में भाजपा ने एनडीए के जरिये इनमें से 18 सीट पर कब्जा जमाया था।

अब मुख्यमंत्री सरमा का दावा है, इस बार 22 सीट जीतेंगे। इनमें 16 भाजपा की होंगी। भाजपा का दावा यह भी है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और इंडिया-गठबंधन के बीच प्रवासी मुसलमानों के वोट बंटेंगे। फ्रंट ने पिछले चुनाव में बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व में एक सीट जीती थी, तो एक-एक सीट एमएनएफ और निर्दलीय, जबकि चार सीटें कांग्रेस के पास गई थीं। भाजपा मुसलमान मतदाताओं के एक वर्ग को लेकर आशान्वित भी है। हालांकि, बिस्व सरमा कहते हैं कि उन्हें बंगाली मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। अलबत्ता मुसलमान महिलाओं के 10त्न तक वोट मिलने की उम्मीद उन्हें भी है। बीते साल सीएए विरोध के बीच नेल्ली नरसंहार के 40 वर्ष पूरे हुए थे, तो वह मुद्दा बना था। इस बार, चुनावी वर्ष होने के बावजूद इसकी चर्चा नहीं है। मतदाताओं के बीच पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना पर ज्यादा बात हो रही है। बीते साल हुए परिसीमन के बाद यह पहला चुनाव है,जो भाजपा के लिए फायदेमंद दिख रहा है। सीएम बिस्व सरमा मानते हैं कि स्थानीय समुदायों को इससे निर्णायक राजनीतिक भूमिका मिलेगी। परिसीमन का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस के गौरव गोगोई को हुआ। उनकी कलियाबोर सीट ही खत्म हो गई। चुनाव लड़ने उन्हें जोरहाट जाना पड़ा। सिलचर सामान्य से एससी सीट हो गई। तेजपुर का नाम सोनितपुर कर दिया गया है। गुवाहाटी में भाजपा पहले से ही मजबूत थी, बाकी सीटों पर भी उसे मजबूती मिली है। डिब्रूगढ़ में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को कोई परेशानी नहीं है। हालांकि राज्य की सियासत में बदरुद्दीन अजमल अब भी असरदार बने हुए हैं।

## मणिपुर: संघर्ष से बढ़ीं भाजपा की मुश्किलें

मैतेई और कुकी समुदायों के बीच 3 मई, 2023 से शुरू हुए हिंसक संघर्ष ने भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में चुनौती खड़ी की है। सुरक्षा बलों से लूटे गए 5,000 हथियार हिंसक संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। हजारों परिवार विस्थापित हैं। कई लोगों के पास अपने पहचान पत्र नहीं हैं। वे मतदान को लेकर आश्वस्त भी नहीं हैं।मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका वोटर्स में सकारात्मक असर है। मतदान से पहले पीएम नरेंद्र मोदी भी दौरा कर सकते हैं। बाहरी सीट पर दो चरणों में मतदान होगा, जो पहली बार हो रहा है। भाजपा ने यह सीट सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) को दी है। जबकि, मणिपुर इनर सीट से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा है।

## मेघालय : एनडीए ने सीएम संगमा को सौंपी कमान

यहां की दो सीटों, शिलांग व तुरा में कई दल आमने-सामने हैं। शिलांग मेंही नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी), कांग्रेस, वॉइस ऑफ पीपल पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, हिल स्टेट पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। वॉइस ऑफ पीपल पार्टी बाहरियों और हिंदी विरोध के मुद्दे पर पनपी है। उसके विधायकों ने सदन में हिंदी में अभिभाषण देने पर राज्यपाल से मूल प्रति छीन ली थी। भाजपा ने ये सीटें एनपीपी को दे दी हैं। एनपीपी ने दोनों पर महिला प्रत्याशी उतारे हैं। तुरा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा की परंपरागत सीट है, जो 1991 से संगमा परिवार के पास ही है। उनके बेटे कॉनराड संगमा सीएम हैं और सांसद बेटी अगाथा संगमा फिर किस्मत आजमा रही हैं। विरासत की दौड़ में अगाथा के सामने दोनों उम्मीदवार संगमा ही हैं।

## अरुणाचल : कांग्रेस की चुनौती

अरुणाचल प्रदेश पूरब और पश्चिम दो सीटें हैं। भाजपा के क्रमशः तापिर गाओ व केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों इस बार भी उम्मीदवार हैं। रिजिजू का सामना कांग्रेस के नबाम तुकी से और गाओ का कांग्रेस के ही बोसीराम सिरम से होगा। यहां विधानसभा चुनाव भी साथ ही हो रहे हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है।



## बांग्लाभाषी मुसलमानों का दबदबा घटेगा

राज्य में जो 1.26 लाख संदिग्ध मतदाता हैं, उनमें हिंदू बंगाली भी काफी हैं। सीएए उन इलाकों में लागू नहीं होगा, जहां छठे शेड्यूल की काउंसिल हैं। असम में कार्बी-आंग्लोंग, उत्तरी कछार हिल्स, बॉर्डर लैंड, प्रादेशिक काउंसिल सीएए से अप्रभावी रहेंगे। मिजोरम और मेघालय की तीन क्षेत्रीय परिषदें इससे बाहर हैं। नगालैंड, अरुणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा व सिक्किम के एक हिस्से में ही सही, इसका असर जरूर होगा।

## मुक्त आवागमन व्यवस्था का अंत, असर मिलाजुला

मणिपुर हिंसा के बाद भारत-म्यांमार सीमा के आरपार मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को गृह मंत्रालय ने खत्म कर दिया। माना जा रहा है, इसका मणिपुर के साथ मिजोरम और नगालैंड की एक-एक लोकसभा सीट पर व्यापक असर हो सकता है। मणिपुर सरकार एफएमआर को उपद्रवियों और मादक पदार्थ तस्करों के लिए मददगार मानती थी, लेकिन कुकी संगठनों और मिजोरम-नगालैंड के कुछ संगठनों ने इस फैसले का विरोध किया है। नगालैंड में सर्वदलीय सरकार है। भाजपा ने यहां मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के दल नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के उम्मीदवार को उतारा है।

## असम: बड़े आंदोलनों की जन्मभूमि है ऊपरी असम

समृद्धि, राजनीति को किस तरह ललचाती है, इसकी मिसाल ऊपरी असम है। यह इलाका राज्य की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करता है। चाय बागान व तेल इस क्षेत्र की पहचान हैं। यह क्षेत्र कभी टिम्बर के कारोबार का गढ़ हुआ करता था। यहीं लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और जोरहाट सीटें हैं। इसी इलाके में असमी अस्मिता बड़ा मुद्दा बना। मूल असमियों के साथ जनजातीय, टी ट्राइब्स, हिंदी भाषी, नेपाली और मारवाड़ी यहीं बसे हैं। यहां तीन बड़े आंदोलन हुए है। 1979-85 के बीच छात्र आंदोलन हुआ, उल्फा की हिंसा से प्रभावित क्षेत्र भी यही था और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में जबरदस्त आंदोलन भी इसी इलाके में हुआ।

## विकास परियोजनाओं से बदल रही तस्वीर

**भाजपा ने भरोसेमंद सहयोगियों के साथ दो दशक में पूर्वोत्तर में जनाधार खासा बढ़ाया है। 2004 व 2009 में जहां पार्टी के 4 सांसद थे, 2014 में दोगुने हुए और 2019 में 14 पर पहुंच गए। सहयोगी दलों के सांसदों के साथ एनडीए की ताकत 18 तक पहुंची है। मणिपुर की नस्ली हिंसा ने जरूर देश को बेचैन किया। अलबत्ता संस्थागत उपेक्षा की समाप्ति के साथ विदेशी घुसपैठ, उग्रवाद, राज्यों के आपसी सीमा विवाद, सशस्त्र संघर्ष के दौर से पूर्वोत्तर के राज्य बाहर आए हैं। आधारभूत विकास परियोजनाओं से इन राज्यों की तस्वीर बदल रही है। दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। यहां 2014 से अब तक 9,500 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। उग्रवाद की घटनाओं में भी 71 फीसदी की कमी आई है। बेशक, पीएम नरेंद्र मोदी को इसका श्रेय जाता है। दस साल में पूर्वोत्तर को भारत का प्रवेशद्वार बनाने की सफल कहानी में दम है।**

**नगालैंड:** इकलौती सीट अभी भाजपा की सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के पास है। एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर किस्मत आजमा रहे हैं।

**मिजोरम :** नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हराया था।

**सिक्किम:** इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा फिर प्रत्याशी हैं। उनका मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से होगा। यहां भी विस चुनाव हो रहे हैं।

**त्रिपुरा :** भाजपा को विपक्ष का साथ राज्य में दो लोकसभा सीटें हैं। 2019 में दोनों भाजपा के खाते में गई थीं। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। वे त्रिपुरा की स्थानीय आबादी की पहचान, इतिहास, संस्कृति और भाषा का संरक्षण चाहते हैं। सामने कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। दोनों एक-एक सीट आपस में बांट भाजपा और सहयोगियों का मुकाबला करेंगे। भाजपा ने यहां पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा को अवसर दिया है।

# बंगाल को आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह बताने वाले बयान पर बीजेपी-टीएमसी में टकराव



एजेंसी

**कोलकाता :** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस में एनआईए को बड़ी सफलता मिली है. एनआईए ने हमले की रचने और उसे अंजाम देने वाले दो लोगों को आज सुबह बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के कांथी से गिरफ्तार किया है. इस मामले को लेकर चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच एक राजनीतिक टकराव की शुरुआत हो चुकी है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के कूचबिहार के दिनहाटा में एक चुनावी रैली में उन आरोपों पर पलटवार किया कि जिनमें उनके शासन में राज्य को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बताया गया. ममता बनर्जी ने कहा,वे लोग (जिन्हें गिरफ्तार किया गया) बंगाल के निवासी नहीं हैं. वे यहां छिपे हुए थे, उन्हें दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया.तृणमूल प्रमुख ने गुस्से में कहा, अगर बंगाल में शांति है तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती.इसी के साथ उन्होंने भीड़ से पूछा कि क्या उत्तर प्रदेश सुरक्षित हैं ? क्या राजस्थान सुरक्षित हैं? क्या बिहार सुरक्षित हैं?.वहीं वरिष्ठ तृणमूल नेता कुणाल घोष ने भी भाजपा के हमलों पर पलटवार करते हुए कहा कि गिरफ्तार करने वाली एजेंसी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी या एनआईए को ÷राज्य पुलिस का सक्रिय सहयोग स्वीकार करना होगा.÷ उन्होंने जोर देकर कहा, ÷उनकी प्रेस विज्ञप्ति में गिरफ्तारियों में राज्य पुलिस के सहयोग का साफ जिक्र है. मुसाविर हुसैन शाज़ेब और अब्दुल मथीन ताहा को कैफे ब्लास्ट का प्रमुख साजिशकर्ता माना जा रहा है. ताहा ने कथित तौर पर लॉजिस्टिक का काम देखा जबकि शाज़ेब ने बम लगाया. उनका पता कोलकाता से 180 किलोमीटर दूर पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक छोटे से शहर कांथी या कोंताई में लगाया गया था. कांथी भाजपा के शुभेंदु अधिकारी का गढ़ है, जो 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी थे. अधिकारी ने नंदीग्राम सीट से एक हाई-प्रोफाइल मुकाबले में ममता बनर्जी को हरा दिया था.

# भाजपा प्रत्याशी वीडी राम का जबर्दस्त विरोध, वीडियो वायरल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गुरुवार को मुस्लिम धर्मावलंबी ईद पर्व मनाने में मशगुल थे, आदिवासी समाज ढोल और नगाड़ों की थाप पर नाच गाकर सरहुल मना रहे थे, वहीं दूसरी तरफ पलामू का राजनीतिक हलचल भी परवान चढ़ा हुआ था। इस दिन वर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी वीडी राम का कई गांव में दौर था। इस दौरे का सोशल मीडिया पर एक वीडियो इतना वायरल हुआ कि लोग दिन भर इसी को देखते रहे और इसी वीडियो की चर्चा करते रहे। इस दिन वीडी राम चुनावी दौरे में थे। किसी गांव में घूम रहे थे और वहां ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना उन्हें करना पड़ा। ग्रामीण साफ-साफ कर रहे हैं कि संसद ने कोई विकास का कार्य किया ही नहीं। आज वोट है तो गांव-गांव, गली-गली घूम रहे हैं। इसके साथ ही अनाप-शनाप शब्दों का भी प्रयोग ग्रामीणों के द्वारा किया गया। सांसद और भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को ग्रामीण अपना कोपाजन बना रहे हैं और सभी बातों को वे सुन भी रहे हैं।

इसका वीडियो इतना तेजी से वायरल हुआ की पूरे पलामू जिले में यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया। दो बार पलामू लोकसभा का चुनाव जीतकर तीसरी बार चुनावी समर में दौड़े भाजपा प्रत्याशी बीडी राम का हर कदम पर और हर मोड़ पर जबरदस्त विरोध हो रहा है। हर जगह इन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जब पार्टी ने इन्हें टिकट दिया, इस समय से ही इनका का विरोध जारी है। पलामू और गढ़वा दोनों जिलों के लोग इनका विरोध कर रहे हैं।

इस विरोध के बीच वे इत्मीनान भी हैं कि वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। भाजपा प्रत्याशी ने जोर शोर तरीके से अपना चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। वह हर रोज विभिन्न प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इस दौरे के क्रम में इनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता आगे पीछे कर रहे हैं। और साथ में इन्हें वोट दीलवाने के लिए दौड़ रहे हैं।

# जंगल राज खत्म कर बिहार में किया न्याय के साथ विकास : नीतीश

एजेंसी

**नवादा :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हमने बिहार में जंगल राज को खत्म कर न्याय के साथ विकास किया है,जिसका कारण आज बिहारवासी चैन से खुलेआम सड़को पर घूम कर अपना कारोबार कर रहे हैं। नहीं तो शाम होते ही घरों से भी निकलना मुश्किल था ।वे शुक्रवार को नवादा जिले के वारसलीगंज में लोकसभा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में चार लाख शिक्षकों को बहाल कर एक बड़ा काम किया है ।हमारी सरकार कम से कम 10 लाख लोगों को नौकरी तथा रोजगार देने की व्यवस्था की है ।इसलिए आप सबों से आग्रह है कि आप एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर को जिताकर नरेंद्र मोदी को 400 सांसदों से भी ज्यादा बहुमत दिलाकर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनवाएं।उन्होंने कहा कि हम लोग 2005 में सरकार में आए थे और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज के दिनों को याद दिलाया और उसे नहीं भूलने की सलाह दी। सीएम ने कहा कि



आप शाम को घर से बाहर नहीं निकलते थे। उसको तो याद नहीं है। अब सब लोग शाम को चहल रहे हैं। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। हम लोग 18 वें साल में है। इससे पहले उन्हें मिला था 15 साल, पति-पत्नी राज किए, कोई काम हुआ था, कुछ नहीं हुआ था। पहले की स्थिति पूरे तौर पर लोगों को मालूम होना चाहिए था। कितना विवाद और झगड़ा होता था। हिंदू-मुस्लिम में भी खूब झगड़ा। 2006 के बाद कोई झगड़ा होता नही है। जब हम लोग आए तो सबको एकजुट किया। काम करने वालों को वोट दीजिए। 2010 के चुनाव में 50 फीसदों मुस्लिमों ने एनडीए को वोट दिया था। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक महीने में 30-40 लोग आते थे। अब साल में एक हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य तथा शिक्षा को बेहतर बनाया। विधि व्यवस्था को बेहतर बनाकर गुंडो को सलाखों के पीछे डाला।

# पीलीभीत के नाम से भाजपा नेताओं का चेहरा पीला : अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पूरनपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीलीभीत का चुनाव पहले चरण में ही है, पहले चरण में ही हम लोग खुशखबरी सुनाने जा रहे हैं। यहां बड़े-बड़े नेता आ चुके हैं। देश के बड़े नेता आकर अपनी बात कह चुके हैं। लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, उनका चेहरा पीला हो जा रहा है। पीलीभीत का नाम सुनकर भाजपा के तमाम नेताओं का चेहरा पीला हो जा रहा है। यह इसीलिए हो रहा है, क्योंकि यहां की जनता ने इस बार मन बना लिया है। सपा को ऐतिहासिक वोटों से जिता कर भेजना चाहती है। सपा मुखिया ने किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के लोग तीन



काले कानून लाए थे। ये कानून इसलिए वापस हो गए थे, क्योंकि ये लोग किसानों से घबरा गए थे। उन्होंने कहा कि जो किसानों पर थार चढ़ा रहे हैं, उन्हें सरकार ने सम्मान दिया। थार से किसानों का आंदोलन रौंदा गया। वरुण गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन की बात कर रहे थे, उन्हें मंच पर जगह भी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि कोई नया प्रत्याशी आया है, जो कह रहे हैं कि हमें पहले पता होता है यहां से चुनाव लड़ना है तो पीलीभीत को बंबई बना देता।

अखिलेश ने कहा कि हम कहते हैं कि इसको बंबई मत बनाओ। बंबई अर्थव्यवस्था की राजधानी है। वहां नाचा-गाना भी होता है। भाजपा प्रत्याशी कौन सा पीलीभीत बनाना चाहते हैं। आगे कहा कि ये कई दल घूम आए हैं। इनका मामला सेट हो जाता है, तो दूसरे दल में भी चले जाते हैं। इन्होंने सड़क मंत्री बनते ही घोटाला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 हजार करोड़ से ज्यादा पैसा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में खर्च किया गया। कहीं गड्ढे भर गए हैं क्या। जो काम समाजवादियों ने किया था।

उसको भी पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि जब से यह दिल्ली वाले आए हैं, महंगाई बढ़ाई है। इसकी कल्पना नहीं कर सकते। यह सरकार महंगाई कम नहीं कर रही है। जब महंगाई रोकनी थी, तब उन्होंने चंदा वसूलने का काम किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली जा रही है। जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं है, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है।

# कांग्रेस काल में गणेश जी की मूर्ति भी चीन से आती थी : जेपी नड्डा

एजेंसी

**सीधी :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और देश में बदलाव आया है. कांग्रेस के शासन काल में तो गणेश जी की प्रतिमा तक चीन से आती थी. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को मध्य प्रदेश के प्रवास पर हैं. उन्होंने सीधी संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार डॉ राजेश मिश्रा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा, कांग्रेस पहले राजनीति भाई को भाई से लड़ने के लिए करती थी, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा ही बदल दी.भारत के विकास की रफ्तार और आते बदलाव का जिक्र करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा, वर्तमान में ऑटोमोबाइल बाजार में भारत ने जापान को भी पीछे छोड़



दिया है, हमसे आगे सिर्फ अमेरिका और चीन है. हम तीसरे नंबर पर हैं. 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था -- मेड इन चाईना, अब इस मोबाइल पर लिखा हुआ है मेड इन इंडिया. यह फर्क है. इतना ही नहीं दुनिया में सस्ती और असरदार दवा भारत के उद्योगपति बना रहे हैं. दुनिया में निर्यात लगातार हमारा बढ़ा है. हालत यह थी कि 10 साल पहले गणेश जी भी चीन से आते थे, दिवाली के समय जो गणेश जी खरीदते थे, वह भी चीन से आते थे और यह खिलौने चीन से आते थे. आज भारत खिलौने के एक्सपोर्ट के मामले में ढाई गुना वृद्धि कर गया है. आज भारत मोबाइल के एक्सपोर्ट में, खिलौने एक्सपोर्ट में ढाई गुना वृद्धि कर गया है. कांग्रेस के गांधी परिवार पर हमला करते हुए नड्डा ने कहा, दिल्ली में बैठे हुए परिवार के लोग चाहे माताजी हों, बेटा हो, बेटी हो, इनको क्या समझ में आएगा। भारत का मूड क्या है और भारत ने किस तरह से मन बना लिया है. मुझे याद है चार महीने पहले जब मैं चुनाव प्रचार करने रीवा आया था, उस समय मुझे साफ दिखता था कि एमपी के मन में मोदी है और मोदी के मन में एमपी और आज भी मुझे दिख रहा है एमपी के मन और देश के मन में मोदी और मोदी के मन में देश और मध्य प्रदेश है.कोरोना और यूक्रेन युद्ध के बाद की दुनिया के हालात की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा, आज दुनिया में अमेरिका जैसा देश भी कोरोना और यूक्रेन-रूस के युद्ध के बाद सारे यूरोप की आर्थिक स्थिति लड़खड़ा गई है. लेकिन इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड जो आर्थिक दृष्टि से सबसे बड़ा संगठन है उसको अगर कोई उगता सूरज दिखता है तो भारत है. हम 10 साल पहले 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे आज भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद भारत 2027 में तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगा.